डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

संसेक्स 81,559.54 +375.61
डॉलर 24,936.40 +84.25
रांची सर्राफा
10 ग्राम 71,930
01 किलो 89,500

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 10 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक- 327, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 भारतीय राजनीति में प्रेम और...

# महिला सशक्तिकरण को दिया जा रहा नया आयाम

## अब तक 2.59 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया

रांची

ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजनरी सोच का परिणाम है कि 2019 से पूर्व सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में सखी मंडल की दीदी-बहनों को मिला। यही नहीं, सखी मंडल की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2013 से 2019 तक स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट लिंकेज के तहत ₹1,114 करोड़ की राशि दी गई, जबकि 2019 के बाद 30 जून 2024 तक ₹10,111 करोड़ की राशि सखी मंडल की महिलाओं को सशक्तिकरण हेतु दी गई। वहीं 2013 से 2019 तक 2.45 लाख सखी मंडल की संख्या बढ़कर 30 जून 2024 तक 2.88 लाख हो गई।



मुख्यमंत्री ने पश्चिमी सिंहभूम में कार्यक्रम के दौरान सखी मंडल को 30 करोड़ रुपये से अधिक का बैंक लिंकेज से जोड़ा

### आजीविका से जोड़ने का क्रम जारी

ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए राज्य के 26 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि, पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित जोहार परियोजना के तहत 17 जिलों के 68 प्रखण्डों के 3,816 गांव में 3,900 उत्पादक समूह एवं 21 उत्पादक कंपनियों का गठन एवं संचालन हुआ। जिसके तहत राज्य के करीब 2.25 लाख परिवारों की आय में बढ़ोतरी हुई।

### वनोत्पाद से मिल रहा लाभ

महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के जरिए भी राज्य के 2.09 लाख परिवारों को लाह, रेशम, औषधीय पौधे की खेती, ईमली, कृषि एवं पशुपालन से जोड़ा गया है। राज्य संपोषित झारखण्ड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 14,246 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30 हजार महिला-पुरुष किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

### तकनीक में निपुण हो रहीं महिलाएं

राज्य में बैंकिग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी, पशु सखी, कृषि सखी, वनोपज मित्र, आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत, करीब 80,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं का क्षमता वर्धन किया गया है।

**2019 से पूर्व सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में दिया गया**

## झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (JMMSY)



**रश्मि बुडेली, चाईबासा**
झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जो पैसा मुझे मिल रहा है, उसका उपयोग में अपनी पढ़ाई में करूंगी। झारखण्ड सरकार को धन्यवाद, उन्होंने हमें इस योजना से जोड़ा।
**हेमन्त दादा को धन्यवाद और जोहार**

**दिव्या तिवारी, विश्रामपुर, पलामू**
रक्षा बंधन पर हेमन्त भैया ने हमें उपहार दिया है। हर साल ₹12,000 प्राप्त होगा। हेमन्त भैया का आभार। यह पैसा मेरी जरूरतों को पूरा करने में सहयोग करेगा।
**हेमन्त भैया को धन्यवाद**





**रमिता रंजन, नावाडीह, चतरा**
योजना से जो पैसा मिला है और आगे जो पैसा मिलेगा, उसे अपने बच्चों की पढ़ाई में खर्च करूंगी। मेरे खाते में ₹1,000 आया है, हर साल मुझे ₹12,000 मिलेगा।
**सीएम हेमन्त जी को आभार**

**चांदनी देवी, पाकुड़**
26 अगस्त को मेरे बैंक अकाउंट में योजना का पैसा आ गया था। इस पैसे का उपयोग मैंने अपने छोटे-मोटे कार्यों में किया है। योजना में हमलोग को साल का ₹12,000 मिलेगा। महिलाओं के लिए यह बहुत अच्छी योजना है।
**हेमन्त सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद**



## अबुआ आभार हेमन्त सरकार



**मैं प्रकाश कुमार मंडल,**
धनबाद जिले का निवासी हूं। मेरा चयन पाइपलाइन इंस्पेक्टर (नगर विकास एवं आवास विभाग) में हुआ है। मैं खुश हूं, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी के प्रयास से हम लोगों को समय पर नियुक्ति पत्र मिल गया। अब मैं झारखण्ड के विकास में अपना योगदान दूंगा।
**मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...**



नियुक्ति नियमावलियों की अड़चनों को दूर कर **हजारों की संख्या में गरीब परिवार के युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई।**

निजी क्षेत्र में भी हजारों की संख्या में स्थानीय युवाओं को ऑफर लेटर मिला। वर्तमान में **हजारों सरकारी नियुक्तियां प्रक्रिया में है।**

**मैं अंकिता कुजूर,**
झारखण्ड की निवासी हूं। मेरा चयन जूनियर इंजीनियर (यांत्रिक) के लिए हुआ है। मैं खुश हूं, मुख्यमंत्री जी ने जो वादा किया था, वह ससमय पूरा किया। हमें इंतजार का अच्छा परिणाम मिला और हम सरकार के अंग बनें।
**मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...**



# महिलाओं के बड़े वर्ग को प्रभावित करेगा योजना



**सुमन देवी, बोकारो** ने कहा कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जुड़कर खुशी हो रही है। बच्चों की पढ़ाई में होने वाले खर्च में सरकार द्वारा दिए जा रहे इस राशि का उपयोग करूंगी। सुमन देवी ने कहा कि सरकार का यह प्रयास सराहनीय है। जरूरतमंद महिलाओं को झारखण्ड सरकार कई योजनाओं का लाभ दे रही है, लेकिन यह योजना, महिलाओं के बहुत बड़े समूह को प्रभावित करेगी।

जहां मैं रहती हूं, वहां की लगभग सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। रोजमर्रा की जरूरत को पूरा करने में यह राशि हम जैसी अन्य महिलाओं को काफी मदद करने वाली साबित होगी। जिससे बड़ी संख्या में महिलाओं को योजना का लाभ मिल सकेगा।

सुमन देवी ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में हर माह पैसे खर्च होते हैं, अब ₹1,000 की राशि जो झारखण्ड सरकार हम लोगों को दे रही है उससे हर माह होने वाले खर्च को हम लोग संतुलित कर पाएंगे और जीवन अच्छे से गुजर सकेगा।

सुमन देवी ने बताया कि इस योजना के संबंध में उसने अपने परिचितों को भी जानकारी दी है और वे भी इस योजना का लाभ ले चुकी हैं। सभी के बैंक खाता में ₹1,000 आ गया है।

बोकारो जिला में जगह जगह शिविर लगाकर हम महिलाओं को योजना से जोड़ा गया है। सरकार ने महिलाओं को आवेदन जमा करने और उसे भरने में काफी मदद की है। सुमन देवी ने कहा कि घर-घर प्रखण्ड कार्यालय से लोग योजना का आवेदन देकर गए थे। आवेदन जमा करने के 10 दिनों के अन्दर पैसा आ गया। योजना को लेकर जितना कहा जाए, वह कम है। एक बार फिर झारखण्ड सरकार को आभार। और विशेषकर सीएम हेमन्त भैय्या को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

**मैं बारहवीं कक्षा की छात्रा हूं। मुझे दो-दो बार - ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से ₹5-5 हजार का लाभ मिला है। हेमन्त दादा को धन्यवाद, जोहार!**

**सुशांति कुजूर, लोहरदगा**



# हम सभी कृतज्ञ हैं ...

**खूंटी** की स्नेहा कुमारी खुश है। उसे मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से आच्छादित किया गया है। स्नेहा कहती है कि राज्य सरकार से जो उसे सम्मान राशि प्राप्त हो रही है, वह उसके आने वाले कल में सहायक होगी। वह इस राशि को अपनी शिक्षा में व्यय करेगी। उसने बताया कि उसकी कई सहेलियों को भी इस योजना का लाभ मिला है और वे सभी सरकार की इस योजना का स्वागत करती हैं। हेमन्त सरकार ने जो सम्मान दिया है, इसके लिए हम सभी कृतज्ञ हैं। राज्य के मुख्यमंत्री के प्रयास से यह संभव हो पाया और हम जैसी लड़कियों को योजना का लाभ मिलने लगा है। स्नेहा ने बताया कि उसके खाते में ₹1,000 की राशि आ गई है ऐसे ही उसके जानने वालों के खाते में भी राशि आई है।

मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उसने कहा कि इस तरह की अन्य योजनाएं भी महिलाओं को सशक्त कर रही हैं। खूंटी जिले में सखी मंडल के जरिए भी महिलाएं अपनी आजीविका के मार्ग को प्रशस्त कर रहीं हैं। खेती से लेकर बैंकिंग तक में खूंटी की महिलाओं की भूमिका देखी जा रही है, मुख्यमंत्री का यह प्रयास सराहनीय है।

स्नेहा ने बताया वह अन्य महिलाओं और अपनी सहेलियों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करेगी।




# महिलाएं बनेंगी सशक्त...




**चाईबासा** प्रखंड की रहने वाली आशा रानी पूर्ति ने जब झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संबंध में जाना तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं था। सुदूर गांव में रहने के कारण उसे ऑनलाइन आवेदन जमा करने में जब परेशानी हुई तो वह निराश हो गई, लेकिन दूसरे ही दिन मुख्यमंत्री ने जब ऑफ लाइन आवेदन लेने का आदेश दिया तो रानी पूर्ति का चेहरा खिल गया। रानी ने बताया कि इसके बाद उसने सीधे पंचायत भवन जाकर अपना आवेदन जमा कर दिया।

**इससे मिलने वाले राशि का प्रयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखवाई के साथ-साथ खुद के जीवन को सशक्त करने में संबल प्रदान करेगी।**

रानी ने कहा कुछ ही दिन गुजरे थे कि उसे झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत ₹1,000 की सम्मान राशि बैंक खाते पर प्राप्त हुई है। वह बताती है, कहने को तो सरकार की सभी योजनाएं लोगों के रहन-सहन में बदलाव लाने के लिए चलाई जाती है, परंतु राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने की सोच के तहत चलाई गई यह योजना काफी सार्थक है। इससे मिलने वाली राशि का प्रयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खुद के जीवन को सशक्त करने में संबल प्रदान करेगी। राज्य के मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद और जोहार करती हूं यह योजना राज्य के सभी महिला को सशक्त बनाने में काफी उपयोगी सिद्ध होगी। हम सभी को हर वर्ष ₹12,000 की राशि प्राप्त होगी।

PR No. 335209 (IPRD) 2024-25
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### युवक लापता, परिजन चिंतित



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज से सटे बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत बसडीहा गोपाल गांव के सेवा विगहा टोला निवासी रामविलास शर्मा उर्फ मराछू का 25 वर्षीय पुत्र छोटू शर्मा करीब डेढ़ माह से लापता है। परिजन उसे आस-पास के सभी रिश्तेदारों के यहां तलाश करते हुए गढ़वा अंबिकापुर तक पहुंचे। इस संबंध में बड़े भाई जयराम शर्मा ने बताया कि छोटू शर्मा करीब डेढ़ माह पहले दिन में अंबिकापुर जाने की बात कह कर अपने घर से निकला था। परंतु वह वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन करने और गढ़वा टाउन थाना में सनहा दर्ज करने के बाद भी कहीं पता नहीं चल रहा है। ऐसे में परिजन को किसी अनहोनी की चिंता सता रही है।

### गोड़ाडीह में अबुआ आवास में 384 फॉर्म जमा किया

**मोहम्मदगंज।** गोड़ाडीह में सोमवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कैंप में अबुआ आवास योजना के लिए 384 ग्रामीणों ने फॉर्म जमा किया। इसके अलावा सर्वजन पेंशन के लिए 53, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि के 6, वृद्धा पेंशन के 4, आय प्रमाण पत्र के लिए 2 और अन्य के 24 फॉर्म जमा किया। मौके बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, मुखिया शोभा देवी, उप मुखिया नीलेश कुमार सिंह, कंप्यूटर सहायक मनोहर सहित अन्य अंचल व प्रखंड कर्मी मौजूद रहे। कैंप में बाल विकास परियोजना, पशुपालन व स्वास्थ्य विभाग के भी काउंटर लगाए गए थे। जहां विभागीय स्तर से ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराया गया। अब 11 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय में कैंप लगाया जाएगा।

### राजकीय उर्दू उमवि में चोरी, दिया आवेदन

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के राजकीयकृत उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय केवाल में बीती रात चोरों ने विद्यालय के कार्यालय कक्ष व दो अन्य कमरों का ताला तोड़कर दस कुर्सी, दो बोरा चावल, बच्चों का किट, नोट बुक खेल सामग्री, बायोमैट्रिक डिवाइस, टैब के अलावा विद्यालय का दस्तावेज चुरा लिया है। हेडमास्टर गोविंद राम ने हैदरनगर थाना में लिखित आवेदन देकर कहा है कि उन्हें सहायक शिक्षिका इशरत जहां ने सुबह इसकी सूचना दी थी। विद्यालय आने पर कार्यालय व दो कमरों का ताला टूटा पाया। उन्होंने थाना प्रभारी अफजल अंसारी से इस मामले की जांच कर दोषी चोरों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### हुसैनाबाद से पथराघाट तक सड़क निर्माण जल्द

# विभाग ने 29 किलोमीटर सड़क की निकाली निविदा : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह का प्रयास रंग लाया। चीर प्रतीक्षित हुसैनाबाद से पथराघाट तक 29.10 किलो मीटर सड़क निर्माण की निविदा निकाल दी गई है। इस संबंध में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने एक-एक सड़क पुल-पुलिया समेत जितने भी कार्य पिछले दस वर्षों से नहीं हो पाए थे। उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कराने का काम किया है। कुछ छोटी सड़कों का निर्माण नहीं हो सका होगा, तो वह भी आने वाले दिनों में होने की उम्मीद है। क्योंकि सभी का प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण हैदरनगर पंसा पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास भी दो दिनों के अंदर कर कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन्हें आज विकास नहीं दिख रहा है, वह गलत राजनीति के शिकार हो गए हैं। अगर देखना ही है तो हुसैनाबाद, हरिहरगंज, पिपरा, हैदरनगर व मोहम्मदगंज की सड़कें पुल-पुलिया विभिन्न विभागों के भवन देखें, इससे उनकी आंखें खुल जाएंगी और यह पता लग जायेगा कि विकास किसे कहते हैं। उन्होंने कहा कि पिपरा के लिए किसी विधायक ने आज तक कुछ नहीं किया। पिपरा को उन्होंने प्रखंड का दर्जा दिलाने के साथ वहां विकास के विभिन्न कार्य भी कराने का काम किया है। हुसैनाबाद से पथराघाट तक की सड़क पिपरा के लिए लाइफ लाइन हो जायेगी। इससे पिपरा के साथ-साथ हुसैनाबाद व हरिहरगंज को भी लाभ होगा।

### शौच के दौरान नदी में डूबने से वृद्ध की मौत

**हुसैनाबाद।** सोमवार की सुबह शौच करने सोन नदी किनारे गए एक वृद्ध का पैर फिसल गया। इस कारण डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना देवरी ओपी क्षेत्र के देवरी खुर्द पंचायत के सोनपुरवा गांव की है। मृतक की पहचान सरयू पासवान (60) के रूप में की गई है। इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने नदी से शव को निकाला। और इसकी सूचना देवरी ओपी के एएसआई अखिलेश यादव को दी। वे घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया। परंतु परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराने की बात कही, परिजनों द्वारा लिखित आवेदन के बाद पुलिस ने शव उनके परिजनों को सौंप दिया।

## न्यूज बॉक्स

### अनुमंडल क्षेत्रों में सभी स्वास्थ्य केंद्रों में 150 महिलाओं की हुई एएनसी जांच



**हुसैनाबाद।** सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में 150 गर्भवती महिलाओं को एएनसी जांच किया गया। इसके तहत सभी गर्भवती महिलाओं को टीडी का इंजेक्शन, बीपी, शुगर, ओजीटीटी आदि की जांच किया गया। इसी क्रम में अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में 80 और हैदरनगर अस्पताल में 70 महिलाओं को एएनसी सुविधा दी गई। इस कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को नाश्ता भी अस्पताल प्रबंधन के द्वारा उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में मुख्य रूप से डॉ. ज्योतिष कुमार, डॉ. विनेश कुमार, डॉ. विकास कुमार, प्रीती रानी, सीएचओ, अर्चना कुमारी, राजमुनी देवी, प्रभावती देवी, सुनम कुमारी, अंजली कुमारी आदि मौजूद थे।

### वज्रपात से गोल्हना में जला ट्रांसफॉर्मर, ग्रामीणों ने की शिकायत



**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र ग्राम गोल्हना में बज्रपात से गत तीन सितंबर को ही विद्युत ट्रांसफार्मर जल गया है। इसके जलने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गई है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सोमवार को सहायक विद्युत अभियंता, जपला लिखित शिकायत दी है। उन्होंने ट्रांसफॉर्मर अविलंब बदलने और बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि ट्रांसफॉर्मर के जलने से ग्रामीणों के दैनिक जीवन पर प्रभाव पड़ रहा है। आवेदन सौंपने वाले ग्रामीणों में युवा एक्टिविस्ट अंकू सिंह राणा, बच्चन सिंह (वार्ड सदस्य), संजय सिंह, राहुल सिंह, छोटू सिंह, पावस सिंह, उपेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, दीपक सिंह, अभिमन्यु सिंह, शैलेंद्र सिंह, कुश सिंह, धीरेंद्र सिंह सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के नुरु पंचायत सचिवालय के परिसर में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन नुरु पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी, पंचायत समिति सदस्य मिथलेश यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि बबलू सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर एवं फीता काटकर किया गया। जनप्रतिनिधियों ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं योग्य लाभुकों को हाथों हाथ आवेदन भी जमा करवाया। प्रखंड के विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते हुए एवं शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के निष्पादन हेतु दोपहर बाद तक हजारों आवेदन जमा भी किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड, पशुधन योजना, आयुष्मान कार्ड योजना के लगाए गए स्टॉल में आवेदकों की भारी भीड़ भी देखी गई। शिविर में नुरु पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी ने उपस्थित होकर विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुनी। मौके पर सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## 16.5 करोड़ की लागत के 30 बेड का सीएचसी भवन सीएचओ व एएनएम के भरोसे

**हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में हो रहा संचालित**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कार्यालय के पीछे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक-एक सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू और एक अन्य स्वास्थयकर्मी के भरोसे आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में संचालित हो रहा है। इसमें सीएचओ रामी किण्डो, एएनएम सुरेखा ही प्रसव से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन किया करते हैं। इसमें पदस्थापित डॉ. विनोद कुमार सिंह के स्थानांतरण के पश्चात कोई दूसरे चिकित्सक की पदस्थापना नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि 16.5 करोड़ से अधिक की लागत से बने इस 30 बेड के भव्य अस्पताल के लिए कई विशेषज्ञ डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों के पद का प्रावधान किया गया है। मगर ऐसा संभव नहीं है, तो पुर्नकालिक एक-एक स्त्री और पुरुष चिकित्सक भी उपलब्ध कराने से गंभीर हालत प्रसव पीड़ा व मरीजों बाहर जाने की नौबत कम ही रहेगी। अभी ऐसी हालत में 12 किमी हैदरनगर पीएचसी अथवा 20 किमी हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल जाना पड़ता है। वैसे, कुशलतापूर्वक संस्थागत प्रसव कराने के मामले में इस केंद्र की सीएचओ और एएनएम की दायित्व के प्रति भूमिका को सराहनीय बताया जाता है। इसके अलावा अन्य प्रकार के सामान्य बीमारियों की जांच और दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। सीएचओ ने बताया कि हर महीने में औसतन 20-25 प्रसव और 400 से अधिक सामान्य बीमारियों के मरीजों की जांच और दवा उपलब्ध कराने का काम किया जाता है। वैसे, घनी आबादी से काफी अलग और चिकित्सक की कमी के कारण प्रसव और सामान्य बीमारियों के मरीजों की पहुंच अपेक्षाकृत काफी कम हो पाती है। लोगों की इस भव्य अस्पताल भवन को लेकर यही प्रतिक्रिया होती है कि यह नाम बड़े और दर्शन छोटे और हाथी दांत वाली कहावत चरितार्थ करती है।

## पतरिया में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कई मामला ऑन द स्पॉट निपटाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** झारखंड सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को ले नावाबाजार प्रखंड के रबदा पंचायत स्थित पतरिया गांव में शिविर लगाया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत की मुखिया सुमन देवी व संचालन कनीय अभियंता शैलेश कुमार ने किया। आयोजित शिविर का उद्घाटन में विजय प्रकाश मरांडी, सीओ शैलेश कुमार, उपप्रमुख मीर खुर्शीद आलम, पंचायत समिति सदस्य निरंजन राम, उपमुखिया शैलेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जेएसएलपीएस समूह की महिलाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही अपने हाथों बनाए गए गुलदस्ता भी अतिथियों को भेंट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की और से संचालित सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इस लक्ष्य बनाकर कार्य किया जा रहा है। पंचायत में आयोजित शिविर इसी का एक अहम हिस्सा है। जहां सभी विभाग के पदाधिकारी कर्मी एक साथ बैठकर सभी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने को कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सरकार की ओर से संचालित मनरेगा, ग्रामीण विकास, कल्याण, कृषि विभाग, बाल विकास परियोजना, राजस्व भूमि सुधार, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, अबुआ आवास योजना, आपूर्ति विभाग, सर्वजन पेंशन योजना, मंईयां सम्मान योजना, पशुपालन विभाग, झारखंड अबुआ स्वास्थ्य बीमा योजना आदि की जानकारी दी। साथ हीं इसका लाभ लेने की अपील भी की। सभी विभागों से संबंधित जरूरतमंदों से आवेदन लेते हुए ऑनलाइन संधारित किए जा रहे हैं। जो समय के साथ निष्पादित किए जाएंगे। सीओ शैलेश कुमार ने कहा कि सरकार की और चलाए जा रहे सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को शिविर में लगाए गए स्टॉल के माध्यम आवेदन संग्रह कर लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। भूमि संबंधित किसी भी कार्य के लिए लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। प्रत्येक दिन अंचल कार्यालय में बैठकर कार्य किए जा रहे हैं। म्यूटेशन, ऑनलाइन, रसीद कटवाने आदि के लिए संबंध राजस्व कर्मचारी से मिलकर कार्य कराएं। शिविर में जेएसएलपीएस महिला समूह को 15 लाख रुपए का चेक दिया गया। साथ ही विभिन्न कई योजनाएं का परिसंपत्ति वितरण किया गया। मौके पर सजीवन भुइयां, प्रधान सहायक सुधीर कुमार, प्रभु राम, नीरज कुमार, निशी किरण, एटीएम सुनैना देवी, कर्मचारी निक्सन कुमार, मीणा देवी, सुमंत मेहता, प्रभु यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण शिविर में मौजूद थे।

### दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन, नीतीश अध्यक्ष मोहित सचिव बने

**हुसैनाबाद।** शहर के पटेल नगर सार्वजनिक भवन में रविवार को एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व नगर अध्यक्षा उषा देवी ने की। इस बैठक में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा भव्य व आकर्षक बनाने पर चर्चा की गई। वहीं पूर्व के पूजा समिति को सर्वसम्मति से भंग करते हुए नये व ऊर्जावान सदस्यों को प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गयी। जिसमें सर्वसम्मति से नीतीश कुमार पटेल, उर्फ गणेश को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि अजीत चौधरी को उपाध्यक्ष, तथा मोहित पटेल को सचिव एवं सह सचिव राहुल पटेल को मनोनीत किया गया। कोषाध्यक्ष सोनू पटेल, सह कोषाध्यक्ष प्रवीण पटेल को बनाया गया। इस दौरान पूजा के नवनियुक्त अध्यक्ष गणेश ने बताया कि जपला शहर में कुर्मी टोला हर वर्ष की तरह इस बार भी ऐतिहासिक पूजा में एक अलग पहचान होगी। इस 66वां वर्ष की पूजा भी मां जगदम्बा के कृपा से भव्य व आकर्षक होगा। उन्होंने बताया कि मुझे पूजा सम्पन कराने का अध्यक्ष बनाया गया है। इसकेअभिभावक सह संरक्षक के रूप में अनुज चौधरी, कामेश्वर चौधरी, उषा देवी, रामेश्वर राम, तेतरी कुंवर, वहीं पूजा शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए कार्यकारणी सदस्य के रूप में मंटू पटेल, रितेश पटेल, आकाश पटेल, निशांत पटेल, सुमित पटेल, कुंदन पटेल समेत दर्जन भर लोगों का नाम शामिल किया गया है। इस मौके पर मोहल्ला के कई लोग शामिल थे।

## लाभुक शिविर का लाभ उठाएं : सीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के ओरियाकला पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। शिविर का उद्घाटन अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, मुखिया संगीता देवी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर मिश्रा, बीएएचओ प्रमोद कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में आवेदन जमा करने को लेकर लाभुकों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में लाभुकों ने वृद्धा पेंशन, अबुआ आवास, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, पशुपालन विभाग से बकरी पालन, सुकर पालन, मंईयां सम्मान योजना को लेकर, राशन कार्ड में नाम जोड़ने संबंधित आवेदन जमा किये गए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग, पशुपालन विभाग समेत सभी विभागों के स्टॉल लगाये गये थे। स्टॉल के माध्यम से लाभूकों के आवेदन प्राप्त किये गये। जमा आवेदन को आन लाईन रजिस्ट्रेशन किया गया। मौके पर अंचल अधिकारी ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना का लाभ पहुंचाना उद्देश्य है। साथ ही उन्होंने कहा कि लोग शिविर में आकर जानकारी प्राप्त कर इस शिविर का लाभ उठायें। ओरियाकला मुखिया संगीता देवी ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर से लाभुकों को परेशानी दूर होगी। कार्यालय का चक्कर लगाने से लाभूक बचेंगे। सभी योजनाओं का लाभ एक साथ लोगों को मिल रहा है। वही शिविर में अबुआ आवास 448, आधार कार्ड में संशोधन 14, सोना सोबरन योजना से 71 धोती साड़ी, सर्वजन पेंशन योजना से 26, अन्य योजना में 181 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में स्टॉल के माध्यम से कुल 749आवेदन जमा लिये गये। कार्यक्रम के मौके पर जेएसएलपीएस बीपीएम सत्य प्रिय तिवारी, सीआई रितेश रंजन तिवारी, जनसेवक राजेश कुमार पाठक , अमीन शंकर सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शमशाद आलम सहित योजनाओं से संबंधित प्रखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मी शिविर में उपस्थित रहे।

### सड़क मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## एक सप्ताह में सड़क मरम्मत नहीं हुई, तो बड़े वाहनों का परिचालन रोका जाएगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र में जर्जर एनएच 139 मरम्मत की मांग को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में सोमवार को पुरानी बस स्टैंड के समीप लोगों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। इस दौरान राजीव रंजन ने कहा कि एनएच 139 फोरलेन सड़क का निर्माण अधूरा है। जिसके कारण बड़े वाहन शहर से होकर गुजरती है। भारी वाहनों के परिचालन के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इसके कारण हमेशा दुर्घटना होता है। आस-पास के लोग धुल से परेशान रहते हैं। वहीं प्रतिदिन लोग सड़क जाम से जुझते रहते हैं। आने वाले त्योहार को देखते हुए आवागमन में वृद्धि होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में अगर एनएच 139 की मरम्मत नहीं कराई जाती है, तो शहर से होकर बड़े वाहनों का परिचालन रोका जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में संजय जायसवाल, अजय स्वर्णकार, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, विश्वदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार, दिवाकर मिश्रा, राजीव रंजन मिश्रा, विनोद पासवान, छोटू कुमार, मो. डायमंड, शम्भू यादव, दिनेश पासवान, विजय प्रजापति श्रीकांत सिंह आदि का नाम शामिल है।

### मोहम्मदगंज ने उद्घाटन मैच में खरगड़ा को 4-1 से हराया

## पुलिस-पब्लिक के संबंध को मधुर बनाने की सार्थक पहल है प्रतियोगिता : एसडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय सिंचाई विभाग के मैदान में सोमवार से सारथी सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हो गया है। इस मौके पर उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एसडीपीओ मनोज कुमार महतो ने इस आयोजन के लिए थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी की पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि इस खेल का आयोजन पुलिस-पब्लिक रिलेशन को प्रगाढ़ और मधुर बनाने की दिशा में सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि युवाओं को भटकाव से रोकने की दिशा में उनके मानसिक और शारिरिक विकास के लिए यह आयोजन एसपी महोदया की सकारात्मक सोच की देन है। उन्होंने खेल भावना के साथ खेल खेलने का संदेश दिया। इससे पहले उन्होंने मैदान के बीच फीता काटने के बाद बॉल को किक कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। साथ में विशिष्ट अतिथि बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी और थाना प्रभारी भी शामिल थे। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय भी प्राप्त किया। थाना प्रभारी ने आगत अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर गर्मजोशी से स्वागत किया। मंच संचालन ओमप्रकाश गोप ने किया। मौके पर आरक्षी निरीक्षक सुरेश मंडल के अलावा संत मरियम स्कूल, मेदिनीनगर के संचालक अविनाश देव (माटी कला बोर्ड), दीपक कुमार तिवारी (रोटी बैंक), युवा समाजसेवी राहुल कुमार दुबे, गुड्डू पांडेय, महताब खान,परवेज अंसारी, के अलावा खेलप्रेमी शिवप्रसाद, सत्येंद्र कुमार, मनोज सिंह सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद थे।



### शुरू से अंत तक खरगड़ा पर हावी रही मोहम्मदगंज की टीम

इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मोहम्मदगंज और खरगड़ा के बीच खेला गया। इसमें मोहम्मदगंज की टीम शुरू से ही हावी रही। पांचवें मिनट में ही गोल दागकर खरगड़ा टीम के हौसले को तोड़ने को लेकर हमलावर रही। हालांकि कुछ ही देर बाद खरगड़ा की ओर से एक गोल कर जवाबी हमला किया गया। मगर आगे चलकर खरगड़ा टीम नाकाम रही। इस प्रकार मोहम्मदगंज की टीम ने 4-1 के अंतर से मुकाबले को जीतकर आगे की राह आसान कर लिया। रेफरी की भूमिका इलाके के नामचीन निवर्तमान फुट बॉलर धीरेंद्र बैठा ने निभाई। विजय ठाकुर ने पुराने अंदाज में लाइंसमैन का दायित्व निभाया। बेस्ट ऑफ ट्वेंटी टू का खिताब आरक्षी निरीक्षक सुरेश मंडल ने मोहम्मदगंज के खिलाड़ी राजा को भेंट किया। थोड़ी देर के लिए झमाझम बारिश भी हुई। इससे मौसम सुहावना हो गया था।

## पूजा स्पेशल ट्रेन परिचालन को लेकर अपीलीय प्राधिकरण में शिकायत दर्ज कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** युवा एक्टिविस्ट अंकू सिंह राणा ने सीआइसी सेक्शन में वंदे भारत एक्सप्रेस और समर पूजा स्पेशल ट्रेनों की मांग को लेकर नोडल अपीलीय प्राधिकरण से शिकायत की है। इन यात्री ट्रेनों के इस रेलखंड में परिचालन शुरू कराने को लेकर इस दिशा उनकी कोशिश चर्चा में आ गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नवीन मेल में 2 सितंबर को प्रमुखता से इससे संबंधित प्रकाशित खबर को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने इस दिशा में कोशिश शुरू की है। इस मामले में डीआरएम(डीडीयू मंडल) और जीएम (हाजीपुर जोन) से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने इन ट्रेनों की मांग को लेकर भारत सरकार के नोडल अपीलीय प्राधिकरण को शिकायत दर्ज कराया है। इसमें उन्होंने सोननगर-जपला, गढ़वा रोड वाया डाल्टनगंज, लोहरदगा-रांची रेलखंड पर वंदे भारत एक्सप्रेस, समर और पूजा स्पेशल ट्रेनों की सेवा उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग को भी पत्र लिखकर उन्होंने शिकायत में कहा है कि इस मामले में पूर्व मध्य रेलवे के उप महाप्रबंधक, हाजीपुर अभिषेक कुमार के दिए गए उत्तर से वे संतुष्ट नहीं हैं। इसी कारण उन्होंने नोडल अपीलीय प्राधिकरण से शिकायत की है। उन्होंने यह भी मांग की है कि सोननगर-गढ़वा रोड वाया डाल्टनगंज लोहरदगा के रास्ते रांची तक के सांसदों की उठाई गई आधिकारिक ट्रेन से संबंधित मांगों की सूची जो रेलवे बोर्ड से अनुमोदन के लिए लंबित है, कितनी ट्रेन मांगों को पूरा किया गया है। और पिछले समय से कितनी ट्रेनों की मांगों को कारण सहित खारिज कर दिया गया है। उन्होंने नोडल अपीलीय प्राधिकरण से जल्द से जल्द कार्रवाई करने की अपेक्षा की है। उन्होंने बताया कि इस मामले में ऑपरेटिंग विभाग से जो उत्तर प्राप्त हुआ है, इसमें बताया गया है कि ढांचागत स्थिति और रेक की उपलब्धता के अनुसार, रेलवे बोर्ड द्वारा उपरोक्त प्रकार की ट्रेनें शुरू की जा रही हैं। उनकी मांग को भविष्य के संदर्भ के लिए नोट कर लिया गया है।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 10 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-327, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 10



भारतीय राजनीति में प्रेम और सम्मान का....

**सेंसेक्स**
81,559.54 ↑ +375.61

**डॉलर**
83.954 ↑ -0.034

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 71,780
01 किलो 83,110

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## टांगी से वार कर पत्नी की हत्या, पति फरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कुंड मुहल्ला निवासी 45 वर्षीय महिला शायरा बानो की टांगी से काटकर हत्या कर दी गई। मृतका के पुत्र ने हत्या का आरोप अपने पिता शहाबु अंसारी तथा अन्य लोगों पर लगाया है। जानकारी के मुताबिक शहाबू का किसी जमीन को लेकर अपनी पत्नी से पूर्व में भी कई बार विवाद हो चुका था। विवाद बढ़ने पर पूर्व में रिश्तेदारों व मुहल्ले वाले ने मिलकर सुलह कराया था। परिवार वालों की माने तो यह घटना तब घटी जब वह अपनी पत्नी के साथ ऊपर तल्ले में था। घटना के पहले उसने अपनी बहू को किसी बहाने से नीचे भेज दिया। उसके बाद हत्या कर फरार हो गया। मृतका का बड़ा बेटा नौशाद अंसारी ऑटो चलाता है। स्टेशन पर उसकी अपने पिता से मुलाकात रात्रि एक बजे हुई थी।

**पति-पत्नी में जमीन को लेकर था विवाद**

अपने पुत्र से उसने बनारस जाने की बात कही थी। सुबह उठने के बाद परिजन ऊपर गए तो महिला को खून से लथपथ देखा। इस बाबत शहर थाने में शहाबू अंसारी के 22 वर्षीय पुत्र रियाज अंसारी ने अपने पिता पर हत्या करने का मामला दर्ज कराया। थाना में दर्ज प्राथमिकी में उसने कहा है कि वह अपनी बहन के यहां बलरामपुर गया था। वहां से सुबह 5:30 बजे उसके जीजा ने उसकी मां को कॉल किया, लेकिन कई बार प्रयास करने के बावजूद जब बात नही हुई। तब उसकी भाभी ने उसकी बहन को फोन कर बताया कि उसकी मां का गला काट दिया गया है। उन्हें लेकर अस्पताल जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक सहाबू और उसकी पत्नी दोनों संबंध अच्छे नहीं होने के कारण अलग-अलग रह रहे थे। शहाबू अपने बड़े भाई के बेटों के साथ रहा करता था। करीब 10-15 दिनों से अपनी पत्नी के पास आया और साथ रहने लगा। बीच-बीच में उसने कई बार जमीन के दस्तावेज में मांगे, लेकिन उसकी पत्नी ने इनकार कर दिया। अपने साथ बयान में रियाज ने अपने पिता शहाबू अंसारी, महबूब अंसारी के बेटे फिरोज अंसारी, अफरोज अंसारी ,इम्तियाज अंसारी ,असलम अंसारी, हजरत मियां 55 वर्ष सभी कुंड मुहल्ला, माजिद मियां उम्र 50 वर्ष नेउरा थाना चैनपुर मामला दर्ज कराया है। उसके बेटे के मुताबिक उक्त लोगों ने पूर्व से ही जमीन विवाद रहने के कारण एकमत शेष पृष्ठ 09 पर

## चार कंटेनरों से 149 भैंस जब्त वाहन चालक सहित छह गिरफ्तार

**अभियान चलाकर अवैध रूप से ले जाए जा रहे पशु तस्करों को पकड़ा जा रहा है : राकेश सिंह**



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** विश्रामपुर एसडीपीओ राकेश सिंह को मिली गुप्त सूचना के आलोक में उनके नेतृत्व में नावा बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार द्वारा चार कंटेनर पर अवैध तरीके से ले जाए जा रहे 149 भैंसों को जब्त किया गया। उनमें एक मृत भी पाया गया। झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम व पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम सहित सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए चारों वाहन चालक सहित छह लोगों को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आलोक में नावाबाजार थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ विश्रामपुर-इटको मोड़ पहुंचे। चार कंटेनर को आते देखा। पुलिस द्वारा गाड़ियों को रोकते हुए उपलब्ध सामग्री की जानकारी ली गई। साथ ही जांच के क्रम में अवैध रुप से ले जाए जा रहे पशु पाया गया। वाहन चालक सहित तस्करों द्वारा पुलिस को शेष पृष्ठ 09 पर

# सरना धर्म कोड पर कुंडली मारकर बैठा है केन्द्र: हेमंत

**सरना धर्म कोड पर कुंडली मारकर बैठा है केंद्र , जनगणना फॉर्म में सरना आदिवासी लिखने की इजाजत**

**विधानसभा चुनाव के पूर्व सत्तारूढ़ झामुमो और मुख्य विपक्षी भाजपा के बीच एजेंडा सेट करने की होड़**



**गिरिडीह।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले सत्तारूढ़ झामुमो और मुख्य विपक्षी दल भाजपा के बीच एजेंडा सेट करने की मुहिम शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहले सिपाही दौड़ में युवाओं की मौत के लिए कोरोना वैक्सीन पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि भाजपा ने इसे जबरन लोगों को लगवाया था। वहीं भाजपा झारखंड के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सिपाही दौड़ में नौजवानों की मौत को हत्या बताया और इसके लिए सीधे हेमंत सोरेन को जिम्मेदार ठहराया। अब सोमवार को मुख्यमंत्री ने गिरिडीह के गांडेय में 'आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के दौरान भाजपा के बांग्लादेशी घुसपैठ के मुकाबले सरना धर्म कोड का मुद्दा उछाला दिया। हां... इस क्रम में प्रकारांतर से उन्होंने भाजपा के आरोप की पुष्टि कर दी कि प्रदेश में आदिवासियों की संख्या कम हो रही है। मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा कि भाजपा वाले कहते हैं कि आदिवासियों की संख्या घट रही है। हम इनसे पूछते हैं कि आदिवासियों को जनगणना फॉर्म में सरना आदिवासी धर्म लिखने की इजाजत क्यों नहीं दे रहे। हमारी पहचान ही नहीं है तो हमारा गायब होना स्वाभाविक है।

जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग यहां घुसपैठिए की बात करते हैं, लव जिहाद और लैंड जिहाद की बात करते हैं। झारखंड विधानसभा से हमने आदिवासियों के लिए जनगणना में अलग धर्म कोड लागू करने का प्रस्ताव पारित पर केंद्र सरकार को भेजा, पर वे इस पर कुंडली मारकर बैठे हैं।

**राज्य में मंडरा रहे है कई राजनीतिक गिद्ध :** हेमंत सोरेन ने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि झारखंड में अगले दो-तीन महीनों में होने वाले चुनाव को देखते हुए पूरे राज्य में राजनीतिक गिद्ध मंडराने लगे हैं। कोई असम से आ रहा है तो कोई छत्तीसगढ़ से। अभी छोटे-छोटे गिद्ध आ रहे हैं। कुछ दिनों बाद बड़े-बड़े गिद्ध नजर आएंगे, जो जनता को झूठे आश्वासन परोसेंगे। कोई जाति तो कोई धर्म और कोई अगड़ा-पिछड़ा के नाम पर दिग्भ्रमित करेंगे। ऐसे गिद्धों से जनता को सावधान रहना होगा। सोरेन ने कहा कि चार साल के शासनकाल में हमारे विरोधियों ने परेशान करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। मुझे जेल में डाल दिया गया, लेकिन ये जनता का आशीर्वाद है कि मैं आपके सामने हूं।

**लेटरल एंट्री के नाम से एससी-एसटी का हक मारने की तैयारी**

झामुमो नेता ने भाजपा पर आदिवासियों-दलितों को ठगने का आरोप मढ़ते हुए कहा कि लेटरल एंट्री के नाम से आदिवासियों-दलितों की जगह पर बैकडोर से लोगों को लाने की तैयारी हो रही है। झारखंड के पिछड़ों के अधिकार में भी भाजपा ने कटौती की। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस राज्य में पिछड़ों का 27 प्रतिशत का आरक्षण काटकर 14 प्रतिशत कर दिया। हमलोग जब यहां आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने का कानून बनाकर भेजते हैं तो ऊपर बैठे लोग उसे असंवैधानिक बताकर रोक देते हैं। कभी गवर्नर रोक देते हैं तो कभी दिल्ली में बैठी सरकार। उन्होंने कहा कि हम कुछ काम करें तो असंवैधानिक हो जाता है, वो कुछ भी करें तो संवैधानिक। पहले की सरकार में राज्य के वन क्षेत्रों में रहने वालों को मात्र 1-2 डिसमिल जमीन का वन पट्टा मिलता था, हम लोग अब एकड़ की नाप से वन पट्टा बांट रहे हैं। अब लोग उस जमीन पर फलदार वृक्ष लगाएं। जब तक पेड़ रहेंगे, तब तक वो जमीन उनकी है।

## दुष्कर्म कर बीटेक छात्रा को जिंदा जलाने के दोषी को होगी फांसी

**झारखंड हाई कोर्ट ने बरकरार रखा सीबीआई कोर्ट का फैसला**

**सीबीआई विशेष कोर्ट ने 21 दिसंबर 2019 को फांसी की सजा सुनाई**

**16 दिसंबर 2016 को राहुल ने घर में घुस दिया था घटना को अंजाम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची में बीटेक छात्रा की दुष्कर्म करने के बाद हत्या करने और शव को घर में जला देने के बहुचर्चित केस में सीबीआई अदालत से सजायाफ्ता राहुल राज उर्फ रॉकी राज उर्फ अंकित उर्फ राज श्रीवास्तव उर्फ आर्यन की फांसी की सजा बरकरार रखी है। सजायाफ्ता राहुल ने निचली अदालत की सजा को निरस्त करने के लिए अपील दायर की थी, जिस पर सोमवार को हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया। रांची की इस घटना की चर्चा देशभर में हुई थी। यह वारदात 15-16 दिसंबर 2016 को हुई थी। रांची के आरटीसी इंस्टीट्यूट में बीटेक की 19 वर्षीय छात्रा बूटी बस्ती में बहन के साथ रहती थी। उसके माता-पिता भी कभी-कभी रहने के लिए आते थे। 15 दिसंबर 2016 को छात्रा मकान में अकेली थी। शाम छह बजे शेष पृष्ठ 09 पर

**मोबाइल कॉल डंप से लगाया था राहुल का पता**

इस वारदात के बाद रांची में जनता का गुस्सा फूट पड़ा था और कई दिनों तक प्रदर्शन हुए थे। बाद में मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई। एजेंसी ने करीब 300 लोगों से पूछताछ की थी। बाद में मोबाइल कॉल डंप के आधार पर राहुल का पता लगाया गया था। राहुल नालंदा के एकंगरसराय थाना क्षेत्र के घुरगांव का रहने वाला है। जांच में यह पाया गया कि वह आदतन अपराधी है। वह बूटी बस्ती में ही रह रहा था। उस पर पहले से पटना और लखनऊ में रेप के मामले दर्ज थे। सीबीआई जब राहुल की तलाश में उसके गांव पहुंची तो पता चला कि वह रेप के एक केस में लखनऊ की जेल में बंद है। एजेंसी ने राहुल की मां के खून का सैंपल लेकर डीएनए टेस्ट कराया। मृतका के शरीर से उठाए गए स्वाब और नाखून के भीतरी अंश से डीएनए मैच कर गया। बाद में राहुल को लखनऊ जेल से प्रोडक्शन वारंट पर रांची लाकर पूछताछ की गई। बाद में सीबीआई ने उसके खिलाफ चार्जशीट फाइल की। रांची स्थित सीबीआई कोर्ट ने 20 दिसंबर 2019 को उसे दोषी करार दिया था एवं मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में रखते हुए उसे 21 दिसंबर 2019 को फांसी की सजा सुनाई थी।

## एक नजर

### देश में मंकीपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि

**नई दिल्ली।** देश में मंकीपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि हो गई है। एक दिन पहले ही संदिग्ध मरीज को अस्पताल में आइसोलेट किया गया था। उसके सैंपल की जांच में एमपॉक्स वायरस की पुष्टि हुई है। ये जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि वह इस मामले पर कड़ी नजर बनाए हुए है और लोगों को नही घबराने की सलाह दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इस मरीज को अस्पताल में आइसोलेशन और कड़ी निगरानी में रखा हुआ है और फिलहाल मरीज की हालत स्थिर है।

### नौशेरा सेक्टर में घुसपैठ कर रहे दो आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना ने आतंकियों के घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में सोमवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश के दौरान दो आतंकवादी मारे गए। भारतीय सेना ने कहा कि घुसपैठ की संभावित कोशिश के संबंध में खुफिया एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के इनपुट के आधार पर, सेना द्वारा 8 और 9 सितंबर की मध्यरात्रि को सामान्य क्षेत्र लाम, नौशेरा में एक घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है और अब तक दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में युद्ध में उपयोग किए जाने वाले सामान बरामद किए गए हैं।

## आज | कल




## मासस का भाकपा माले में हुआ विलय

**धनबाद।** मार्क्सवादी समन्वय समिति का सोमवार को भाकपा माले में पूरी तरह से विलय हो गया। दोनों पार्टियों में कई दिनों से विलय की प्रक्रिया चल रही थी, जिसके बाद सोमवार को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में दोनो पार्टियों की ओर से आयोजित एकता रैली कार्यक्रम में विलय का ऐलान कर दिया गया। कार्यक्रम में भाकपा माले से सांसद, विधायक सहित पूरे देश से कई बड़े नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए तो वहीं मासस के केंद्रीय अध्यक्ष आनंद महतो, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी सहित कई नेता और कार्यकर्ता इसमे सम्मलित हुए। इस दौरान गोल्फ ग्राउंड में हजारों की संख्या में दोनों ही पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। एकता रैली को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि मासस के भाकपा माले में विलय और यह एकता रैली नया इतिहास लिखने जा रही है। इस एकता रैली से झारखण्ड आगे बढेगा। वर्तमान परिदृश्य में बीजेपी सामने है। 2024 के लोक सभा चुनाव में मोदी सरकार को बेदखल करने का जबरदस्त प्रयास हुआ और बीजेपी को भी लग चुका था कि उनका सफाया तय है। यूपी में बीजेपी की जो स्थिति बनी वह सभी के सामने है। बीजेपी जल जंगल जमीन ही नही वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर भी कब्जा करना चाहती है। जिसके लिए बिल लेकर आई पर उसे पास नही करा सकी। बाद में जॉइंट पार्लियामेंट में भेजा है। पहले कोयला उद्योग में राष्ट्रियकरण का दौर था आज निजीकरण के दौर पर है। यह एकता रैली निजीकरण के खिलाफ है, निजीकरण, कोरपोरेट और बेरोजगारी के खिलाफ है। भाकपा माले के आरा के सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि आज पूरे देश के लिए ऐतिहासिक दिन है। वाम विचारधारा की दो बड़ी पार्टी का आज विलय हुआ है। इससे वामपंथी मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत हो रहा है। हमलोग मिलकर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। मासस के निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि आज धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में एक बार फिर इतिहास बना।

**धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजित एकता रैली कार्यक्रम में विलय का ऐलान किया गया**

## पीएम के जन्मदिन पर 17 से दो अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' मनाएगी भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को भाजपा देशभर में बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी कर रही है। भाजपा ने पीएम मोदी के जन्मदिन, 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक देशभर में बड़े पैमाने पर 'सेवा पखवाड़ा' मनाने की योजना बनाई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक टीम का भी गठन किया है। इसका संयोजक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को बनाया गया है। पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, हरीश द्विवेदी, राजीव चंद्रशेखर, नीरज शेखर और अपराजिता सारंगी को टीम का सदस्य बनाया गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में देशभर में मनाए जा रहे 'सेवा पखवाड़ा' के तहत सभी राज्यों को पत्र लिखकर, राज्य, जिला और मंडल स्तर पर इसी तरह नेताओं की टीम बनाकर यह पखवाड़ा मनाने का निर्देश दिया है। भाजपा पीएम मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी, ब्लड बैंक और अन्य सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर देशभर में जिला स्तर पर ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करेगी। इस तरह के कैंप 18 और 19 सितंबर को भी लगाए जाएंगे। 18 सितंबर से 24 सितंबर तक, देशभर में स्कूलों और अस्पतालों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। पेरिस पैरालंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के सम्मान के लिए राज्य स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने और इसमें अन्य खिलाड़ियों को भी आमंत्रित करने को कहा गया है।

## इंडिया

## आत्महत्या निदान नहीं और हम भी बचा सकते हैं अमूल्य जीवन

देश के साथ झारखंड में भी आत्महत्या एक बड़ी घटना नहीं रह गई है क्योंकि



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

आज के वैश्विक मीडिया के युग में हर दिन आत्महत्या की खबर कहीं न कहीं की होती है जो चिंताजनक है क्योंकि हर समाचार हमारे अमूल्य मानव संसाधन का नुकसान है। देश अगर आगे बढ़ रहा है झारखंड भी आगे बढ़ा है तो आत्महत्याएं क्यों हो रहीं हैं? 2019 में एक वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार, 77% से अधिक आत्महत्या की घटनाएँ निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हुईं। भारत में, 2014-2021 के दौरान किए गए एक अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, 2014 की तुलना में, अध्ययन के अंत (2021) में आत्महत्या करने वाले अधिकांश लोग वृद्धावस्था के लोग (60 वर्ष से ऊपर; पुरुष 54.7%; महिलाः 33.6%) और उभरती हुई वयस्कता (18-29 वर्ष के बीच; पुरुष 38.8%; महिलाः 6.1%) थे, जहां वैवाहिक विवाद या असफलता कारक था । अविवाहित लोगों (पुरुष 51.7%; महिलाः 23.2%) ने वर्तमान में विवाहित लोगों (पुरुष 35.7%; महिला 6.0%) की तुलना में आत्महत्या के अधिक मामले दर्ज किए गए । 2014 और 2021 के बीच पुरुषों (दैनिक वेतन भोगियों) में आत्महत्या से होने वाली मौतों में 170.7% की वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप 2021 में पुरुषों के लिए आत्महत्या मृत्यु दर 34.6 और महिलाओं के लिए 13.1 रही। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि मैट्रिक तक पढ़ाई करनेवाले सबसे अधिक आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या करनेवालों में करीब 24 फीसदी इसी श्रेणी के होते हैं। यह समय पढ़ाई और काम के दबाव का होता है। लोगों में पढ़ाई और नौकरी मिलने का दबाव होता है। 2022 में एक अन्य शोध अध्ययन में बताया गया कि सात आत्महत्या रोकथाम कार्यक्रमों ने आत्महत्या की दर को प्रभावी ढंग से कम किया। सबसे अधिक आत्महत्याएं उतराखंड 82.8% में थीं जबकि झारखंड 30.5% में थीं । इस वर्ष 2024 विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की थीम 'आत्महत्या के कथन में बदलाव' है, जो कि 'बातचीत शुरू करें' कार्रवाई के आह्वान के साथ एक त्रिवार्षिक थीम (2024-2026) तक चलेगी । यह थीम आत्महत्या को रोकने के लिए कलंक को




कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। मनोवैज्ञानिक डॉ भूमिका सच्चर का कहना है कि ज्यादातर आत्महत्या का कारण डिप्रेशन होता है। जबकि कोई भी परेशानी कुछ समय या कुछ दिनों के लिए आती है और कोई न कोई रास्ता निकल जाता है। अगर कोई बार-बार नकारात्मक बातें करे, तो उनको के समझाने के साथ मनोचिकित्सक से सलाह लेने में संकोच नहीं करनी चाहिए। छोटे होते परिवारों में व्यस्तता के कारण समझने की फुर्सत किसी को नहीं होती जबकि संयुक्त परिवारों में दादी चाची ये भूमिका निभाती थीं। हताशा के बड़े कारणों की बात करें तो पाएंगे कि कहीं न कहीं दिखावा भरी जिंदगी, स्वयं का सही आकलन नहीं करना और असंभव लक्ष्य की प्राप्ति जैसे कारण संपन्न परिवारों के होते हैं जबकि पारिवारिक उलझनें, प्रेम में धोखा, अवैध संबंध और लगातार असफलता जैसे कारण कॉमन हैं जो सभी में लागू होते हैं जबकि रोज कमाने खाने वाले या निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों में शहर कमाने जाने वाले पुरुषों का अपने परिवार का ध्यान न रखना पत्नी को छोड़ देना या पड़ोसी या गांव वालों की प्रताड़ना जैसे कारण होते हैं जो पंचायत स्तर या थाने के स्तर पर नहीं सुलझाए जाने के कारण आत्महत्या तक पहुंच जाते हैं। सरकारें विकास के जो भी दावे करें पर आत्महत्या उनकी विफलता का प्रतीक है। समाज में आर्थिक भेदभाव का मूल कारण राजनैतिक है। वोट बैंक के लिए समाज के कुछ लोगों को योजनाओं में प्राथमिकता से लेकर उनके कुकृत्य तक की अनदेखी और पुलिस या प्रशासन का भेदभाव भरा रवैया इसके मूल में होता है। आत्महत्या करने वाला कोई भी नागरिक यदि अपने अमूल्य जीवन को व्यर्थ और मृत्यु को ही शांति का मार्ग मान ले तो यह समाज, सरकार और सिस्टम के लिए शर्म और आत्मचिंतन का विषय है। कोई अपना इलाज नहीं करा पा रहा, कोई लाचार महिला अपने बच्चों के साथ कुएं में कूदकर जान दे रही है, कोई युवा नौकरी या असफलता से हताश होकर ट्रेन के आगे कूद रहा है,प्रेम में असफल हो रहा है या महिला पारिवारिक प्रताड़ना से परेशान होकर फांसी लगा रही है या कोई बुजुर्ग जहर खा रहा है तो हम सभी दोषी हैं जो मूक दर्शक बने हुए हैं। इसके मूल में जो कारण हैं उन्हें दूर करना जरूरी है। इसके लिए परामर्श का नंबर 104 भी है जिसपर 24 घंटे बात की जा सकती है। यदि कोई निराश है तो उसे सांत्वना देकर या मनोचिकित्सक से परमर्श दिलाकर हम भी एक जान बचा सकते हैं।

**आज से फिर शुरू होगी उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़**

## 14 हजार अभियार्थी दौड़ में लेंगे हिस्सा, चियांकी में दौड़ नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड उत्पाद सिपाही बहाली दौड़ में 14 अभियार्थियों की मौत के बाद मंगलवार(10 सितंबर) से एक बार फिर दौड़ शुरू होने जा रही है। इसमें 14 हजार अभियार्थियों के बीच दौड़ प्रतियोगिता होगी। बताते चलें कि पलामू के चियांकी एयरपोर्ट स्थित केंद्र पर अब बाकी की बची हुई शारीरिक दक्षता की परीक्षा नहीं होगी। इस केंद्र में जो बाकी बची हुई परीक्षा 9 सितंबर को होनी थी, वह अब बाकी के छह चयन पर्षद के केंद्रों पर ली जाएगी। यह परीक्षा 19-20 सितंबर को ली जाएगी। बता दें कि बीते 22 अगस्त को उत्पाद सिपाही की दौड़ शुरू हुई थी। 2 सितंबर को बहाली होनी थी। लेकिन 14 अभियार्थियों की मौत के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस बहाली पर रोक लगा दी थी। इस दौड़ मे 5 लाख 13000 अभियार्थियों ने आवेदन दिया था। जिसमें कुल 4 लाख अभियार्थियों की दौड़ की प्रक्रिया समाप्त हो गई थी। 1 लाख 87 हजार 704 लोगों ने दौड़ मे हिस्सा लिया था जिसमे 1 लाख 17 हजार 31 अभियार्थी सफल हुए थे। अभी 14 हजार अभियार्थियों की दौड़ बाकी है। जांच के दिए गए निर्देश पिछली बार हुई दौड़ में 14 अभियार्थियों के मौत का कारण अब तक साफ नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का सब इंतजार कर रहे हैं। लेकिन ऐसा माना जाता है की अचानक हृदय की गति रुक जाना भी मौत का कारण हो सकता है। ऐसा लंबे समय से बीमार चल रहे लोग या फिर फेफड़ों में किसी तरह के संक्रमण के कारण होती है। इस बार सभी अभियार्थियों को निर्देश दिए गए हैं की वे लोग डॉक्टर से सलाह लेने के बाद ही दौड़ मे हिस्सा लेंगे। अगर किसी को भी ऐसा लगता है की उनके हृदय की गति बढ़ी हुई है, तो वे पहले अपने डॉक्टर से सलाह लेंगे उसके बाद ही दौड़ में हिस्सा लेंगे। हर एक परीक्षा केंद्र पर ऑक्सीमीटर और बीपी की मशीन मौजूद रहेगी।

## एक नजर

### छः मुहान पर चला सघन वाहन जांच अभियान

**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद द्वारा छः मुहान पर विभिन्न वाहनों की जांच की गई। जिसमें कई बाइक सवार बगैर हेलमेट तथा कई ट्रिपिंग लोडिंग होने की वजह से पकड़े गए। वाहन जांच के दौरान बिना लाइसेंस और नो पार्किंग में सवारी उठा रहे 4 ऑटो को पुलिस ने जब्त किया है। हेलमेट ना पहने तथा ट्रिपल लोडिंग के कारण 15 मोटरसाइकिल को थाने में रखा गया है। कुल 19 गाड़ियों का चालान करते हुए सीजेएम कार्यालय में फाइन हेतु भेज दिया गया। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि लगातार सघन वाहन जांच अभियान जारी रहेगा।

### आपसी सहयोग से चेरो उत्थान संभव

**मेदिनीनगर।** प्रखंड के सुआ पंचायत सचिवालय में चेरो जनजातीय महासंघ पलामू जिला इकाई सदर प्रखंड कमेटी की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ राजा मेदिनीराय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उपाध्या सिंह व संचालन हृदया सिंह चेरो ने किया। बैठक में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह, चेरो समाज के मार्गदर्शक भरदुल सिंह, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हृदया सिंह चेरो, जिला पार्षद बासो देवी, मेदिनीनगर उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो, सुआ मुखिया दुलारी देवी,मेदिनीनगर प्रखंड के दिनेश कुमार सिंह, अजीत सिंह, उमेश कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, मानदेव सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, राजमणि देवी, अनिता देवी, मीणा देवी, रौशन सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

### पूर्व मंत्री आज से करेंगे प्रतिज्ञा यात्रा की शुरूआत

**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने डालटनगंज परिसदन भवन प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने बताया कि से कॉग्रेस पार्टी के द्वारा प्रतिज्ञा यात्रा का शुभारंभ होगा और 1 अक्टूबर को इसका समापन होगा। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रतिनिधि के द्वारा उनके कार्यकाल में एक भी बड़े कार्य नही किये गए है।

**जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद ने की कई विभागों की समीक्षा**

# बस स्टैंड को छह मुहान से बैरिया शिफ्ट करने का निर्णय



- योजनाओं के धीमी गति पर सांसद ने जतायी नाराजगी
- भूमि संरक्षण विभाग को अधिक तालाब देने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा)की सोमवार को समाहरणालय के सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता मे संपन्न बैठक में आम लोगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जलजीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल सहित अन्य योजनाओं की धीमी प्रगति पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही पिछली बैठक में दिए गए निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर भी चर्चा की। सांसद ने संबंधित अधिकारियों से सवाल-जवाब भी किया। भूमि संरक्षण विभाग के पदाधिकारियों को आवेदन लेकर अधिक लोगों को तालाब देने का आदेश दिया। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत लाभुकों को आवास निर्माण के लिए अब 2 लाख रुपए मिलेगा। जिसके तहत विभिन्न प्रखंडो को आवश्यकता अनुसार बजट दिया जा चूका है। संबंधित पदाधिकारियों को आवास निर्माण द्रुत गति से कराने के लिए सांसद ने आदेश दिया। समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कमियों को लेकर अध्यक्ष को अवगत कराया। जिस पर अध्यक्ष ने लक्ष्य आधारित कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। पलामू मे प्रतिवर्ष घट रहे लिंगानुपात पर चिंता जताते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में और अधिक प्रचार-प्रसार करने का आदेश दिया। जिससे भ्रूण हत्या पर रोक लगाई जा सके। सदर अस्पताल की गंदगी व मरीजों को मिल रहे अगुणवत्ता पूर्ण भोजन पर भी सवाल उठाया गया। जेएसएलपीएस के महिलाओं को दीदी कैंटीन योजना के तहत कैंटीन चलाने का प्रस्ताव रखा गया। सांसद ने सदर अस्पताल में लग रहे वाहन पार्किंग चार्ज को हटाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि परिजन आपातकाल में अपने मरीज को लेकर पहुंचते हैं, परंतु पार्किंग वाले वहां तुरंत पैसा मांगने पहुंच जाते हैं। परिजन पहले पार्किंग पर्ची कटायेंगे या मरीज को भर्ती करवाएंगे। पार्किंग शुल्क दो घंटे बाद लेने के लिए संबंधित विभाग को आदेश दिया गया। मौके पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह, उपायुक्त पलामू शशिरंजन, पुलिस अधीक्षक पलामू रीष्मा रमेशन, स्थानीय विधायक अलोक चौरसिया, पांकी विधायक शशिभूषण मेहता, विधायक प्रतिनिधि, विभिन्न प्रखंडो के प्रमुख व संबंधित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**शहरवासियों को जाम से मिलेगी मुक्ति**

बैठक में सांसद विष्णु दयाल राम ने बस स्टैंड को छहःमुहांन से बैरिया शिफ्ट करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड को शहर से दूर रखा जाये ताकि आवश्यक रूप से लगने वाले जाम से शहरवासी को मुक्ति मिल सके। इस पर डीसी ने मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन को बस स्टैंड को बैरिया में शिफ्ट करने को लेकर आ रही सभी अड़चनों को दूर करते हुए बस स्टैंड को बैरिया में शिफ्ट करने की बात कही।

**इन विभागों की समीक्षा की गई**

दिशा की बैठक में सांसद वीडी राम ने मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना,राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, पीएम फसल बीमा योजना आदि की समीक्षा की।

## शिक्षा से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव : डीईओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन पाटन द्वारा कुड़वा में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू दुर्गानंद झा, विशिष्ट अतिथि पाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरिप्रसाद ठाकुर, संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर पाटन प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार एवं संगठन के पूरी टीम ने सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा के स्तर का गिरना एक चिंतनीय विषय है। उन्होंने निजी विद्यालय के संचालकों से आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षा दान महादान है। यदि कोई अभिभावक या विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर है तो उसे शिक्षा से वंचित नहीं रखा जाना चाहिए। निजी विद्यालय ऐसे विद्यार्थियों के लिए विशेष राहत कोष के पैकेज बनाकर अपने क्षेत्र से आने वाले कमजोर विद्यार्थियों को भी शिक्षा देने का काम करें जिससे सुसंगठित समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने निजी विद्यालयों को निर्देश देते हुए कहा कि यूडायस प्लस एवं ई विद्या वाहिनी जैसे कार्यों को ससमय निष्पादन करें एवं सरकारी कार्यालय का भी सहयोग दें। मौके पर कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नंदकिशोर भारती, रमाकांत मेहता, आफताब आलम, मुकेश अग्रवाल, अजय श्रीवास्तव, आनंद कुमार, सतीश अग्रवाल, श्रीकांत यादव आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

**कौड़िया में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन**

## अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना का लाभ पहुंचाना उद्देश्यः शीतल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के कौड़िया पंचायत सचिवालय में सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह, उप प्रमुख शीतल सिंह, पंसस अजीत सिंह, राष्ट्रीय चेरो जनजाति महासंघ के अध्यक्ष उपाध्याय सिंह, सुरेंद्र सिंह चेरो, उप मुखिया प्रमोद राम, ब्लॉक नाजीर सुनील कुमार, शिक्षक रविंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में आवेदन जमा करने को लेकर लाभुकों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में लाभुकों ने वृद्धा पेंशन, अबुआ आवास, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, पशुपालन विभाग से बकरी पालन, सुकर पालन, मंईयां सम्मान योजना को लेकर, राशन कार्ड में नाम जोड़ने संबंधित आवेदन जमा किये। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग, पशुपालन विभाग समेत 12 स्टॉल लगाये गये थे। स्टॉल के माध्यम से लाभुकों का आवेदन प्राप्त किये गये। जमा आवेदन को ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। मौके पर उप प्रमुख शीतल सिंह ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना का लाभ पहुंचाना उद्देश्य है। शिविर में आकर जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें। कार्यालय का चक्कर लगाने से लाभुक बचेंगे। शिविर में ही सभी योजनाओं का लाभ एक साथ लोगों को मिल रहा है। शिविर में स्टॉल के माध्यम से कुल आठ सौ आवेदन जमा लिये गये। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रानी, शोभा कुमारी देवी, पंकज कुमार, कंचन कुमारी, आपरेटर जितेंद्र कुमार, संदीप, अरमान, नोडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, प्रभाकर, लीना अग्रवाल, अनामिका, वार्ड सदस्य सुरेंद्र सिंह चेरो, कमलेश सिंह समेत काफी संख्या में लाभूक उपस्थित थे।

### सफाईकर्मियों की हड़ताल को अनदेखी न करे सरकार : भाकपा

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह एवं पलामू जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने बयान प्रसारित कर कहा कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के कर्मचारी जो हड़ताल पर बैठे हुए थे, उनकी लगभग मांगों को पूरा करके कुछ ना कुछ वादा पूरा कर दिया। जो एक सार्थक पहल है वहीं दूसरी हो नगर निगम एवं नगर परिषद के सफाई कर्मी जो आज एक महीने के करीब से अपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे हुए हैं लेकिन उनकी बातों को अनसुनी करना गरीबों एवं समाज के सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति सफाई कर्मियों के साथ अन्याय है।

## पलामू के साहित्य व साहित्यकारों पर किया जाएगा शोध



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 52वीं कड़ी में पलामू का साहित्य व विषय पर आयोजित परिचर्चा का आयोजन किया गया। मौके पर जगजीवन प्रजापति एवं जीवनबंधु प्रजापति को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उन दोनों भाइयों ने राधा कृष्ण प्रजापति की पांडुलिपियों को संभाल कर रखा है। उनके द्वारा किए गए इस कार्य से पलामू का साहित्य समृद्ध होगा। दोनों भाइयों ने जो इस कार्य को किया है पलामू के साहित्य के लिए महत्वपूर्ण

### मलय नदी में डूबने से मासूम की मौत

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के बड़का पत्थर स्थित मलय नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक 4 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई जबकि दो बच्चे बाल-बाल बच गए। बच्चे की मौत से गांव मातम छाया। मासूम की पहचान शिव मांझी का पोता एवं रविंद्र पासवान का पुत्र रुद्र कुमार के रूप में हुई है। परिजनों और आसपास के लोगों ने बच्चे को कब्र में दफना दिया है।

## सरकार की रवैये से क्षुब्ध झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का मशाल जुलूस आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का समीक्षात्मक बैठक परिसदन भवन सोमवार को प्रमंडलीय अध्यक्ष बिकेश शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। मौके पर केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि झारखण्ड बंद राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को बदल देगी। सरकार ने आंदोलनकारियों के विषय को हासिये पर रखा है। राज्य के एक लाख आंदोलनकारी सरकार को अगामी चुनाव में सबक सिखायेंगे। बैठक में प्रमोद सोनी, सुलेमान अंसारी, महेंद्र सिंह चेरो, संजय गुप्ता, सरजू भुइयां, लव कुमार तिवारी, भरदुल भुइयां, श्याम लाल सिंह, राम नरेश ठाकुर, शंखनाथ सिंह, मनेश उरांव, नलिन बर्मा, राम नरेश यादव, दाउद करकेटा, अरुण कुमार दुबे, पृथ्वी नाथ मेहता समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### टिकट चेकिंग अभियान में 33 यात्रियों से 9055 रुपये की फाईन वसूली




**मेदिनीनगर।** रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी प्रज्ञेश निगम के नेतृत्व में सोमवार को डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर टिकट जांच अभियान चलाया गया है। इस दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले 33 यात्रियों को पकड़ा गया। उन सभी से फाईन के रूप में 9055 रुपया की वसूली की गई। बता दें कि यह अभियान राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत चलाया जा रहा है। 28 नवंबर को रेलवे कोर्ट डालटनगंज में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। उस दिन लोग अपने रेलवे संबंधी मामलों को रेलवे दंडाधिकारी के माध्यम से रख सकते हैं।

### गतका में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**मेदिनीनगर।** शहर के नावाटोली स्थित नामधारी गुरुद्वारा में सोमवार को खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पलामू गतका संघ के अध्यक्ष सोनू नामधरी, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष गुरवीर सिंह, प्रदीप नारायण, बबलू चावला, मन्नत बग्गा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सहसचिव दीपेंद्र सिंह व अमरेश कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर जिला अध्यक्ष सोनू नामधारी ने कहा कि 8 वीं नेशनल गतका चैंपियनशिप में पलामू जिला से 27 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झारखंड की झोली में 7 मेडल दिए है। सभी खिलाड़ी इसी तरह निरंतर मेहनत करते रहे और झारखंड एवं पलामू जिले का नाम रोशन करते रहें। जिला उपाध्यक्ष गुरवीर सिंह ने कहा कि पंजाब जैसे विकसित राज्य में जाकर पंजाब का पारंपरिक खेल गतका में मेडल जीतना यह बहुत बड़ी खुशी की बात है। पलामू जिला के तमाम खेल प्रेमी खिलाड़ियों पर फक्र महसूस कर रही है। जिन खिलाड़ियों ने जीता है उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं और जिन खिलाड़ियों ने कुछ पॉइंट की वजह से प्रतियोगिता में मेडल नहीं अपने नाम नहीं कर पाएं हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उस टूर्नामेंट की तैयारी शुरू करें ताकि एसजीएफआई जैसे नेशनल टूर्नामेंट में मेडल जीत कर खेलो इंडिया में अपना सिलेक्शन करवा सकें। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में आर्यन पांडेय, अतुल सिंह, रिशु राज दांगी, प्रियांशु कुमार, अनामिका मेहता, चांदनी कुमारी, पीहू कुमारी। कार्यक्रम स्थल पर पलामू जिला के गतका खिलाड़ी व अभिभाव मौजूद थे।

### प्रत्येक बूथ सशक्त व सुदृढ़ करें : शिवकुमार मिश्रा



**मेदिनीनगर।** बूथ सशक्तिकरण अभियान एवं सत्यापन को लेकर मेदिनीनगर मंडल के वार्ड नंबर 1 शक्तिकेंद्र भीष्म नारायण कॉलेज हमीदगंज बूथ संख्या 152, 153, 154 में भाजपा बूथ कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक नंदलाल प्रसाद उर्फ ठठन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बूथ कमेटी सदस्यों के साथ-साथ मुहल्ले वासियों ने भी भाग लिया। पूर्व गठित बूथ कमेटी मे 10-10 युवा कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी विचारधारा से जुड़े कुछ बहुत पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी जोड़ा गया। आने वाले दिनों में इन्हें भी पार्टी कार्यक्रमों की जवाबदेही व युवा कार्यकर्ताओं को पन्ना प्रमुखों की जिम्मेवारी दी जाएगी। बैठक में उपस्थित भाजपा के वरीय नेता शिवकुमार मिश्र ने कहा कि पार्टी का स्पष्ट निर्देश है कि प्रत्येक बूथ सशक्त व सुदृढ़ हो। इसके लिए हर एक कार्यकर्ता मुहल्ले के प्रत्येक मतदाताओं के घर जाकर संपर्क स्थापित करें और उन्हें केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्य व उपलब्धियां को बताएं। पार्टी विचारधारा से जोड़ें ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में बूथों पर अधिक से अधिक समर्थक मतदाता अपने लोकतांत्रिक जिम्मेवारी व कर्तव्य के साथ अपने मतदान का प्रयोग कर सकें। कार्यक्रम में शंकर सिंह, किशन मखड़िया, श्याम नारायण सिंह, महेंद्र सिंह, बंसी सिंह, अजय चौधरी, लखन राम, मदन राम, सरजू चंद्रवंशी, कुंडल सिंह, अशोक प्रसाद, विजय मिस्त्री, मिथिलेश पासवान, रामनिवास सिंह, विकास सिंह, कुंडल सिंह, ओमप्रकाश, परमेश्वर प्रसाद, दीपक सोनी, सतीश सिंह, चंदन कुमार, अशोक कुमार, विश्वनाथ सिंह, सीपी सिंह, राजेंद्र सिंह, सोमनाथ तिवारी, अजय सिंह, मुरारी राम, नकुल प्रसाद, नरेश राम, रूपेश सिंह, अभय सिंह, गुलशन तिवारी, नितेश कुमार, राजू सिंह, नीलम देवी, मनोरमा देवी व अन्य मुहल्ला वासी मौजूद थे।

### गणेश पूजा महोत्सव में उमड़ रही भक्तों की भीड़



**मेदिनीनगर।** गणेश चतुर्थी को समर्पित श्री लाल बागचा राजा गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन पंचमुहान द्वारा भव्य तरीके से किया गया है।यह महोत्सव की शुरूआत 7 सितंबर से भगवान गणेश की पूजा अर्चना के साथ हुई है।संघ द्वारा इस महोत्सव का आयोजन हर साल किया जाता है।पूर्व में यह महोत्सव 5 दिनों तक चलता था। परंतु विगत तीन वर्षों से इसका आयोजन ग्यारह दिन तक किया जाता है। गणेश पूजा महोत्सव के अध्यक्ष संजय कोडग ने बताया कि दस दिनों तक लगातार गणेश जी का महाप्रसाद भंडारा के रूप में भक्तों को बांटा जाएगा। भंडारा का आयोजन हर एक संध्या तीन बजे किया जाता है। भंडारे के बाद भजन संध्या का आयोजन भी किया जाता है जिसमे भक्तों की काफी भीड़ उमड़ रही है।महोत्सव के दौरान महाराष्ट्र से आए ग्रुप भी अपने छोटे-मोटे कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लेते हैं।

**पितृ देवो भव : 17 सितंबर से शुरू हो रहा है पितृपक्ष**

# पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए किए जाते हैं तर्पण का कार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हिंदू धर्म में पितृपक्ष का विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार, पितृपक्ष के दौरान पितरों की मुक्ति और मोक्ष की प्राप्ति के लिए उनके परिवार के लोग तर्पण, पिंडदान, श्राद्ध आदि करते हैं। ऐसा करने से पितृ सुख-समृद्धि, धन-वैभव का आशीर्वाद देते हैं। पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास के पूर्णिमा तिथि के साथ पितृपक्ष आरंभ हो जाते हैं, जो आश्विन मास की अमावस्या तिथि को समाप्त हो जाते हैं। बिहार में फल्गू नदी के किनारे गया पितृपक्ष के दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंड दान किया है।

**पितृ पक्ष का महत्व**

हिंदू धर्म के अनुसार, हमारे पूर्वजों की तीन पीढ़ियों की आत्माएं स्वर्ग और नरक के बीच पड़ने वाले पितृलोक में निवास करती है। इस जगह पर यमराज का शासन है। ऐसे में जो भी व्यक्ति मरता है उसे यमराज पितृलोक ले जाते हैं। ऐसे में जब किसी परिवार में कोई व्यक्ति मरता है, तो पहली पीढ़ी स्वर्ग या फिर नरक जाती है। ऐसे में पितृपक्ष के दौरान इन तीन पीढ़ियों का श्राद्ध कर्म किया जाता है। मान्यता है कि पितृपक्ष के दौरान पितरों का तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म किया जाता है, जिससे पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। इस पूरे महीने पितर धरती पर ही वास करते हैं। ऐसे में उनके परिवार जन विभिन्न तरीके से अपने पितरों को प्रसन्न करते हैं। इस दौरान अगर आपकी कुंडली में पितृदोष है, तो इस माह कुछ उपाय करना लाभकारी सिद्ध हो सकता है।

**श्राद्ध 2024 की सभी प्रमुख तिथियां**

- पूर्णिमा का श्राद्ध 17 सितंबर 2024
- प्रतिपदा का श्राद्ध 18 सितंबर 2024
- द्वितीया का श्राद्ध 19 सितंबर 2024
- तृतीया का श्राद्ध 20 सितंबर 2024
- चतुर्थी का श्राद्ध 21 सितंबर 2024
- पंचमी का श्राद्ध 22 सितंबर 2024
- षष्ठी और सप्तमी का श्राद्ध 23 सितंबर
- अष्टमी का श्राद्ध 24 सितंबर 2024
- नवमी का श्राद्ध 25 सितंबर 2024
- दशमी का श्राद्ध 26 सितंबर 2024
- एकादशी का श्राद्ध27 सितंबर 2024
- द्वादशी का श्राद्ध, मघा श्राद्ध 29 सितंबर
- त्रयोदशी का श्राद्ध 30 सितंबर 2024
- चतुर्दशी का श्राद्ध 1 अक्टूबर 2024
- सर्वपित अमावस्या 2 अक्टूबर 2024

**कब से आरंभ हो रहा पितृपक्ष**

हिंदू पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास की पूर्णिमा तिथि 17 सितंबर को सुबह 11 बजकर 44 मिनट से आरंभ हो रही है, जो 18 सितंबर को सुबह 8 बजकर 4 मिनट पर समाप्त हो ही है। ऐसे में पितृपक्ष का आरंभ 17 सितंबर से हो रहा है। इसके साथ ही आश्विन मास की अमावस्या तिथि 1 अक्टूबर को रात 9 बजकर 39 मिनट से आरंभ हो रही है, जो 3 अक्टूबर को सुबह 12 बजकर 19 मिनट में समाप्त हो रही है। ऐसे में इस साल पितृपक्ष 17 सितंबर से आरंभ होकर 2 अक्टूबर को समाप्त हो रही है।

## एक नजर

### भवन निर्माण योजना का शिलान्यास

**खरौंधी।** प्रखंड में मंगलवार को विधायक भानू प्रताप शाही ने तीन महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे, जो क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। इन योजनाओं के अंतर्गत उच्च विद्यालय खरौंधी में विधायक मद से 10 लाख रुपये की लागत से भवन निर्माण, खरौंधी के छठ घाट डोमनी नदी पर पुल और चंदनी में बसाड़ घाट डोमनी नदी पर पुल का निर्माण कार्य शामिल है। शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन क्रमशः सुबह 10 बजे, 11 बजे और 12:30 बजे आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा ने दी।

### आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**धुरकी।** पुलिस ने धुरकी थाना के मुख्य आरोपी धीरज सिंह, पिता बालमुकुंद सिंह, ग्राम गनियारी कला के घर के पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अरविंद कक्षप के आदेश पर ढोल नगाड़ा के साथ इश्तेहार चिपकाया। कांड के अनुसंधानकर्ता पुअनि सुनील कुमार राम ने उपस्थित लोगों से कहा कि अभियुक्त जहां भी उन्हें अविलंब आत्म समर्पण करें, नहीं अन्यथा कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### विभागीय संकल्प के आलोक में लिया गया निर्णय

# डीआरडीए का जिला परिषद में विलय




**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के संकल्प के आलोक में शासी निकाय की बैठक**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के लिए पारित विभागीय संकल्प के आलोक में शासी निकाय की बैठक सोमवार को उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में हुई। झारखंड पंचायत राज अधिनियम 2001 की धारा 77 (ख) के अनुपालन में डीआरडीए को विघटित करते हुए जिला परिषद में समाहित करने का निर्णय लिया गया। केंद्र प्रायोजित डीआरडीए प्रशासन योजना के बंद होने तथा पंचायती राज अधिनियम 2001 की धारा 77 (ख) के आलोक में डीआरडीए का जिला परिषद (पंचायती राज विभाग) में विलय, ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के लिए जिला ग्रामीण विकास शाखा के गठन की स्वीकृति के संबंध में विभिन्न प्रस्तावों व संकल्पों के विरुद्ध निर्णय लिया गया। डीआरडीए का जिला परिषद में विलय को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा विभिन्न निर्णय लिया गया। इसके तहत ग्रामीण विकास विभाग 10 जून 2024 से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में 10 जून 2024 की तिथि से डीआरडीए, गढ़वा का विघटन होने के उपरांत डीआरडीए प्रशासन के सभी कर्मी (स्थायी कर्मचारी को छोड़कर) आस्तियों एवं निधि को जिला परिषद में समाहित करने की ध्वनिमत से सहमति प्रदान की गई। साथ ही जिला परिषद कोषांग गठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा के अतिरिक्त निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गढ़वा, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, दक्षिणी वन प्रमण्डल, गढ़वा, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रमण्डल, गढ़वा, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गढ़वा, जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा, जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, गढ़वा, महाप्रबंधक, जिला उद्योग पदाधिकारी, गढ़वा, कार्यपालक अभियता, झारखण्ड राज्य उर्जा वितरण निगम, गढ़वा, जिला मत्स्य पदाधिकारी, गढ़वा, जिला सहकारिता पदाधिकारी, गढ़वा, क्षेत्रीय प्रबंधक, झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक, गढ़वा, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, गढ़वा, शाखा प्रबंधक, सी०बी०आई०, चन्द्री, गढ़वा, शाखा प्रबंधक, पीएनबी. सिधीताली, भवनाथपुर, शाखा प्रबंधक/ प्रतिनिधि, एसबीआई, गढ़वा, अध्यक्ष, केन्द्रीय सहकारी बैंक, गढ़वा राज्य सरकार द्वारा मनोनित अनुसूचित जाति वर्ग का प्रतिनिधि, राज्य सरकार द्वारा मनोनित अनुसूचित जनजाति वर्ग का प्रतिनिधि, राज्य सरकार द्वारा मनोनित ग्रामीण महिला प्रतिनिधि मौजूद थे।

**आवश्यकता पड़ने पर संसोधन भी किया जायेगाः उपायुक्त**

उपायुक्त शेखर जमुआर ने बताया कि डीआरडीए प्रशासन योजना अंतर्गत केन्द्र से प्राप्त सहायता राशि (अव्यवहृत) अवशेष होने की स्थिति में इसे जिला परिषद के बैंक खातें में अंतरित कर अव्यवहृत राशि का उपयोग किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में लिए गए निर्णय में विभाग द्वारा यदि भविष्य में कोई संशोधन किया जाता है तो वैसी परिस्थिति में आवश्यकता पड़ने पर संशोधन भी किया जा सकेगा।

## सुपला घाटी टोली में नव प्राथमिक विद्यालय खोलने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बूढ़ा पहाड़ डेवलपमेंट प्लान के तहत बरगढ़ प्रखंड के बरकोल खुर्द के सुपला घाटी टोली में नव प्राथमिक विद्यालय खोलने का निर्देश दिया गया। बताते चलें कि जिला शिक्षा अधीक्षक गढ़वा द्वारा बरगढ़ प्रखंड के बरकोल खुर्द के सुपला घाटी टोली में विद्यालय खोलने को लेकर प्रतिवेदन समर्पित किया गया, जिस पर निर्णय लेते हुए उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा उक्त क्षेत्र में एक नव प्राथमिक विद्यालय खोलने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, सांसद प्रतिनिधि पलामू लोकसभा क्षेत्र, विधायक प्रतिनिधि गढ़वा, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र समेत शिक्षा विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थें।

### मंईयां सम्मान योजना में सुधार कराने पहुंची महिलाएं

**केतार।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना में बैंक खाता और आइएफसी कोड का सुधार करवाने के लिए सोमवार को सैकड़ो की संख्या में महिलाएं प्रखंड कार्यालय पहुंची। ज्ञात हो मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कि पहली किश्त का भुगतान हो गया है लेकिन प्रखंड के सात पंचायतों के लगभग एक हजार महिलाओं का फार्म भरते समय बैंक खाता संख्या में गड़बड़ी होने के कारण पहली किश्त का भुगतान नहीं हो सका। सरकार द्वारा 6 सितम्बर से दस सितम्बर तक सुधार करने का निर्देश बीडीओ और सीओ को दिया है। ताकी वंचित महिलाओं को भी मंईयां सम्मान योजना का लाभ 15 सितम्बर तक मिल सके।

## सिलीदाग पंचायत के 122 मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना आवेदकों का आवेदन स्वीकृत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में सिलीदाग पंचायत से करीब पंद्रह सौ आवेदन दिया गया था जिसमें 122 आवेदकों का आवेदन अस्वीकृत कर दिया गया, जिससे उक्त अस्वीकृत आवेदनकर्ताओं को इस योजना के लाभ नहीं मिल सका। शेष लोगों के खाता में पहली किस्त कि राशि डाला जा चूका है। सिलीदाग पंचायत कि मुखिया अनीता देवी ने बताया कि सिलीदाग पंचायत के करीब पंद्रह सौ आवेदनो में कुल 122 मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के आवेदकों का आवेदन अस्वीकृत कर दिया गया हैं। आवेदन अस्वीकृत करने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया, लेकिन इन अस्वीकृत आवेदनों में सुधार का काम हो रहा हैं। इसकी अंतिम तिथि मंगलवार तक हैं। जिन लोगों का आवेदन अस्वीकृत हुआ है वह प्रखंड कार्यालय में अपना आधार कार्ड और बैंक पासबुक का छाया प्रति के साथ जाकर सुधार करा लें। इसके बाद ही आवेदक के खाते में इस योजना का राशि जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### टेहरी पंचायत के हेसातु गांव में पहली बार मनाई जाएगी दशहरा पूजा

**बड़गड़ ।** बड़गड़ प्रखंड अंतर्गत टेहरी पंचायत के सुदूरवर्ती गांव हेसातू में इस वर्ष पहली बार होगा दूर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन। दूगार्पूजा मनाने को लेकर हेसातू गांव के ग्रामीणों ने गांव स्थित चौराहे पर बैठक का आयोजन कर सर्वसम्मति से दूर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया। बैठक का संचालन गांव के प्रबुद्ध नागरिक एता किसान द्वारा किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पूजा समिति गठन का निर्णय लिया गया।तत्पश्चात सर्वसम्मति से संजय किसान को पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष हिमांशु नगेशिया, सचिव हलकन किसान, उपसचिव सतीश कुमार चंद्र, कोषाध्यक्ष दामोदर किसान, उप कोषाध्यक्ष धमेंद्र किसान को बनाया गया। पूजा समारोह को सफल बनाने को लेकर कार्यकारी सदस्य के रूप में महेश किसान, मतरू किसान, मनेश किसान, रतेश कुमार, राकेश कुमार, बन्धु किसान, जेठु किसान, रविन्द्र प्रसाद का चयन किया गया। पूजा समिति के गठन के पश्चात समाजिक कार्यकर्ता सह विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश, विजय तिवारी, अमीत कुमार, रामवचन सिंह के नेतृत्व में हेसातू गांव में धुमधाम से पूरे हर्षोल्लास के साथ दूर्गा पूजा समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने गांव में आयोजन होने वाले प्रथम दूर्गा पूजा समारोह में तन, मन, धन से भरपूर सहयोग करने का सभी ग्रामीणों ने पूजा समिति को भरोसा दिलाया। विधायक प्रतिनिधि ने माता के प्रतिमा निर्माण के कुल खर्च सहित अन्य तरह के सहयोग करने की घोषणा की। जिसके पश्चात पूजा समारोह की रूप रेखा तैयार की गई। इसके साथ बैठक का समापन किया गया।

### विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने बीरेंद्र



**श्री बंशीधर नगर।** उच्च विद्यालय पिपरडीह में विद्यालय प्रबंधन समिति के तीन वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के माता-पिता तथा अभिभावकों द्वारा सर्वसम्मति से पंचायत की मुखिया उषा देवी को सभाध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित सीआरपी संजय कुमार सिंह ने विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन के लिये नियमावली को पढ़कर सुनाया तथा उपस्थित अभिभावकों से नियमावली के तहत विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन करने का अनुरोध किया। सीआरपी ने कहा कि चूंकि यह उच्च विद्यालय है। इसलिए 19 सदस्यीय समिति सदस्यों का चयन करना है। नियमावली सुनने के बाद माता-पिता व अभिभावकों ने 6 महिला तथा 6 पुरुष सदस्यों का चयन किया। चयनित सदस्यों ने सर्वसम्मति से बीरेंद्र कुमार रवानी को अध्यक्ष, संयोजिका के चयन में दो उम्मीदवार होने के कारण मतदान के फलस्वरूप जुली देवी को संयोजिका तथा उपाध्यक्ष पद के लिए निर्मला देवी का चयन किया इस चयन प्रक्रिया में मुंद्रिका चन्द्रवंशी,रमेश चन्द्रवंशी, विदेश मुंनी यादव,नागेश्वर यादव कृष्णा राम, प्रधानाध्यापक उदय कुमार, नागवंत प्रसाद यादव,बिरेंद्र यादव, गोपी चन्द्रवंशी सहित सभी गणमान्य लोग उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार

सेवा ही लक्ष्य
झारखण्ड पुलिस

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखण्ड पुलिस की पहल

कार्यक्रम के उद्देश्य

- नागरिकों के पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करना एवं उक्त शिकायतों का पंजीकरण किया जाना।
- शिकायतों पर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को प्रेषित करना।
- निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में विषय को प्रेषित किया जाना।
- कार्रवाई योग्य शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी निवारण करना।
- जिन शिकायतों पर कार्रवाई संभव नहीं है, उनकी भी जानकारी शिकायतकर्ता को उपलब्ध करना।
- पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोत्तम पद्धतियों को इन कार्यक्रमों के दौरान प्रदर्शित करना।
- नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करना।



आज, 10 सितंबर के दिन नजदीकी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में जाकर अपनी समस्या का समाधान जरूर करवायें

PR No 335211 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### अपराधियों ने संवेदक पर चलाई गोली

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के स्टेशन बाजारटांड के समीप रविवार रात करीब 9:10 बजे अज्ञात अपराधियों ने शहीद वीरेंद्र शर्मा चौक के समीप पीसीसी सड़क निर्माण करा रहे स्टेशन निवासी संवेदक अजित शर्मा को टारगेट कर गोली चलाई है। इस घटना में वह बाल-बाल बच गए। गोली उनके सिर के ऊपर से पार हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक बाइक पर सवार दो अपराधी आए थें। जिस समय यह घटना हुई उस समय आसपास कई लोग मौजूद थे। फायरिंग की घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते फायरिंग के बाद दोनों अपराधी स्टेशन बाजार चौक के रास्ते भाग निकले। घटनास्थल पर लातेहार पुलिस तीन गोली के खोखे मिले। संवेदक शर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर लेवी के लिए बार-बार फोन आ रहा था। फोन आ रहे नंबर को मैंने ब्लॉक कर दिया था। उन्होंने आशंका जाहिर की है कि लेवी के लिए ही अपराधियों ने गोली चलाई है। वही पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि पुलिस पूरी मामला की तहकीकात कर रही है। जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों की लगी भीड़

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के द्वारी पंचायत में सोमवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम यायोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंति कुमारी,जीप सदस्य , प्रमुख,मुखिया, समाज सेवी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है महत्वाकांक्षी योजना को ग्रामीणों तक पहुंचाना है। सावित्रीबाई फुले योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना,मईयां सम्मान योजना,लगान रसीद सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दिया गया।

## हनीट्रैप अपहरण व हत्या मामले का एसपी ने किया खुलासा

# मास्टरमाइंड समेत आठ गिरफ्तार, हथियार बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** पिछले दिनों थाना क्षेत्र के धनगडा से दो युवकों का अपहरण के बाद एक की जघन्य हत्या मामले में शामिल आठ लोगों की गिरफ्तारी कर पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस मामले में सोमवार को एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उद्भेदन करते हुए एसपी विकास पांडेय ने बताया कि 29 अगस्त को रक्सी निवासी आकाश कुमार व हेमराज साव का अपहरण स्वीफ्ट डिजायर गाड़ी के साथ कोडरमा जाने के दौरान हुई थी। हेमराज साहू की निर्मम हत्या कर घाटी के जंगल में फेंक दिया गया। जबकि आकाश कुमार जख्मी हालात में पड़ा मिला जिसका उपचार कराया गया। इस मामले में गहन अनुसंधान की गई। एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में टंडवा इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल उरांव व पिपरवार थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्रा के साथ गठित सशस्त्र बलों की टीम ने गुप्त सूचना व तकनीकी इनपुट के आधार पर 9 सितंबर को मगध-संघमित्रा बाइपास सड़क बसरिया में छापेमारी अभियान चलाया। वहां सफेद रंग की आरटिगा से तलाशी के दौरान दो सिक्सर, दो देशी कट्टा व अन्य सामानों की बरामदगी किया गया। वाहन सवार छह पुरुषों समेत दो महिलाओं को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में सभी गिरफ्तार सभी ने उक्त कांड में अपना अपराध स्वीकार कर लिया। वहां उनकी निशानदेही पर लूटे गये स्वीफ्ट डिजायर समेत कांड में प्रयुक्त धारदार चाकू व अंगवस्त्र भी बरामद हुआ हैं। बताया गया कि घटना का मूल वजह थाना क्षेत्र के धनगडा निवासी 32 वर्षीय दीपक साहू पिता सुखदेव साव की नाबालिग बेटी से आकाश बातचीत करता था। उसे रास्ते से हटाने के लिए सारा षड्यंत्र रचा गया। इसके लिए हजारीबाग जिले के दीपुगढा निवासी पूर्व डीएसपी अर्जुन राम का बेटा धनु पासवान ने अपनी 19 वर्षीय पत्नी चाहत प्रवीण पिता मो.नौशाद आलम तथा एक अन्य 20 वर्षीय रुची उर्फ दीया साहू पिता राजदीप साहू के साथ मिलकर हनी ट्रैप करने की योजना बनाकर उक्त कांड को अंजाम दिया है। वहीं मुख्य आरोपियों समेत कांड में शामिल हजारीबाग जिला क्षेत्र के डामूडीह निवासी 25 वर्षीय राजा कुमार साव व मो. कासिम, ताजपुर के 23 वर्षीय गोलू उर्फ अमित कुमार सिंह व सिरसी के 29 वर्षीय नीरज सिंह को जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में पुअनि नवीन चंद्र सिंह, पुअनि सुनील कुमार, पुअनि रामजी सिंह, पुअनि बिनोद उपाध्याय, महिला सअनि संगीता मिंज,सअनि शंकर सिंह,राजेश शर्मा, रंजीत सिंह,ओमप्रकाश यादव,मजहर अंसारी मौजूद थे।

### योजनाओं का लाभ सुगमता से लाभुकों को दिया जा रहा : रामा रविदास

**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार अंतर्गत वार्ड नौ में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन अंबा कोठी स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया था। साथ ही भारत सरकार एवं राज्य सरकार विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें जागरूक भी किया। इस कार्यक्रम में बिजली विभाग, पशुपालन विभाग, अंचल कार्यालय, नगर पंचायत नगर पंचायत लातेहार से संबंधित कार्य, सावित्रीबाई फुले इत्यादि योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गए थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता रामा रविदास और नगर पंचायत प्रशासक राजीव रंजन मौजूद रहै। अपर समाहर्ता रामा रविदास ने कहा कि इस शिविर से सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लोगों को सुगम रूप से प्रदान किया जा रहा है। लोगों को भटकना नहीं पड़े, इसलिए सरकार के द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि शिविर में आने वाले लोगों को न सिर्फ सभी योजना की जानकारी दी जाए बल्कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। कार्यक्रम में ऑन द स्पोट्र्स समस्याओं का भी निवारण किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### बस के पीछे ढलने से चपेट मे आई कार, मां-बेटी की जान बची

**चंदवा।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित इंदिरा गांधी चौक के समीप जिला परिषद बस पड़ाव के ठीक सामने सोमवार की सुबह करीब 8 बजे जयबाला नामक यात्री बस सड़क किनारे खड़ी थी। बस अचानक पीछे की ओर ढलने लगी, जिससे बस के पीछे खड़ी कार से जा टकराई। कार में महिला व बच्ची बस की चपेट में आने से बाल-बाल बची। बच्ची की मां ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को बस के चपेट में आने से बचाया। इस दौरान दोनों को हल्की चोटें भी आई। बता दें कि बस पड़ाव होने के बावजूद बस सड़क पर ही खड़ी होती है। चंदवा में बसों से ठहराव को लेकर जिला परिषद द्वारा सुविधा संपन्न बस पड़ाव बनाया गया है। वहां से प्रतिवर्ष सरकार व जिला परिषद को लाखों रुपये राजस्व की प्राप्ति होती है। बावजूद इसके बसों का ठहराव बस पड़ाव में न होकर एनएच पर सड़क किनारे किया जाता है। एनएच किनारे बसों के रुकने के कारण हमेशा दुर्घटना की संभावना व महिला यात्रियों को होने वाली परेशानियां को लेकर स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कई बार गुहार भी लगाई है। बावजूद इसके अब तक बसों का ठहराव पड़ पड़ाव में सुनिश्चित नही हो पाया है जिससे लोगों मे रोष है।

### श्रम नियोजन विभाग ने प्रखंड परिसर में लगाया रोजगार मेला

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में नियोजन विभाग द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जहां प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर में पहुंचे दर्जनों छात्राओं को सावित्री बाई फुले योजना से जोड़कर प्रमाण पत्र दिये गये।जबकि दिव्यांगों के बीच ट्राईसाईकिल का वितरण किया गया। मेले में दर्जनों कंपनियों ने प्रशिक्षित व अप्रशिक्षित बेरोजगारों के लिये विभिन्न ट्रेड में बहाली हेतु स्टॉल लगाए थे। जिनमें प्रमुख तौर पर माता जानकी, टायकून,आद्या एचआर, महिन्द्रा ट्रेडर्स, एचआर ऑयल,वीपीआर, पीवीपीआर, मेकावर,एनटीटीएफ समेत अन्य कंपनियों के स्टॉल में भीड़ उमड़ी दिखाई दिया। जानकारी देते हुवे श्रम नियोजन विभाग के गौतम कुमार ने बताया कि स्टॉल में प्राप्त सैंकड़ों आवेदनों में से 208 त्रुटिहीन पाया गया। 79 बेरोजगारों का तत्काल चयन किया गया जबकि मानकों के अनुरूप पाये जाने पर अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ेगी। इस मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार मंडल, डीडीसी पवन मंडल, श्रम नियोजन पदाधिकारी मनु कुमार, बीडीओ देवलाल उरांव,सीओ विजय दास, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, नीरज तिवारी समेत अन्य मौजूद थे।

### जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने किया कम मतदान प्रतिशत वाले दो बूथों का निरीक्षण

**चंदवा।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा सोमवार को चंदवा पहुंची। उन्होने प्लस टू उच्च विद्यालय स्थित बूथ नंबर 300 एवं 302 का निरीक्षण किया। गौरतलब हो कि पिछले लोकसभा चुनाव में इन दोनों बूथों पर मतदान का प्रतिशत बहुत ही कम रहा था। उन्होंने मतदान प्रतिशत कम होंने के कारणों के बारे में स्थानीय लोगों से जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि मतदान का प्रतिशत कम होने का मुख्य कारण था कि सरोज नगर मोहल्ले के बहुत से मतदाताओ का पोलिंग बूथ रेलवे लाइन के पार अलौदीया में कर दिया गया था। लगभग 3 किलोमीटर दूरी तय करके वोट डालने जाना था जिसके कारण बहुत सारे मतदाताओ ने मतदान नहीं किया। जिसके कारण इन बूथों पर मतदान का प्रतिशत कम रहा है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने ग्रामीणों से कहा है कि जिन लोगों का बूथ बदल गया है वे फॉर्म 8 भर कर बीएलओ या प्रखंड कार्यालय में जमा कर दें उनका नाम उनके मनचाहे बूथ से जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने पर बल दिया। मौके पर रामकृष्ण मिश्र,महेंद्र साहू,रामविचार सिंह,प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार साहू प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव गोदाम प्रबंधक रंजीत यादव प्रखंड ऑपरेटर किशन कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## पुलिस हर समस्या का समाधान करने के लिए तत्पर है : एसपी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जिले में आज से पुलिस प्रशासन के द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने कहा की डीजीपी अनुराग गुप्ता की पहल पर इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। इसे लेकर लातेहार पुलिस जिले के सभी थानों में कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इस क्रम में 18 मुख्य मुद्दों पर लोगों की समस्याएं सुनकर झारखंड पुलिस उसका समाधान करेगी। इस कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए आईजी और डीआईजी रैंक के अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया हैं। लातेहार में आईजी नरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में लोगों की समस्या सुनी जाएगी। जन सुनवाई को लेकर लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने जिले वासियों से आग्रह किया है कि आप अपने संबंधित थाने में जाकर इस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में शिकायत दर्ज करा कर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। इसके अलावे पुलिस से संबंधित जनता की कोई भी समस्या है तो इस कार्यक्रम में उसका त्वरित समाधान होगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि इस कार्यक्रम में लातेहार जिले की आम जनता अधिक से अधिक भाग लें और अपनी समस्याओं से पुलिस को अवगत कराएं। लातेहार पुलिस हर समस्या का त्वरित समाधान करने के लिए तत्पर है। साथ ही उन्होंने कहा की यदि जनता को किसी भी प्रकार समस्या हो तो भी वह हमारे मोबाईल नंबर पर कॉल कर सकते हैं या वाट्सएप के माध्यम से भी हम से संपर्क साध सकते है। जनता की हर समस्या का समाधान होगा।

### जिला अंतर्गत थाना वार होने वाले कार्यक्रम

लातेहार, चंदवा थाना क्षेत्र में 10 सितंबर को पूर्वाह्न 11.00 बजे से लातेहार थाना परिसर में। बालूमाथ, हेरहज एवं बारियातु थाना क्षेत्र में दिनांक 10 सितंबर को पूर्वाह्न 11.00 बजे पूर्वाह्न से बालूमाथ थाना परिसर में बरवाडीह, मनिका एवं छिपादोहर थाना क्षेत्र में दिनांक 10 सितंबर को पूर्वाह्न 11.00 बजे पूर्वाह्न से बरवाडीह थाना परिसर में। महुआडाड़, नेतरहाट, गारू, बारेसाढ़ थाना क्षेत्र में 10 सितंबर को पूर्वाह्न 11.00 बजे पूर्वाह्न से महुआडाड़ अनुमण्डल कार्यालय में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

## डीएलएओ ने किया 25 लाख का चेक वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन सोमवार को बेलखोरी पंचायत सचिवालय में आयोजित की गई। शुभारंभ बीडीओ मनीष कुमार, मुखिया बीजूल देवी,पंचायत समिति सदस्य राम टहल गुप्ता,20 सूत्री अध्यक्ष राम भरोस यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में पंचायत क्षेत्र से काफी संख्या में जरूरत मंद महिला व पुरुष शामिल हुए। शिविर में पहुचाने वाले लोगों को परेशानी ना हो इसे लेकर बीडीओ मनीष कुमार ने विभाग वार लगाए गए स्टॉल का निरिक्षण कर संबंधित विभागों के कर्मियों को शिविर में आने वाले आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। ताकि अधिक से अधिक आवेदनों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया जा सके। शिविर के माध्यम से डीएलएओ वैभव कुमार सिंह ने जेएसएलपीएस समूह बेलखोरी के सदस्यों के बीच 25 लाख रुपये का चेक वितरण किया।इसके अलावा बीडीओ मनीष कुमार ने कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध छात्रों के बीच साइकिल एवं लाभुकों के बीच पेंशन सर्टिफिकेट का वितरण किया। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त लगभग आवेदनों को ऑन द स्पॉट निष्पादित किया गया। जिसमें सार्वजन पेंशन योजना,साइकिल वितरण,जॉब कार्ड, धोती साड़ी के अलावा स्वास्थ्य जांच, पशु दवा, जाति प्रमाण पत्र का निष्पादन किया गया। मौके पर डीएलएओ ने पंचायत वार आयोजित शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का अपील की। शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ अंतिम व्यक्ति को मिल सके।

## हाथियों का तांडव जारी, दर्जनों एकड़ में लगे फसल को रौंदा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** वन क्षेत्र के कोमर ग्राम में जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है। दो दर्जन से भी अधिक जंगली हाथी सोमवार पहले सुबह 4:00 बजे गांव स्थित पीडीएस दुकान के भवन को क्षतिग्रस्त किया। साथ ही पास के घर की खिड़की एवं मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त करते हुए आसपास में लगे मक्का-धान के फसल को बर्बाद कर कर दिया। खेटा भुइयां नामक व्यक्ति का खपरैल मकान को क्षति पहुंचाया। साथ ही उसके मक्का व धान की फसल को भी नष्ट कर दिया। लगभग 5 से 7 लख रुपए की नुकसान हो गया है। प्रभावित क्षेत्र के व आसपास के लोग हाथियों के डर से पास के स्कूल भवन के छत पर रात गुजरने को विवश हैं। ग्रामीण इन हाथियों के आतंक से खुद को निजात पाने के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। जब गांव में हाथी आ रही है तो ग्रामीणों के पास उनको भगाने के लिए वन विभाग पटाखे भी मुहैया नहीं करवा रहा है। यहां तक की ग्रामीणों ने यह भी बतलाया कि जंगली हाथियों का आतंक पिछले एक सप्ताह से देखा जा रहा है। वन विभाग द्वारा रात को हाथियों को भगाना तो दूर की बात है दिन में भी घटना का जायजा लेने भी नहीं आते हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश देख जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे जीविका के लिए मुख्य रूप से फसल पर ही आश्रित हैं।

## खेल से बच्चों के मन में प्रतियोगिता का भाव जागृत होती है : धीरज प्रसाद साहु

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** स्थानीय खेल स्टेडियम महुआडांड में शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट का सोमवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच समापन हुआ। शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट का फाईनल मैच संत जोसेफ विद्यालय प्लस टू विद्यालय महुआडांड़ बनाम मायापुर क्लब गारू के बीच खेला गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु, विधायक रामचंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन कर व फीता काटकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के साथ फुटबॉल को कीक मारकर शुभारंभ किया। फाईनल मैच का विजेता संत जोसेफ प्लस टू विद्यालय रही। उसने मायापुर क्लब की टीम को 1-0 से हराया। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु द्वारा विजेता टीम को पुरूस्कार स्वरूप नकद 21000, उपविजेता टीम को 15000 नकद दिया। साथ ही विजेता और उपविजेता टीम को एक एक खास्सी दिया गाया। मौके पर राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु ने कहा कि इस तरह के खेल प्रतियोगिता आयोजन करने से बच्चों के मन में प्रतियोगिता का भाव जागृत होती है, तो वहीं दूसरी ओर राष्ट्र के लिए भी कुछ करने की इच्छा शक्ति जागृत होती है। उन्होंने कहा के यहां के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। इससे काफी खुशी मिली। आगे इससे भी बड़ा आयोजन होगा। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि महुआडांड प्रखंड के लोगों में खेल प्रतिभा छिपी हुई है, लेकिन पिछले काफी समय से इस क्षेत्र में इस तरह की खेल प्रतियोगिता का आयोजन नहीं किया जा रहा है। इसे देखते हुए स्थानीय जन प्रतिनिधि व खेल प्रेमियों के सहयोग से शहीद स्मारक नॉक आउट फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है जो सराहनीय पहल है। इस तरह का आयोजन लोगों के बीच छुपी प्रतिभा निखारने का एक माध्यम है। मौके पर विशिष्ट अतिथि बीडीओ अमरेन डांग कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इफ्तेखार अहमद, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, 20सूत्री सदस्य सह उपप्रमुख अभय मिंज, पंचायतीराज के प्रदेश के जोनल कॉडिनेटर अजीत पाल कुजूर, फादर दिलिप तिर्की, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रिडोल्फ खलखो, रामनरेश ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल, वार्ड सदस्य अलिका एक्का, रानू खान, नुरूल अंसारी, कमला किण्डो आदि मौजूद थे।

### सुदूरवर्ती क्षेत्र मेराल पंचायत में विशेष शिविर लगा

# योजनाओं के नाम पर ठगी करने वाले की शिकायत करें, होगी कठोर कार्रवाई : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि लोगों को कार्यालयों का चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। सरकार लोगों के द्वार तक जायेंगे और योजनाओं का आवेदन लेकर उन्हे लाभान्वित किया जायेगा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का पात्रता अनुसार निष्पादन किया जाएगा। पूर्व में अबुआ आवास योजना में लेन देन की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जांचोउपरांत पंचायत सचिव के उपर प्राथमिकी दर्ज करते हुए निलंबित करने का कार्य किया गया है। योजनाओं के नाम पर पैसे की मांग की जाती है तो पैसा ना दे। बिचौलियो के चक्कर में न पड़े, इसकी शिकायत संबंधित अधिकारी से करें। कठोर कार्रवाई की जाएगी। योजनाओं के नाम पर ठगी करने वाले को माफ नहीं किया जाएगा अगर आपके शिकायत को संबंधित अधिकारी द्वारा नहीं सुना जाता है तो उनके उपर स्तर के पदाधिकारियों के पास शिकायत करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के तरफ से यह आश्वस्त करना चाहता हूं कि प्राप्त शिकायत के आधार पर बिचौलियो को माफ नहीं किया जाएगा। इसके अलावा झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्माान योजना समेत कई योजनाओं के बारें में बिस्तृत जानकारी दी गई। उन्होने कहा सभी पात्रता रखने वाले लाभुक अपने पंचायत में आयोजित शिविर में पहुंच जनकल्याणकारी विभागों द्वारा लगाएं गए स्टॉल पर जाकर योजनओं से संबंधित जानकारी ले और अपने पात्रता अनुसार आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठाएं। शिविर पत्थलगडा प्रखंड के ग्राम पंचायत मेराल में आयोजित विशेष शिविर में लगा था। उन्होंने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में प्रतापपुर के योगियारा, सिजुआ, लावालौंगे के कोलेकला, हंटरगंज के जोरीकला, सलैया, कान्हाचट्टी के कैंडीनगर, चतरा के ब्रहमणा, ईटखोरी के धनखेरी, सिमरिया के बन्हे, बानासाड़ी, टण्डवा के गाड़ीलौंग, टण्डवा, मयुरहंड के बेलखोरी, गिद्धौर के द्वारी पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनों को जागरूक करने का कार्य किया गया। इस निमित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के अंतिम पायदान पर व सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहनेवाले लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पत्थलगडा प्रखंड मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम पंचायत मेराल में जिसकी आबादी जनसंख्या 6885, महिलाओं की संख्या 3391, पुरूष की संख्या-3494, कुल राजस्व ग्रामों की संख्या 10 है। बहेरा, चिटुआ, जेहरा, जोरी, खैरा, मेराल, मेरमगडा, रतरूआ, सायल, सिमरातरी है।

**22 लाख 27 हजार 276 रुपये के योजनाओं की दी गई स्वीकृति :** ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा के 10 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। उनमें 03 बिरसा सिंचाई कुप, 03 डोभा, 04 मेढ़बंदी जिसकी कुल प्राक्कलित राशि 22 लाख, 27 हजार 276 रुपये है।

**ग्राम पंचायत मेराल में आयोजित शिविर में ये थे उपस्थित :** ग्राम पंचायत मेराल के आयोजित शिविर में सिविल सर्जन चतरा दिनेश प्रसाद, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पथलगड़ा, अंचल अधिकारी पथलगड़ा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी के साथ-साथ जनप्रतिनिधि एवं कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### योजनाओं की स्वीकृति पत्र का वितरण

सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के 44 लाभुकों के बीच, झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के 25 लाभुकों के बीच, अबुआ आवास योजना अंतर्गत 10 लाभुकों को स्वीकृति, 05 लाभुकों के बीच द्वितीय किस्त की राशि, 05 लाभुकों के बीच तृतीय किस्त की राशि, कृषि विभाग अंतर्गत 04 लाभुकों के बीच किसान क्रेडिट कार्ड, 10 लाभुकों के बीच सॉइल हेल्थ कार्ड, 15 लाभुकों क बीच नैने यूरिया का वितरण, झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोशाईटी अंतर्गत फुलो झानों आशिर्वाद योजना के 05 लाभुकों के को 50 हजार की ब्याज मुक्त ऋण की राशि वितरण (प्रत्येक सखी मंडल को 11000), 22 सखी मंडल को 11 लाख की राशि सामुदायिक निवेश निधि से प्रदान की जा रही है (प्रत्येक सखी मंडल को 50000), 140 सखी मंडल की सदस्यों के बीच आईडी कार्ड का वितरण, सीसीएल बैंक ऋण 06 सखी मंडल को 24 लाख की राशि प्रदान की गई, 06 लाभुकों के बीच जाति प्रमाण पत्र का वितरणय ,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल अंतर्गत 05 लाभुकों के बीच शौचालय की स्वीकृति, पशुपालन विभाग अंतर्गत बकरा विकास योजना के तहत 05 लाभुकों के बीच वितरण, आपूर्ति विभाग से 30 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण, सावित्री फुले योजना के 30 लाभुकों को लाभान्वित किया गया। वहीं दिव्यांगजनों के बीच 05 ट्राईसाईकिल वितरण समेत कई अन्य योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने का कार्य किया गया।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
Engineering Building, H.E.C, Dhurwa, Ranchi

**Advertisement No.- 01/2024**

Applications are invited in the following prescribed proforma from interested and eligible retired/working employees for engagement as Second Member, Consumer Grievance Redressal Forum in its headquarter, Medininagar on contract basis.

2. **Eligibility:-** The Applicant shall be possessing degree in Electrical Engineering/electrical & Instrumentation/electrical & Electronics and having at least 20 (Twenty) years of experience in the Transmission, Distribution and Trading of electricity and who is and has been at least superintending engineer/ DGM or at an equivalent post in an Organization engaged in the business of Transmission, Distribution and Trading of electricity **OR** shall be at least a CA/ICWA or MBA Finance from a recognized University with twenty (20) years of experience and knowledge of Accounts and finance in Government Department / Commercial Public Undertaking inducing power sector in the grade not below the rank of DGM (F & A) of the State Govt. or equivalent post.
The officers serving in JBVNL in grade not below the rank of DGM (Technical/Finance) or equivalent having experience of 20 years may also apply provided that in the event of their selection they will be required to relinquish their present employment.
3. **No. of Vacancies:-** Presently 01 vacancy exist at VUSNF namely Medininagar.
4. **Scope of work:-** Redressal of grievances of the consumers of the Nigam.
5. **Terms & Conditions:-**
(i) The applicant must have attained a minimum 45( forty five) years and the stipulated maximum age of applicant is 62(sixty two) years as on 01-08-2024.
(ii) They shall be appointed initially for a period of 03(three) years, extendable up to further two years on satisfactory service or 65 years of age, whichever is earlier.
(iii) The appointed member shall not hold any other office of profit during his/her tenure.
(iv) The member who is in service of the Nigam will get his entitled pay and other emoluments as per his/her entitlement. The salary/honorarium payable per month to the members, who has retired from the service, shall be equivalent to the last pay drawn by him minus pension. In case of member not getting pension, the monthly honorarium payable to such member shall be equal to the last pay drawn.
(v) The TA/DA, casual leave and holidays shall be as per the State Government's orders or company's orders/policies, as the case may be.
(vi) All other terms and conditions as mentioned in the JSERC (Guidelines for establishment of the Forum for redressal of grievances of the consumers and Electricity Ombudsman) Regulation 2020 and its amendment thereof, shall be followed.
(vii) **The last date of submission of application-** Interested candidates may apply with their full self-attested testimonials in support of education/ experience/age along with two recent colour passport size photographs, one should be pasted on the format and other should be attached with the application. The last date of submission of application is **30-09-2024 (06:00 PM)**, there after no application will be entertained. The application should be sent by registered/speed post to General Manager (HR), Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited, Nigam HQ, Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi- 834004.

**Performa of application**
Application form for engagement of Second Member for VUSNF, Medininagar

Self Attested photo

| Sl. No | Particulars | Details to be filled |
|---|---|---|
| 1 | Name of the applicant in full (in Block letters) | |
| 2 | Father's/Husband Name | |
| 3 | Nationality | |
| 4 | Sex(Male/Female) | |
| 5 | Date of Birth | |
| 6 | Age as on 01-08-2024 | |
| 7 | Contact details | |
| | Present Address | |
| | E-mail | |
| | Mobile No. | |
| 8 | Permanent Address | |
| 9 | Date of Superannuation (please attach the copy of pension order) | |
| 10 | Post held and pay level (as per 7th CPC) | |
| 11 | Last pay drawn & Basic pension (as per 7th CPC) | |
| 12 | Educational qualification (Attach supporting documents) | |

13. Chronology of service in Government (Public undertaking/JBVNL in the last 10 years.

| Sl. No. | Period | Designation/place of posting | Gist of work done |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

14. Whether any minor penalty/major penalty was imposed during last 10 years of service in Government /PSU and if so, the details there of.
15. ACR grading year wise during last 5 years

| Year | ACR grading |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Applicant Signature
Sd/-
**General Manager (HR)**

PR 335146 (Jharkhand Urja Utpadan Nigam Ltd) 24-25 (D)

# दुमका में डाक कर्मचारी ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका** जिले में एक डाककर्मी ने आत्महत्या कर ली. बताया जा रहा है कि 24 वर्षीय एक डाककर्मी राकेश महता ने अपने किराये के मकान में खुदकुशी कर ली. यह घटना रविवार की देर शाम की है. डाककर्मी दुमका शहर के रसिकपुर सोनुवाडंगाल मोहल्ले में रह रहा था. घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं, घटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है. हालांकि अभी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है.

**बोकारो का रहने वाला था मृतक** : डाक कर्मी मूल रूप से बोकारो जिला के चास थाना अंतर्गत दुधरी टोला गांव का निवासी था. वह वर्तमान में दुमका के सदर प्रखंड के कोरैया गांव स्थित पोस्ट ऑफिस में पदस्थापित था. आत्महत्या करने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है और न ही पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट मिला है.

**घटना की छानबीन में जुटी पुलिस** : घटना की खबर मिलने पर दुमका एसडीपीओ विजय कुमार महतो, नगर थाना प्रभारी अमित लकड़ा के अलावा अन्य कई पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और छानबीन करने में जुट गए. पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल की वीडियोग्राफी की गई और फिंगर एक्सपर्ट को बुलाया गया. वीडियो रिकॉर्डिंग के बाद ही शव को नीचे उतारा गया।

## धूमधाम से मनाया गया सशस्त्र सीमा बल की 35 वाहिनी का 18वां स्थापना दिवस

**गिरिडीह।** सशस्त्र सीमा बल की 35 वाहिनी का 18 वां स्थापना दिवस सोमवार को बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। इसको लेकर 35वीं वाहिनी एसएसबी ई समवाय तिसरी कैम्प में कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें कई जनप्रतिनिधि और आस - पास के गणमान्य भी शामिल हुए। बताया गया कि 35 वीं वाहिनी एसएसबी गिरिडीह के कमाडेंट संजीव कुमार के निर्देश पर ई समवाय तिसरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान इंस्पेक्टर पार्थ घोष और सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश मीणा ने इस क्षेत्र में एसएसबी द्वारा किए गए कार्यों के विषय में बतलाया। साथ ही एसएसबी के जवानों को मोटिवेट किया। वहीं भंडारी मुखिया पिंकेश सिंह ने भी एसएसबी के कार्यों की सराहना की। इसके अलावा जवानों और गणमान्य के लिए बड़े खाने का आयोजन भी किया गया था। इस दौरान जवानों में उत्सव का माहौल रहा। मौके पर रवि राय, जानकी यादव, जयराम प्रसाद, के पुरुषोत्तम समेत कई जवान मौजूद थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

E-mail - eercdgarhwa-jhr@nic.in, Ph.: 06561-223543

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा PRL Project and Infrastructure Limited, At- 34/1, Vikas Apartments, East Punjabi Bagh, New Delhi को प्रेस विज्ञप्ती (PR 327710 Road(24-25D) के माध्यम से सूचित गया था, कि पथ प्रमण्डल, गढ़वा अन्तर्गत भवनाथपुर–कांडी भाया कैलान पथ के कि0मी0 0.00 से 25.866 का पुनर्निर्माण कार्य, जिसका एकरारनामा सं0 23 SBD/17-18 एवं दिनांक 30.01.18 द्वारा आवंटित कार्य का अवशेष कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा आवंटित कार्य रद्द करते हुए आपके विरूद्ध एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में तत्संबंधी समस्त कार्रवाई प्रारंभ कर, नियमानुसार जमानत की राशि जब्त कर लिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे। परन्तु, वर्तमान अवधि तक उक्त प्रेस विज्ञप्ति के आलोक में आपके द्वारा अवशेष कार्य निष्पादन में किसी प्रकार की अभिरूचि नहीं दिखाई जा रही है। फलस्वरूप उक्त पथ में कराये गये कार्य का अंतिम मापी दिनांक 20.09.2024 को लेते हुए एकरारनामा को बंद करने एवं आपके विरूद्ध कार्रवाई करते हुए विभाग को अवगत कराने का निर्णय लिया जाता है।

अतः प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पुनः सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि दिनांक– 20.09.2024 को आप स्वयं अथवा आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति कार्यस्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यदि उक्त तिथि को आप उपस्थित नहीं होते हैं, तो उस स्थिति में भी कनीय अभियंता/सहायक अभियंता द्वारा पथ का अंतिम मापी कर ली जायेगी, जिसपर आपका किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा

PR 335140 Road(24-25).D

## झारखण्ड सरकार
## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा

### अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/04/2024-25
### 15वें वित्त आयोग मद

1. कार्य का नाम :–

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मझिआँव | ग्राम–मोरबे में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण। | 142.755 | 10000.00 | 285600.00 | 12 माह | ZP/GARHWA/04/2024-25/GR-01 |

1 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–09.09.2024
2 ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 09.09.2024 से दिनांक–16.09.2024
3 निविदा खोलने की तिथि एवं समय–18.09.2024 को अपराह्न 3:00 बजे
4 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
5 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–8002373581
6 ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
7 परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9 निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10 भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
11 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा।

PR 335142 (District) 24-25 (D)

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

### आवश्यक सूचना
(लापता लड़की फिदाये गोसिया, उम्र–18 वर्ष)



विशुनपुरा थाना सनहा सं0–16/2024, दिनांक–04.09.2024 में लापता लड़की फिदाये गोसिया, उम्र–18 वर्ष, पिता–मो0 नसीम अंसारी, ग्राम–पतिहारी, थाना–विशुनपुरा, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली हैं। जो दिनांक–02.09.2024 को समय 14:00 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गयी है। उक्त लापता लड़की का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0– 9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया :–लंबाई–05 फीट, 01 इंच करीब, रंग–गोरा, बाल–काला,
शारीरिक बनावट–दुबली–पतली, पहनावा–निला रंग का सलवार सुट
एवं पैर में हवाई चप्पल, भाषा–हिन्दी, उर्दु, विशिष्ट–दिमाग से विचलित।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 335204 Police(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।

13 वें वित्त आयोग योजना मद, दिनांक–09.09.2024, PR 333921 Rural Development(24-25)#D
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/02/2024-25/RE(4th Call)

1. विज्ञापनदाता का नामः कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –11.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–11.09.2024 से दिनांक–19.09.2024 को 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

| क्र0 | अंचल का नाम | परियोजना का नाम | आँगनबाडी केन्द्र का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र राशि | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खरौंधी, केतार | भवनाथपुर | सुंडी, सुंडी बहेरवा टोला झिलियाही टोला चेचरिया, छाताकुंड, बीजडीह–1, चाँदडीह, कुल 06 ई0 | 66,49,200.00 | 10000.00 | 1,33,000.00 | 06 माह |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,
गढ़वा।

PR 335199 (Rural Development) 24-25 (D)

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना
अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar/ F2 - 02/2024-25

पत्रांक– 571 लातेहार/दिनांक–09.09.2024

| क0 सं0 | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 01 | ग्राम– चन्दनडीह में चन्दनडीह ऑगनबाड़ी से नहर होते हुए अवधेश कुमार सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं गार्डवाल निर्माण, पंचायत–लातेहार, प्रखंड, लातेहार , जिला–लातेहार | 13.058 | तीन माह | |
| | 02 | ग्राम– नावाडीह में प्रखंड–लातेहार अन्तर्गत ललमटिया डैम का जीर्णोद्धार (भाग–1) पंचायत–ईचाक, प्रखंड–लातेहार, जिला–लातेहार | 24.987 | छः माह | |
| | 03 | ग्राम– नावाडीह में प्रखंड–लातेहार अन्तर्गत ललमटिया डैम का जीर्णोद्धार (भाग–2) पंचायत–ईचाक, प्रखंड–लातेहार, जिला–लातेहार | 24.968 | छः माह | |
| 2 | | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 13.09.2024 12.30 बजे अपराह्न से। | | |
| 3 | | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 28.09.2024 5.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 28.09.2024 5.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 30.09.2024 12.30 बजे अपराह्न | | |
| 6 | | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 993182470 | | |
| 7 | | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 | | |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 335148 Water Resource(24-25).D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.

### e-Procurement Short Tender Notice

e-Tender Ref No- 3/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 858 Dated: 06.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Strengthening / IRQP work of Hussainabad-Pathraghat Road (Total Length - 29.10 KM) under R.C.D., Daltonganj for the year 2024-25 |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 15,69,15,304.00 (Rupees Fifteen Crore Sixty Nine Lacs Fifteen Thousand Three Hundred Four Rupees) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 15,69,500.00 (Rupees Fifteen Lacs Sixty Nine Thousand Five Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 08 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 21.09.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 05.10.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 08.10.2024, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562&225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**

For further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 335167 District(24-25)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

### अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– निविदा सूचना संख्या – EE/RDSD/PALAMAU-11/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड हरिहरगंज अन्तर्गत बटाने नदी पर डेमा घाट पर पुल निर्माण। | 49744300.00 | 995000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| | पलामू जिला के प्रखण्ड तरहसी के पंचायत गुरहा के ग्राम सिकनी एवं धुमा के बीच बघमनवा नाला में पुल निर्माण। | 17510400.00 | 351000.00 | 10000.00 | 15 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 11.09.2024 से दिनांक 19.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 21.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।

PR.NO.335155 District(24-25):D

## जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू

### अति अल्पकालीन सीमीत डाक से बन्दोबस्ती

एतद् द्वारा **छत्तरपुर अंचल अन्तर्गत छत्तरपुर मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड, मसिहानी, छत्तरपुर एवं बैरियाडीह करमाकला जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड, छत्तरपुर** तथा **चैनपुर अंचल अन्तर्गत शाहपुर मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड, चैनपुर एवं विस्थापित रानीताल जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड, चैनपुर** को सूचित किया जाता है झारखण्ड सरकार सहकारिता विभाग के पत्रांक 1410/राँची, दिनांक 29/06/2011 के आलोक में माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड, राँची के निर्णय के आलोक में करमा जलाशय एवं रानीताल जलाशय की बन्दोबस्ती सीमीत डाक से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में दिनांक 20/09/2024 को दिन के 12:00बजे अपराह्न में किया जायेगा।

अतः आप सभी समितियों से अनुरोध है कि बन्दोबस्ती हेतु बन्दोबस्ती से संबंधित सभी आवश्यक कागजातों के साथ अवश्य भाग ले जिसमें सभी समितियों की उपस्थिति अनिवार्य है अन्यथा उपस्थित समिति के साथ बन्दोबस्ती कर दी जायेगी तथा अनुपस्थित समिति इसके लिए स्वंय पूर्ण जिम्मेदार होगी और बाद में इसके संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा एवं अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।

**समिति डाक में भाग लेने हेतु आवश्क कागजात इस प्रकार है :–**

1. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र।
2. समिति के अद्यतन लेखों का अंकेक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति।
3. समिति के आमसभा की बैठक की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
4. कार्यकारिणी समिति का चुनाव से संबंधित कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. पूर्व का सरकारी बकाया नहीं रहने से संबंधित प्रमाण पत्र।
6. अद्यतन राजस्व जमा से संबंधित रसीद की छायाप्रति।
7. पूर्व में बन्दोबस्ती ली गई जलकरों की समिति के सदस्यों को वितरण से संबंधित प्रतिवेदन।
8. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ, पलामू द्वारा निर्गत समिति के सदस्यों की सदस्य सूची।

**सीमित डाक हेतु जलकरों की विवरणी।**

| क्र. सं0 | जलकर का नाम | ग्राम | प्रखण्ड | खाता सं0 | खेसरा सं0 | जलक्षेत्र (ए0 में) | अग्रधन राशि | सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | करमा जलाशय | करमाकला | छत्तरपुर | 32 | 262, 266, 282, 343 | 3.00 | 2750.00 | 27500.00 | |
| 2 | रानीताल जलाशय | रानीताल | चैनपुर | – | 2,3,6,7,8 | 5.11 | 3500.00 | 35000.00 | |

**डाक के आवश्यक शर्तें निम्नांकित है :–**

1. सीमित डाक में भाग लेने वाले सभी समितियों के सदस्यों को सुरक्षित जमा राशि का 10प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करनी होगी। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वकता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वकता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद् अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 335158 District (24-25)_D

## आसन्न विधानसभा आम निर्वाचन, 2024
## समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला निर्वाचन शाखा)
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

### आम सूचना

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के सभी निर्वाचकों को सूचित किया जाता है कि, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 4560 दिनांक 08.08.2024 के आलोक में झारखण्ड चुनाव क्विज 2024 का आयोजन ऑनलाईन दिनांक 29.09.2024 (रविवार) प्रातः 9:00 बजे से 9:30 तक होगी। क्विज में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 26.09.2024 (गुरूवार) है। क्विज में प्रथम स्थान पाने वाले को 50,000.00 (पचास हजार), द्वितीय स्थान पाने वाले को 30,000.00 (तीस हजार), तृतीय स्थान पाने वाले को 20,000.00 (बीस हजार) एवं प्रत्येक जिला टॉपर के लिए 10,000.00 (दस हजार) रूपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किये जायेंगे। इस क्विज में भाग लेने हेतु निम्नांकित लिंक पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन तथा क्विज से सम्बन्धित सभी नियम एवं शर्तें आदि देखा जा सकता है – https://jharkhand.indiaelectionsquiz.com

अतएव जिले के सभी निर्वाचकों से अपील है कि चुनाव क्विज 2024 में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर जिले के मतदाता जागरूकता की दिशा में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें।

ह0/-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 335138 Election(24-25)#D

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा 822114
email : principal.itigarhwa@gmail.com

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, गढ़वा, भण्डरिया, झगराटॉड, चिनिया (LWE) एवं गढ़वा जिले के सभी निजि संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2024–25–26 में रिक्त सीटों पर नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड़, राँची के पत्रांक–सं0 संख्या–5/प्रशि0 (प्रशि0)–01/2024–1416 दिनांक–04.09.2024 के अनुपालन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों गढ़वा, भण्डरिया, झगराटॉड, चिनिया (LWE) एवं गढ़वा जिले के सभी निजि संस्थानों में शैक्षणिक सत्र–2024–25–26 में विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु 8वीं एवं 10वीं कक्षा में प्राप्तांक आधारित मेघा– सूचियों के आधार पर आयोजित की जाने वाली Third Round Online Counselling से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना निम्नलिखित है–

**Time Schedule For Third Round Online Counseling & Admission**

| Sl No | Activity | Date | |
|---|---|---|---|
| | | Date | To |
| 1. | Online Registration & Choice Filling In ITIs For Trade | **05.09.2024** | **17.09.2024** |
| 2. | Third Round Online Counseling / Admission (Seat Allotment and Admission) | **18.09.2024** | **21.09.2024** |

2. राज्य के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (सरकारी/निजी/PPP/CSR/TSP) द्वारा Third Round Online Counselling & Admission के तहत् दिनांक–05.09.2024 से 17.09.2024 तक उपलब्ध रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु ऑनलाईन निबंधन/Choice Filling किया जाएगा।
3. दिनांक–18.09.2024 से 21.09.2024 तक सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में Third Round Online Counselling & Admission लिया जाएगा। Third Round Online Counselling & Admission के दौरान संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर व्यवसाय/सीट का आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा।
4. शेष अन्य सूचनाएँ/निर्देश निदेशालय पत्रांक–728, दिनांक–06.05.2024 के अनुसार यथावत् रहेगी।

प्रभारी प्राचार्य
नोड़ल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
गढ़वा

PR 335145 (Labour Employment and Traning)24-25*D

संपादकीय

# क्षमा और त्याग का दर्शन

वैश्विक उपलब्धियों के आधार पर विश्व में अपना वर्चस्व रखने वाले देश भी भारत को आज भी जिन कारणों से सम्मान की दृष्टि से देखते हैं वह है इसका शांति और संतोष का संदेश ।जैनधर्म की त्याग प्रधान संस्कृति में पर्युषण पर्व का अपना अपूर्व एवं विशिष्ट आध्यात्मिक महत्व है। यह एकमात्र आत्मशुद्धि का प्रेरक पर्व है। इसीलिए यह पर्व ही नहीं, महापर्व है। संपूर्ण जैन समाज इस पर्व के अवसर पर जागृत एवं साधनारत हो जाता है। आठ दिनों की कठोर साधना के बाद मैत्री दिवस का आयोजन होता है। पर्युषण पर्व का हृदय है-क्षमापना दिवस जिसे मैत्री दिवस भी कहते हैं। इस दिन अपनी भूलों या गलतियों के लिए क्षमा मांगना एवं दूसरों की भूलों को भूलना, माफ करना, यही इस पर्व को मनाने की सार्थकता सिद्ध करता है। यदि कोई व्यक्ति इस दिन भी दिल में उलझी गांठ को नहीं खोलता है, तो वह अपने सम्यग्दर्शन की विशुद्धि में प्रश्न चिन्ह खड़ा कर लेता है। क्षमायाचना करना, मात्र वाचिक जाल बिछाना नहीं है। परंतु क्षमायाचना करना अपने अंतर को प्रसन्नता से भरना है। बिछुड़े हुए दिलों को मिलाना है, मैत्री एवं करुणा की स्रोतस्विनी बहाना है।मैत्री पर्व का दर्शन बहुत गहरा है। मैत्री तक पहुंचने के लिए क्षमायाचना की तैयारी जरूरी है। क्षमा लेना और क्षमा देना मन परिष्कार की स्वस्थ परंपरा है। क्षमा मांगने वाला अपनी कृत भूलों को स्वीकृति देता है और भविष्य में पुनः न दुहराने का संकल्प लेता है जबकि क्षमा देने वाला आग्रह मुक्त होकर अपने ऊपर हुए आघात या हमलों को बिना किसी पूर्वाग्रह या निमित्तों को सह लेता है। क्षमा ऐसा विलक्षण आधार है जो किसी को मिटाता नहीं, सुधरने का मौका देता है। भगवान महावीर ने कहा-ह्यअहो ते खंति उत्तमा-क्षांति उत्तम धर्म है। तितिक्खं परमं नच्चा-तितिक्षा ही जीवन का परम तत्व है, यह जानकर क्षमाशील बनो। पयुर्षण महापर्व से जुड़ा मैत्री पर्व मानव-मानव को जोड़ने व मानव हृदय को संशोधित करने का पर्व है, यह मन की खिड़कियों, रोशनदानों व दरवाजों को खोलने का पर्व है, जो एकाग्रता एवं एकांत आध्यात्मिक जिज्ञासाएं जगाकर एक समृद्ध एवं अलौकिक अनुभव तक ले जाता है। इस भीड़भाड़ से कहीं दूर सबसे पहली जो चीज व्यक्ति इस पर्युषण की साधना से सीखता है वह है -अनुशासनयुक्त मैत्रीमय जीवन। यह विलक्षण साधना तनावमुक्ति का विशिष्ट प्रयोग है जिससे शरीर को आराम मिलता है, अपने आपको, अपने भीतर को, अपने सपनों को, अपनी आकांक्षाओं तथा उन प्राथमिकताओं को जानने का यह अचूक तरीका है, जो घटना-बहुल जीवन की दिनचर्या में दब कर रह गयी है। इस दौरान परिवर्तन के लिये कुछ समय देकर हम अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं तथा साथ ही इससे अपनी आंतरिक प्रकृति को समझ सकते हैं, उसे उन्नत एवं समृद्ध बना सकते हैं। भगवान महावीर ने क्षमा यानि समता का जीवन जीया। वे चाहे कैसी भी परिस्थिति आई हो, सभी परिस्थितियों में सम रहे। ह्यक्षमा वीरो का भूषण है-महान् व्यक्ति ही क्षमा ले व दे सकते हैं। पर्युषण पर्व क्षमा के आदान-प्रदान का पर्व है। इस दिन सभी अपनी मन की उलझी हुई ग्रंथियों को सुलझाते हैं, अपने भीतर की राग-द्वेष की गांठों को खोलते हैं वह एक दूसरे से गले मिलते हैं। पूर्व में हुई भूलों को क्षमा के द्वारा समाप्त करते हैं व जीवन को पवित्र बनाते हैं। पर्युषण महापर्व का समापन मैत्री दिवस के साथ होता है। अहिंसा और मैत्री के द्वारा ही शांति मिल सकती है। आज जो हिंसा, युद्ध, आतंक, आपसी-द्वेष, नक्सलवाद एवं भ्रष्टाचार जैसी ज्वलंत समस्याएं न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए चिंता का बड़ा कारण बनी हुई है और सभी कोई इन समस्याओं का समाधान चाहते हैं।

> भगवान महावीर ने क्षमा यानि समता का जीवन जीया। वे चाहे कैसी भी परिस्थिति आई हो, सभी परिस्थितियों में सम रहे। क्षमा वीरो का भूषण है- महान व्यक्ति ही क्षमा ले व दे सकते हैं।

# आत्महत्या समस्या का हल नहीं, कमजोरी है




डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आत्महत्या कभी भी, किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि आत्महत्या एक अपराध है। समस्याओं से भागना कमजोरी है, सभी प्राणियों में सबसे बुद्धिमान मनुष्य है, लेकिन पूरी दुनिया में मनुष्य के अलावा कोई भी जानवर या जीव आत्महत्या नहीं करता। जब एक प्राणी भी अपने जीवन के अंत तक संघर्ष करता है, तो आज के आधुनिक समाज में सुविधा संपन्न व्यक्ति आत्महत्या क्यों करता है, यह पूरी तरह से अनुचित है। जीवन में हर व्यक्ति का संघर्ष दूसरों को बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। असफलता हमें सिखाती है कि क्या नहीं करना चाहिए। दुख है तो सुख भी है, नफरत है तो प्रेम भी है, असत्य है तो सत्य भी है, बुराई है तो अच्छाई भी है। हर दिन एक जैसा नहीं होता, परिवर्तन संसार का नियम है। पशु-पक्षी, जीव-जन्तु कभी निराश नहीं होते, जब तक जीवन है, तब तक काम करते हैं, जब वे कठिनाइयों का सामना करते हैं तो उनकी मदद करने वाला तक कोई नहीं होता।




आत्महत्या से वैश्विक स्तर पर हर साल 7 लाख से अधिक मौतें होती हैं। आत्महत्या से घर परिवार, समुदाय पर गहरा प्रभाव पड़ता है। घर के किसी व्यक्ति के जाने के बाद उसकी कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। आत्महत्या से परिवार के लोगो को आर्थिक, मानसिक, सामाजिक पीड़ा सहनी पड़ती है। इस साल 2024 से 2026 तक के लिए 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' का त्रिवार्षिक थीम 'बातचीत शुरू करने' के आह्वान के साथ 'आत्महत्या पर कथा बदलना' है। इस थीम का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और आत्महत्या की रोकथाम के बारे में खुली बातचीत को प्रोत्साहित करना है। चुप्पी और कलंक की संस्कृति से खुलेपन, समझ और समर्थन की संस्कृति में बदल सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, जितने लोग आत्महत्या करते है उससे 20 गुना अधिक लोग आत्महत्या का प्रयास करते हैं, दुनिया में औसतन हर 40 सेकंड में आत्महत्या से एक मौत और हर 3 सेकंड में एक आत्महत्या का प्रयास है।

**राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के आधार पर छात्र आत्महत्या** : भारत में फैलती महामारी रिपोर्ट 2024 अनुसार, हर साल आत्महत्याओं में 2 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है और चौंकाने वाली बात है कि छात्र आत्महत्याओं में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। दुनिया में सबसे ज्यादा आत्महत्याएं भारत में होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में 171,000 लोग आत्महत्या से मर गए, जिसमें 2021 की तुलना में 4.2% की वृद्धि और 2018 की तुलना में 27% की वृद्धि दर्ज की गई। एक लाख पर आत्महत्या की दर 12.4 हो गई है, जो बहुत अधिक है। 2022 में देश में 1.7 लाख आत्महत्या से होने वाली मौतों में से 13.3% के साथ, महाराष्ट्र राज्य देश की आत्महत्या राजधानी के रूप में शीर्ष पर है। महाराष्ट्र राज्य के राहत और पुनर्वास विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल महाराष्ट्र राज्य में 2,851 किसानों ने वित्तीय संकट के कारण आत्महत्या करके अपनी जान दे दी। 2022 में यह संख्या बढ़कर 2,942 हो गई, जबकि 2021 में यह 2,743 थी।




सरकारी अधिकारियों की गलतियों, लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण कई दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें हमेशा जान-माल की हानि होती है, ऐसी दुर्घटनाओं में हर साल बड़ी संख्या में लोग मारे जाते हैं, फिर भी दोषी अधिकारी ये अपराधी होकर भी आत्मग्लानि में नहीं जलते और आत्महत्या नहीं करते, फिर हम क्यों छोटी-छोटी बात पर अपना आपा खो देते है। मनुष्य की बुराइयों ने आज जीवन को कठिन बना दिया है, क्योंकि मनुष्य के लालच और स्वार्थ ने समस्याएं पैदा कर दी हैं। झूठा दिखावा, लोगों से अत्यधिक अपेक्षाएं या ज्यादा भरोसा, घमंड, नशे की लत, संस्कार की कमी, गलत संगत, कथनी-करनी में अंतर, अनियंत्रित भावनाएं, मेहनत की कमी, आलस्य, कमजोर महसूस करना, जल्दी हार मानना, संतुष्टि की कमी ये सब मानव निर्मित समस्याएं हैं, जो मृत्यु का कारण भी बनती है। जो जीत हासिल करना जानते है, उन्होंने ही दुनिया में इतिहास रचा है, क्योंकि उन्होंने संघर्ष किया है, अपना लोहा मनवाया है।

जिंदादिली का सबसे बड़ा उदाहरण हमारे देश के नेता हैं, हमें उनसे सीखना चाहिए कि हर कठिन परिस्थिति में सकारात्मक सोच कैसे रखनी चाहिए। चुनाव जीते-हारे, दलबदल, घोटालों का गंभीर आरोप लगे या उन पर केस हो, जेल जाना पड़े, मंत्रीपद छोड़ना पड़े, गठबंधन टूट जाए, प्रतिद्वंदियों से हाथ मिलाना पड़े, लेकिन नेता हमेशा तनाव को नियंत्रित रखते है, हर हाल में जनता को सकारात्मक वादे करते हैं और खुद भी स्वस्थ बने रहते हैं। चुनाव के दौरान वह बारिश और धूप में लगातार रैली करते है, यहां तक कि कम नींद लेकर भी अपनी ऊर्जा बनाये रखते है। उम्र का उन पर ज्यादा असर नहीं दिखता, वे हर दिन 12-14 घंटे व्यस्त रहते हैं। मुश्किल प्रसंग में भी आत्महत्या के बारे में नहीं सोचते, यह आदतें, व्यवहार, बातें हम सभी को सीखने की जरूरत है।

इंसानी जज्बे, बुलंद हौसले और जुनून की अनूठी मिसाल माउंटेन मैन दशरथ मांझी जो बिहार के ग्रामीण क्षेत्र के अतिसामान्य गरीब बुजुर्ग व्यक्ति, जिन्होंने अकेले लगातार 22 साल हथोड़े छेनी के मदद से पहाड़ काटकर रास्ता बनाया। लोग पहले उन्हें पागल कहते थे, लेकिन उन्होंने पूरी दुनिया में इतिहास रच दिया। धुप, बारिश, तूफान हर मौसम की चुनौतियों को पार कर एक वयोवृद्ध व्यक्ति ने असंभव को संभव बना दिया। जरा सोचकर देखो कि इन 22 सालों में उन्हें कितनी तकलीफें सहनी पड़ी होगी, लेकिन उनका लक्ष्य केवल एक था, वे अपने लक्ष्य से कभी विचलित नहीं हुए, न कभी हिम्मत हारी। इसे कहते है सकारात्मक सोच का जज्बा।

पैरालंपिक में दुनिया के दिव्यांग खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ कौशल दिखाते हैं और देश के लिए पदक जीतकर देश का मान बढ़ाते हैं। स्टीफन विलियम हॉकिंग जैसे कई वैज्ञानिकों ने अपनी विकलांगता को कमजोरी नहीं बनने दी, उन्होंने नई खोज कर इतिहास रचा है। मनुष्य को कभी भी अपने आप को कमजोर नहीं समझना चाहिए और ना ही कभी हार माननी चाहिए। इस अनमोल जीवन को खुशी से आखिरी सांस तक हर परिस्थिति में मुस्कुराते हुए जीना है। सारी दुनिया की दौलत खर्च करने के बाद भी हम एक पल की जिंदगी भी खरीद नहीं सकते। अनमोल जीवन का मूल्य समझें। छोटीसी चींटी भी बार-बार असफल होने के बाद भी प्रयास नहीं छोड़ती है, हार नहीं मानती, फिर से प्रयास कर सफल होती हैं, तो फिर कोई व्यक्ति आत्महत्या जैसा अपराध क्यों करता है? दुनिया में हमसे भी ज्यादा लोग संघर्ष करते है। गुस्से या आवेश में आकर जल्दबाजी में कभी कोई निर्णय न लें, खुशी या भावनाओं में बहकर कोई भी वादा न करें। कोई भी अनुचित निर्णय लेने से पहले उसके परिणाम, अपनों पर प्रभाव, भविष्य पर विचार करें। लोगों से ज्यादा उम्मीदें न लगाएं, झूठे दिखावे से बचें, अपनी मयार्दाओं को पहचानें। बच्चों को अच्छे-बुरे की समझ दें, बुजुर्गों और महिलाओं का आदर, कमजोरों की मदद, नशे से दूरी, संस्कार, न्याय और एकता की सीख बच्चों को बचपन से मिलनी चाहिए। हेल्दी हॉबी, परोपकारिता, व्यायाम, प्रकृति और पशुओं से प्रेम, समाज और देश के प्रति नैतिक जिम्मेदारी, अच्छे काम के लिए श्रमदान करने से हमें परिपक्वता, सुजान नागरिक और समाधानी बनने में मदद मिलती है। ऐसे दिनचर्या और जीवनशैली से हम हमेशा सुखद वातावरण का अहसास करते है, सकारात्मक विचारशक्ति बढ़ती है, तनाव मुक्त जीवन जीने का यह आसान तरीका है।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

आप की बात

## सीएए पर भ्रम की राजनीति के निहितार्थ



सुरेश हिन्दुस्तानी

भारत में नागरिकता संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद एक बार फिर से राजनीतिक गुणा भाग का खेल प्रारंभ हो गया है। तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल इस मामले में पूर्व नियोजित राजनीति ही कर रहे हैं। जबकि केंद्र सरकार की ओर से बार बार यह स्पष्ट किया जा रहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम नागरिकता देने वाला है, यह किसी की नागरिकता को समाप्त नहीं करेगा। इसके विपरीत केंद्र सरकार के प्रत्येक कदम का विरोध करने वाले राजनीतिक दल इसे भारतीय मुसलमानों के विरोध में उठाया गया कदम बताने का भ्रम पैदा करने वाला रवैया बता रहे हैं। यहां एक बात यह भी स्पष्ट करने वाली है कि इस अधिनियम में भारत के मुसलमान कहीं है ही नहीं, फिर क्यों इस अधिनियम में मनमाफिक निहितार्थ तलाश करने की राजनीति क्यों की जा रही है। क्या इस प्रकार की राजनीति देश को मजबूत बना सकती है, यकीनन नहीं। क्योंकि जिस देश में कुतर्क की राजनीति की जाती है, वहां भ्रम का वातावरण ही निर्मित होगा। देश के राजनीतिक दलों को चाहिए कि वह स्वच्छ और रचनात्मक राजनीति करके देश को शक्तिशाली बनाने का प्रयास ही करे। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो वह अपने एजेंडे से अलग कुछ भी नहीं कर रही है, नागरिकता का मुद्दा उसके लिए पहले से ही प्राथमिकता में रहा है। इतना ही नहीं अभी तक भाजपा नीत केंद्र सरकार ने जो निर्णय लिए हैं, उन सभी को लेकर ही वह जनता के पास गई और भाजपा को ऐसा करने के लिए ही समर्थन मिला। नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत यह भी स्पष्ट है कि इसमें बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के प्रताड़ित अल्पसंख्यक समाज को ही भारत की नागरिकता देने का प्रावधान किया है, इसके विपरीत इन देशों में मुसलमान बहुसंख्यक है। वे हिन्दू सहित अन्य गैर मुस्लिमों को प्रताड़ित करते रहते हैं। इसी प्रताड़ना के कारण ही वे अपने देश को छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं। इन प्रताड़ित लोगों के लिए किसी भी मुस्लिम देश में शरण नहीं मिलती। इसी कारण से भारत सरकार ने यह कदम उठाया है। जबकि इन देशों में मुस्लिमों को प्रताड़ित नहीं किया जाता।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

सबकी बात

# आत्महत्या के बारे में बात करना बहुत जरूरी है, क्योंकि कुछ सालों में आत्महत्या के मामले तेजी से बढ़े हैं

## यह बताती है मन:स्थिति



डॉ. भूमिका सच्चर
(मनोवैज्ञानिक)

इसकी वजह उच्च स्तर का कॉम्पीटिशन, जो चाहे प्रोफेशनल ज़िंदगी में हो या फिर निजी, हर तरफ है। लोगों में तनाव की वजह भी यही है। आपतौर पर जो लोग तनाव से जूझ रहे होते हैं, उनके हावभाव दूसरों के सामने बिल्कुल समान रहते हैं। लेकिन बावजूद कुछ ऐसे संकेत हैं जिसकी मदद से लक्षणों को पहचान सकते हैं और उनसे बात कर उनके विचारों को बदलने की कोशिश कर सकते हैं।



- मरने की इच्छा या खुद को मारने की इच्छा के बारे में बात करना
- खालीपन या निराशा महसूस करने या जीने का कोई कारण न होने के बारे में बात करना
- उदास महसूस करना या यह महसूस करना कि किसी भी समस्या का समाधान नहीं है
- उसके अंदर बदलाव दिखना जैसे नींद में बदलाव, बोलने में बदलाव, चलने में बदलाव।
- असहनीय भावनात्मक या शारीरिक दर्द महसूस करना
- दूसरों पर बोझ बनने की बात करना
- परिवार और दोस्तों से दूर रहना
- महत्वपूर्ण संपत्ति दान करना
- मित्रों और परिवार को अलविदा कहना
- बहुत अधिक जोखिम उठाना जिससे मृत्यु हो सकती है, जैसे कि बहुत तेज गति से वाहन चलाना
- अक्सर मौत के बारे में बात करना या सोचना



## बोधि वृक्ष

**यदि आप अपना मानसिक प्रतिज्ञापन जारी रखते हैं, तथा और भी अधिक गहराई में जाते हैं, तो आपको बढ़ती हुई प्रसन्न्ता और शांति के बोध का अनुभव होगा।**

# प्रतिज्ञापन और प्रार्थना की शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

जब तक कि आप यह अनुभव न कर लें कि आपने गहरी, अटूट एकाग्रता प्राप्त कर ली है -एकाग्रता प्राप्त कर ली है -अचेतनता नहीं, अपितु अवरोध रहित विचार की गहरी निरन्तरता। यदि आप अपना मानसिक प्रतिज्ञापन जारी रखते हैं, तथा और भी अधिक गहराई में जाते हैं, तो आपको बढ़ती हुई प्रसन्न्ता और शान्ति के बोध का अनुभव होगा। गहरी एकाग्रता की अवस्था में, अधिक सुदृढ़ शक्ति के साथ आपके चेतन मन को आदत के नियम के द्वारा प्रभावित करने के लिए वापस आएगा। विशिष्ट उद्देश्यों के लिए प्रतिज्ञापनइस पुस्तक के प्रत्येक अध्याय के अन्त में दिए गए हैं। Scientific Heading Affirmations, व Metapjysical Meditation पुस्किाओं में और योगदा सत्संग पाठमाला में, परमहंस योगानन्दजी ने रोगमुक्ति, आत्म-सुधार, तथा भगवान के बोध में गहराई पाने के लिए सैकड़ों अन्य प्रतिज्ञापन प्रदान किए हैं। जब आप सदा बढ़ती हुई शान्ति का अनुभव करते हैं, उस समय आपका प्रतिज्ञापन अधिचेतना के क्षेत्र में और गहरा चला जाता है, और तब आपके चेतन मन को प्रभावित करने एवं आपकी इच्छाओं की पूर्ति करने के लिए भी, असीम शक्ति से आवेशित होकर वापस आता है। शंका न करें और आप इस वैज्ञानिक विश्वास के चमत्कार को देखेंगे। (क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




अलग बात

# लुप्त हो गए विवाह के झारखंडी जहाज

जहाज को बचपन का एक रोमांच माना जाता है। एक आम भारतीय जहाज को दुर्लभ मानता है और झारखंड जैसे पिछड़े और गरीब प्रदेश में इसके बारे में कहानियां ही सुनी जाती थीं। राजा महाराजाओं की बात अलग है आज भले अनेक झारखंडी स्वयं का जहाज खरीदने की स्थिति में हैं । हमें तो बस इतना ही पता है कि राईट बंधुओं ने जहाज का आविष्कार किया है और मध्यम या निम्न मध्यम वर्ग के लिए इसकी सवारी का आनंद एक बड़ा सपना बना रहता है। झारखंड के दक्षिणी भूभाग पर चले जाएं तो आप जहाज के इस आकर्षण को लेकर हैरान रह जाएंगे। यह हैरानी इसलिए होगी कि यहां के युवाओं के लिए यह सपना तो सदियों से यथावत है और यह तब से बना हुआ है जबसे न राईट बंधुओं का जन्म हुआ था और न आसमान में उड़ते जहाजों का कोई नामोनिशान ही था। बीते हुए कल की ही तो बात है जब हममें से प्रत्येक व्यक्ति के लिए इस रोमांच का संबंध उस सपने से होता था जिसे हम वैवाहिक संस्कार के तौर पर जानते हैं इसमें इस जहाज की अहम भूमिका हुआ करती थी ।महज तीस चालीस पहले ग्रामीण परिवेश की सोलह श्रृंगारों से सजी किसी नववधु के लिए यही जहाज उसके सपनों का अंतिम लक्ष्य हुआ करता था। शायद राईट बंधुओं को भी यह पता नहीं होगा कि अति पिछड़ा समझा जाने वाले झारखंड का यह वन क्षेत्र और यहाँ के लोगों को तब से जहाज की जानकारी है जबसे पाश्चात्य देशों को इसकी कल्पना भी नहीं की थी । आज जहाज सजाकर बारात जाने की परंपरा विलुप्तप्राय हो चुकी है और इसके साथ साथ जहाज के पीछे दौड़ लगा रहे नंगे अधनंगे बच्चों की किलकारी और जहाज पर बैठे दुल्हे राजा के रोमांच का भी समापन हो चुका है परन्तु यह एक शाश्वत सत्य है कि झारखंड के इस क्षेत्र के लोग सदियों से जहाज लेकर ही बारात निकाला करते थे। शादी विवाह कोई नयी बात नहीं है और इसमें सजने वाले पालकी को भी इसी संदर्भ में लिया जा सकता है परन्तु झारखंड के इस भूभाग में पालकी की छटा कुछ अलग ही हुआ करती थी। ऐसा इसलिए कि अन्य जगहों में यह भले महज एक पालकी हुआ करती थी परन्तु महिनों तक महीन कारीगरी के बीच इसकी बेजोड़ बनावट और विशिष्ट सजावट के कारण इसे यहाँ 'जहाज' का सम्मान प्राप्त था। इसकी इस महत्ता का अनुमान सिर्फ इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि सामान्य जनमानस के अनुसार बगैर दुल्हन के शादी समारोह हो जाएगा परन्तु बगैर जहाज के यह कतई संभव नहीं है! आधुनिकता की दौड़ में हमारा यह जहाज भी कहीं गुम होकर रह गया है। अब हमारा दूल्हे राजा ऐसे किसी पालकी पर सवाल होकर न अपने सपनों की रानी का ख्वाब देखता है और न कहीं इसका कोई अस्तित्व ही शेष रह गया है। यहाँ तक कि युवा होती नई पीढ़ी को तो शायद इसका आभास भी नहीं है कि तमाम विपन्नता के बावजूद सदियों तक हमने जहाज पर सवार होकर अपनी बारात सजाई थी । उल्लेखनीय है कि जनजातीय बहुल गुमला,लोहरदगा,सिमडेगा,खूंटी और रांची क्षेत्रों में इसका स्वरूप थोड़ा अलग था पर परंपरा यही रही थी जो अब नेतरहाट के आसपास आदिम जनजातियों के बीच आज भी प्रचलित है जिसमें मनुष्य संचालित घोडा सवार भी शामिल है।

### प्राचीन काल में विवाह की पालकी को जहाज कहा जाता था





केदारनाथ दास
लेखक

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## खनिज टास्क फोर्स की बैठक हुई

# एनजीटी के आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में थानावार अवैध बालू उठाव व अवैध खनिज परिवहन को लेकर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इसमें सभी अंचल अधिकारियों व थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाये जाने, कार्रवाई का प्रतिवेदन खनन पदाधिकारी व उपायुक्त कार्यालय में समर्पित करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि 15 अक्टूबर तक एनजीटी के आदेशानुसार नदियों से बालू का खनन व उठाव बंद है।

ऐसे में इस आदेश का पालन अक्षरशः अपने-अपने क्षेत्र में सभी पदाधिकारी व थाना प्रभारी कराएं। अवैध रूप से बॉक्साइट, आयरन, कोयला आदि का परिवहन करनेवालों पर भी कार्रवाई की जाए। सभी आदेशों का अनुपालन कराएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, सहायक खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।




### पल्स पोलियो टीकाकरण सर्वे की समीक्षा हुई

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की बैठक हुई। जिसमें जिला में संचालित पल्स पोलियो अभियान के दौरान सौ प्रतिशत टीकाकरण के सर्वे की समीक्षा की गई। विभाग की ओर से सर्वे के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि जिला में 95 प्रतिशत से अधिक बच्चों का टीकाकरण पूर्ण हो चुका है। इसमें कुल 4277 बच्चों का सर्वे किया गया। बैठक में सदर अस्पताल के संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## जिला परिषद की बैठक में विभिन्न विभागों की हुई समीक्षा

# जिले में जर्जर एवं खराब सड़क तथा बिजली के खंभों व तारों को ठीक करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिला परिषद कार्यालय, स्थित सभाकक्ष में सोमवार को जिप अध्यक्ष रीना कुमारी की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक हुई। बैठक में गत 9 जुलाई 2024 को हुई बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिये गये।

जिला परिषद सदस्य सेन्हा द्वारा सेन्हा प्रखंड के तोड़ार पंचायत में स्थित खराब जलमीनार के बारे में समस्या से अवगत कराया गया। साथ ही, हर घर जल योजना में आ रही परेशानियों के बारे में भी बताया गया। जिला परिषद सदस्य किस्को द्वारा देवदरिया पंचायत में कूप निर्माण में प्रयोग की जा रही खराब ईंटो की भी सूचना दी गयी जिसकी जांच किये जाने के लिए उप विकास आयुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को निदेश दिया गया। पाखर पंचायत में नवनिर्माण हुए सड़क का बह जाने पर एजेंसी के सुरक्षा राशि को रोकने एवं जांच करने का भी निर्देश उप विकास आयुक्त द्वारा दिया गया है।

साथ ही जिले में जर्जर एवं खराब सड़क एवं बिजली के खंभों एवं तारों को जल्द से जल्द ठीक करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उरांव, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिला परिषद सदस्य भडरा राजमनी उरांव, जिला परिषद सदस्य पेशरार रूबी कुमारी, सभी प्रखंड प्रमुख, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने गुमला सदर प्रखंड के तेतरडिपा ग्राम का किया दौरा

**गुमला।** गुमला आज सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा गुमला सदर प्रखंड अंतर्गत घटगांव पंचायत स्थित तेतरडिपा ग्राम का दौरा किया। 9 घरों वाले कोरवा समुदाय के नागरिकों से उपायुक्त ने मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं को जाना। शत प्रतिशत समुदाय के नागरिकों को सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके इस उद्देश्य से उपायुक्त द्वारा लगातार विभिन्न ग्रामों का दौरा किया जा रहा है। आज तेतरडीपा ग्राम अंतर्गत उपायुक्त द्वारा सभी नागरिकों के बीच जनसंवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें आवास योजना का लाभ मिल चुका है परंतु आवास निर्माण का कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को आवास निर्माण का कार्य अविलंब प्रारंभ करवाने का निर्देश दिया। सभी घरों में नल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही।

## न्यूज बॉक्स

### टाउन हॉल में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आज

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस की ओर से शहरी क्षेत्र में राज्य स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन 10 सितंबर 2024 (मंगलवार) को टाउन हॉल, लोहरदगा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्या / शिकायत का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों से प्राप्त लिखित एवं मौखिक शिकायत/समस्या पर लोहरदगा जिला के प्रखण्ड कार्यालय एवं थाना/ओ० पी० / शाखा के पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर आम नागरिकों के शिकायत / समस्या का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी भाग लेकर आम नागरिकों के समस्याओं का निष्पादन करेंगें। बताया गया कि लोहरदगा जिला में किसी गांव-मोहल्ला अन्य जगह में कहीं किसी प्रकार की समस्या य शिकायत है तो कोई भी नागरिक इस शिविर में आकर अपनी समस्या या शिकायत का समाधान करा सकते हैं। शिविर का समय सुबह 11 बजे से है।

### चंद्रशेखर आजाद चौक तेतरतर में धूमधाम से होगी दुर्गा पूजा : रितेश कुमार

**लोहरदगा।** सोमवार बालिका विद्यालय के प्रांगण में चन्द्रशेखर आजाद चौक श्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक रितेंद्र महतो उर्फ सोनू की अध्यक्षता में की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चन्द्रशेखर आजाद चौक तेतरतर में दुर्गा पूजा धूम धाम से मनाई जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे रितेंद्र महतो ने कहा कि हम सभी को पूरे उत्साह के साथ नए ढंग से तैयारी करनी होगी, जिसमें विशेष साज सज्जा माता भक्तों को देखने के लिए मिले। दुर्गा पूजा को संचालित करने के लिए पुरानी कमिटी को ही कार्यभार सौपा गया है, जिसमें अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ कुणाल,सचिव अंकित वर्मा, कोषाध्यक्ष के लिए शुभम जायसवाल को प्रभार दिया गया। मौके पर उपस्थित, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि, हम सभी मिलकर अनुशासित रूप से दुर्गा पूजा का संचालन करेंगे, माता भक्तों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े उसकी समुचित वयवस्था आयोजन समिति करेगी एवं इस वर्ष चन्द्रशेखर आजाद चौक लोहरदगा जिला में आकर्षक का केंद्र बनेगा '

### शराब पीकर कुएं में गिरा व्यक्ति, मौत

**गुमला ।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर गुरदरी थाना क्षेत्र के तुसरूकोना ग्राम निवासी गुड्डू बृजिया की मौत कुंआ में गिरने से हो गयी। इस संबंध में मृतक गुड्डू बृजिया की पत्नी चांदनी बृजिया ने पुलिस को बताया कि हम दोनों (पति-पत्नी) बनारी बाजार एक साथ गयें हुए थे। जहां दोनों पति-पत्नी ने शराब पिया और साथ-साथ वापस घर आ रहे थे। इसी क्रम में रास्ते में गुड्डू बृजिया को शौच लगा। तो वह सड़क किनारे चला गया और इसी क्रम में नशे के हालात में वह कुंआ में डूब गया। जब घटना की जानकारी ग्रामीणें को मिली तो घटनास्थल पर पहुंचकर मेरे पति को कुंआ से निकाला। परन्तु तबतक बहुत देर हो चुकी थी और मेरे पति की मौत हो चुकी थी, बाद में उक्त घटना की सूचना गुरदरी थाना पुलिस को दी गई। उक्त सूचना मिलते ही गुरदरी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर पुछताछ और गहराई से छानबीन शुरू करते हुए। उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया । जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, पुलिस मामले की गहराई से छानबीन और पुछताछ शुरू कर दी हैं।

### भंडरा प्रखंड में गणेश पूजा की धूम



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में गणेश पूजा को लेकर रौनक बढ़ गई है। नव युवक संघ गणेश पूजा समिति भंडरा द्वारा को पूरे विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना किया। भंडरा में गणेश पूजा को लेकर भव्य पंडाल निर्माण के साथ सड़क के दोनो ओर विद्युत सज्जा कराया गया है। समिति के अध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता ने कहा की भंडरा में युवाओं द्वारा गणपति पूजा विगत दो वर्षो से पूरी भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। जिसमें आचार्य आनंद दुबे द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने बताया की आगामी बुधवार 11 सितंबर को गणपति विसर्जन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जिसमें उपाध्यक्ष सनियाल यादव, आनंद सिंह, संजीत साहू, सचिव विशाल सोनी, विवेक यादव, आयुष गुप्ता, अमर साहू, राजेश भगत, शिव सागर उरांव, ऋषभ साहू, रोहित लहेरी, चंदन लहेरी, रौशन गुप्ता का अहम योगदान है।

### अवैध बालू लदा हाइवा जब्त, चालक गिरफ्तार



**भरनो।** एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना के पास सोमवार की अहले सुबह अवैध रूप से बालू परिवहन कर रहे एक हाईवा को खनन विभाग के खान निरीक्षक नीरज कुमार ने भरनो पुलिस के सहयोग के पकड़ा है।साथ ही उक्त हाईवा चालक को भी गिरफ्तार किया गया है।अवैध बालू परिवहन को लेकर खान निरीक्षक ने भरनो थाने में केस दर्ज कराया,खनन विभाग के इस कार्यवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

### चैनपुर में गणेश चतुर्थी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चैनपुर।** दुर्गा मंदिर परिसर में गणेश पूजा के 25 वें वर्ष पूरे होने पर समिति के लोगों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमिता लकड़ा, सहित चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी,जिला परिसद सदस्य मेरी लकड़ा,चैनपुर मुखिया शोभा देवी दुर्गा मंदिर के संरक्षक चन्देस्वर साह ने सामूहिक रूप से फिता काट कर प्रोग्राम का शुभारम्भ किया वहीं समिति के लोगों के द्वारा सभी अतिथियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों के द्वारा एक से एक भक्ति गीत, नागपुरी गीत एवं नृत्य पेश किया गया वहीं दर्शकों ने भी कार्यक्रम का जझकर लुत्फ उठाया खासकर युवा वर्ग नागपुरी गाने में जमकर झूमते नजर आए इधर कार्यक्रम में सुरक्षा को लेकर चैनपुर पुलिस अलर्ट मोड में दिखी किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो जिसको लेकर जगह जगह जवान तैनात किए गए थे वहीं मेन रोड में सड़क सुरक्षा को देखते हुए पुलिस के द्वारा बैरेकेटिंग भी लगाया गया था।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**भरनो।** प्रखंड के दक्षिणी भरनो और मारासीलि पंचायत में सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन विधायक जिग्गा सुसारन होरो बीडीओ अरुण कुमार सिंह, प्रमुख पारसनाथ उराँव,उप प्रमुख बबिता तिर्की,जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष जॉनसन बड़ा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मौके पर विद्यायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा की हमारी सरकार गरीबों,किसानों,आमजनों,किशोरियों महिलाओं के लिये कई प्रकार की योजनाएं चला रही है,खासकर मईयां सम्मान योजना 21 वर्ष से घटाकर अब 18 वर्ष कर दिया गया है जिससे किशिरियों को भी इसका लाभ दिया जाएगा।

## तीन वर्षीया बच्ची की कुएं में डूबने से मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला सदर थाना स्थित करौंदी नायक टोली निवासी मंटू नायक की तीन वर्षीय पुत्री काव्या कुमारी की मौत कुंआ में डूबने से हों गयी, मृतक बच्ची के परिजनों ने बताया की काव्या कुमारी अपने घर में ही खेल रही थी और उसकी मां अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थी और घर के पास मुहल्ले में गणेश पूजा भी हो रहा था, इसी क्रम में उक्त बच्ची घर से कब निकली , यह किसी ने नहीं देखा, जब उसकी मां घरेलू काम कर , निश्चित हुई तो वह अपने पति से पुछी की काव्या कुमारी कहां है , तो उसने कहा की , मैं भी उसे नहीं देखा हूं , फिर दोनों पति-पत्नी और फिर मुहल्ले वासियों ने मिलकर उक्त बच्ची को खोजने लगे , इसी क्रम में एक व्यक्ति ने पास के कुंआ में झांककर देखा तो , उक्त बच्ची का शव कुंआ में तैर रहा था, बाद में आनन - फनन में उक्त बच्ची को लेकर इलाज के लिए , गुमला सदर अस्पताल दौड़े , जहां डॉक्टर ने जांचोपरांत उक्त बच्ची को मृत घोषित कर दिया, जिससे माता-पिता और पुरे परिजनों में कोहराम मच गया और परिजन दहाड़े मार-मार कर रोने लगें और अपने बच्ची के उक्त शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाह रहे थे, जिसपर पुलिस एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि यह एक आवश्यक प्रक्रिया है , जिसे पूरा करना आवश्यक होता हैं।

# मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कुड़ू प्रखंड के विभिन्न गांवों का किया दौरा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सोमवार को मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा विधानसभा के कुडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम जामड़ी,दोबा, टाकू आदि गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को विभिन्न समस्याओं की जानकारी दी। जिसके निराकरण के लिए मंत्री ने संबंधित अधिकारियों से बात कर त्वरित समाधान करने की बात कही। मंत्री डॉ रामेश्वर ने ग्रामीणों को झारखंड सरकार के द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं की जानकारी देते हुए विधायक निधि से किए गए कार्यों की समीक्षा भी की।और कहा की वर्तमान समय में झारखंड सरकार के द्वारा अनेको कार्य किया जा रहा है जिसका लाभ सभी ग्रामीणों को जागरूक होकर अपना लाभ लेने का काम करे इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, सभी छात्राओं को साइकिल, इन सभी कार्य के साथ शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है इसके साथ ही वर्तमान में सबसे मुख्य योजना जो महिलाओं के लिए मैया सम्मान योजना के तहत 18 वर्ष से ऊपर के महिलाओं को प्रत्येक माह 1000 रुपया दिया जा रहा है इसके साथ हैं विधवा एवं वृद्धा पेंशन, दिया जा रहा है।



### हाथियों से पीड़ित ग्रामीणों से मिले मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव

**लोहरदगा।** सोमवार को कुडू प्रखंड के ग्राम टिकों एवं कुडू हमीद नगर में विगत कुछ दिन पूर्व जंगली हाथियों के द्वारा कुडू हमीद नगर निवासी सौकिन अंसारी को हाथियों ने कुचलकर मार डाला। इसके साथ ही काफी घरों को जंगली हांथियो के द्वारा नुकसान पंहुचाया गया। जिसकी सूचना पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव हाथियों के चपेट से पीड़ित ग्रामीणों से मिले एवं हाथियों द्वारा पहुंचाए गए नुकसान पर तत्काल आर्थिक सहयोग किया। पदाधिकारियों से बात कर मुआवजा उपलब्ध कराने की बात कही।

## सहभागिता के साथ विकास को लेकर होप संस्था की हुई बैठक

# वायु प्रदूषण से बचाव के लिए होप संस्था ने नीम के 5000 पौधे बांटे

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

रामपुर पंचायत के खखपरता सामुदायिक भवन में सहभागिता के साथ विकास को लेकर होप संस्था की बैठक हुई। क्षेत्र में हो रहे घरेलू वायु प्रदूषण एवम इससे महिलाओं के स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव से लोगों को अवगत कराया गया। होप संस्था के द्वारा लोहरदगा जिला के 4 प्रखंड लोहरदगा, किस्को, सेन्हा एवम भंडरा के 11 पंचायत में किया जा रहा है । बताया गया कि लोहरदगा जिला चारों ओर से जंगलों से घिरा हुआ है और बहुत सारे घरों में अभी भी स्वच्छ ईंधन का प्रयोग नहीं किया जाता है। अभी भी जलावन हेतू बहुत सारे घरों में लकड़ियों का उपयोग किया जा रहा है। जिससे धुवाँ घरों में ही अधिकतर समय तक भरा रह जाता है जिससे उस घर मे रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य में बुरा प्रभाव डाल रहा है। वर्तमान समय में प्रदूषण चाहे वह वायू प्रदूषण हो या ध्वनि प्रदूषण या मानसिक प्रदूषण या अन्य कोई भी तरह के प्रदूषण हो यह सबसे पहले महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल रहा है। वायु प्रदूषण से माताओं के आंख में जलन, सास लेने में परेशानी , बच्चों के विकास में धीमी गति , अस्थमा, कैंसर जैसे रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। होप संस्था के द्वारा विभिन्न पंचायतों में 5000 नीम के पौधों का भी वितरण किया गया । संचालन उषा उरांव के द्वारा किया गया । संस्था की मैनेजिंग ट्रस्टी मनोरमा एक्का, आंगनवाड़ी सेविका प्यारी कुजूर, प्राथमिक विद्यालय खखपरता के प्रधानाध्यापक राम उरांव , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से अलमा तिर्की व बिरसमनी उरांव ने वायु प्रदूषण से बचाव का संदेश दिया।

# सेवा कार्य ही स्काउट की पहचान : डीएसई दास सुनंदा

## सात दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण समारोह का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भारत स्काउट और गाइड जीवन में आपसी बंधुत्व की बनाए रखने का संदेश देता है। उपर्युक्त बातें उसुर्लाइन बालिका उच्च विद्यालय में भारत स्काउट और गाइड के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण समारोह का शुभारंभ झंडोतोलन के साथ करते हुए मुख्य अतिथि डी एस ई दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर ने कही। डीएसई दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर ने स्काउट गाइड के बच्चों से मुखातिब होते हुए कहा कि संस्था बच्चो के उज्जवल भविष्य के साथ, जीवन में चुनौतियों से संघर्ष करने की दिशा में कार्य करता है। भारत स्काउट गाइड बच्चों में अनुशासन के साथ साहसी बनने की सीख देता है। उसूर्लाइन बालिका उच्च विद्यालय की प्रिंसिपल सिस्टर आश्रिता कंडूलना ने संस्था द्वारा विभिन्न अवसरों पर किए गए कार्यक्रम सराहनीय बताया और कहा कि सच्चे मन से बच्चे आगे बढ़ें। लक्ष्य की प्राप्ति करें।भारत स्काउट और गाइड के जिला सचिव शैलेंद्र कुमार सुमन ने प्रशिक्षण शिविर में सीखी बातों को आत्मसात करने पर बल दिया । जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन ने हमेशा कार्य के प्रति सचेत और समर्पण का संदेश के अलावे प्रशिक्षणार्थियो की तकनीकी जानकारी के टिप्स दिया । इसके पूर्व ट्रेनर संध्या सिंह की अगुवाई में सबों का स्वागत किया गया।



# सेन्हा में अज्ञात चोरों ने की बिजली तार की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

बिजली तार चोरी के मामले में बिजली विभाग द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में अज्ञात चोरों के विरुद्ध सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया.विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के झखरा जितिया टोली ग्राम में बिजली विभाग द्वारा लगाया गया एलटी केबल तार की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा किए जाने की सूचना पर सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल लोहरदगा के लिखित शिकायत पर जांचोपरांत अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा प्राप्त बिजली चोरी मामला का आवेदन को संज्ञान में लेते हुए कांड संख्या 76/24 दर्ज कर पुलिस द्वारा कारवाई आरम्भ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 50 एम एम का दो सौ मीटर बिजली तार चोरी हुआ है.जिसका मूल्य लगभग एक लाख पचास हजार बताया जा रहा है.बिजली तार चोरी से विभाग को आर्थिक क्षति होने की बात कही गई. फिलहाल चोरी मामला को लेकर पुलिस द्वारा जांचपड़ताल आरम्भ कर दी गई है।

# बजरंग दल अमलाटोली ने धूमधाम से मनाया गणेशोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

बजरंग दल अमला टोली गणेश पूजा समिति के द्वारा भव्य गणेश पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के युवामोर्चा प्रदेश महामंत्री अजातशत्रु एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू थे।जिसमें संध्या के आरती के समय हजारों की संख्या में सनातन धर्म के युवा संध्या आरती में शामिल हुए। महिलाएं भी बच्चों भी इस महा आरती में शामिल होकर गणपति बप्पा मोरया का जयकारा से पूरा शहर झूम उठा और महा आरती में भाग लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। बजरंग दल बड़ा तालाब गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष राज साहू ने कहा कि हर साल की भांति इस साल भी गणेश पूजा बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अजातशत्रु ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम में शामिल होना बहुत ही सौभाग्य की बात है। मैं यहां आकर अपने आप को सौभाग्य मान रहा हूं। शहर के बीचो-बीच वाल्मीकि नगर में भी गणेश पूजा बड़ी ही धूमधाम से किया गया। जिसमे योगी सेना अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर, रीता पांडे भी मौजूद थे।भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि अब पूरे शहर में गणेश पूजा बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा है जिसमें पुलिस प्रशासन की सतर्कता से पूजा हर जगह अच्छे से संपन्न हो रहा है।



### विधायक भूषण तिर्की ने सरना-सनातन धर्म का किया अपमान : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

झारखंड मुक्ति मोर्चा गुमला विधायक भूषण तिर्की द्वारा डुमरी में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में भाजपा के चुन्दी वाले लोग का पेट में दर्द हो रहा है,बोलकर पूरे सरना-सनातन धर्म का अपमान किया है,जहां करोड़ों वर्ष के सनातन धर्म में कोई भी कर्मकांड, पूजा-यज्ञोपवीत संस्कार में चोटी-शिखा रखने का आदिकाल से ऋषियों ने परम्परा बनाई है,राज्य में पहान-पुजार, महतो सभी सनातन धर्म के लोग चुन्दी रखते हैं।

# प्रखंड सिसई में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर आज जनसभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। सिसई**

जिला गुमला अंतर्गत,प्रखण्ड सिसई में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर,प्रखण्ड बचाव संघर्ष समिति के तत्त्वाधान में मंगलवार को जनसभा का आयोजन किया गया है। मुख्यतः प्रखण्ड सिसई में प्रत्येक सरकारी कार्यों में हर जगह गड़बड़ी हो रही है।सभी सरकारी कार्यों में जमकर भ्रस्टाचार चल रही है।प्रखण्ड सिसई में सभी ग्रामीण जनता काफी त्रस्त हैं। दूर दराज क्षेत्रों से महिलाएं, पुरुष,बुजुर्ग ब्लॉक कोई कार्य के लिए आते हैं। लेकिन काम नहीं होता है।

लौट कर वापिस चले जाते हैं। ब्लॉक का चक्कर काट-काट कर,ग्रामीणों बुजुगों का जूता-चपल घीस जा रहा है। फिर भी जल्दी कार्य नहीं होती है। विद्यार्थियों का जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में अँचल में रुपए ली जाती है।भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र में लिया जा रहा है।एवं दाखिल खारिज में जमकर राशि ली जाती है। साथ ही अँचल अधिकारी द्वारा,मेन रोड स्थित यूकेलिप्टस पेड़ को गलत तरीके नीलामी कर दी गई है।



# छह पंचायतों एवं नगर परिषद में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**एजेंसी। लोहरदगा**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को कार्यक्रम का नौवां दिन रहा जिसमे कुल 6 पंचायतों एवं नगर परिषद क्षेत्र में नगर परिषद कार्यालय में शिविर आयोजित हुए। मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार के निदेश पर सरकार की योजनाओं का लाभ इन शिविरों में दिया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से मुख्य प्रक्षेत्र के अंतर्गत जिन योजनाओं के आवेदन प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जा रहे हैं उनमें झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र शामिल हैं। शिविर में जाति प्रमाण-पत्र, साइकिल क्रय हेतु राशि का चेक, धोती/साड़ी/लुंगी, राजस्व अभिलेखों में संशोधन से संबंधित प्रमाण-पत्र वितरण किये जा रहे हैं।




**अब तक 20590 आवेदन प्राप्त**

अब तक लोहरदगा जिला के सभी 7 प्रखण्डों और नगर परिषद क्षेत्र में शिविर आयोजित किये गए जिसमें कुल मिलाकर 20590 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 3180 आवेदन त्वरित निष्पादित कर दिए गए।

# जीवन अनमोल

**विश्व** आत्महत्या रोकथाम दिवस प्रत्येक वर्ष 10 सितंबर को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 2003 में हुई थी। यह दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को आत्महत्या के बढ़ते आंकड़ों के प्रति जागरूक करना है। इसका उद्देश्य है कि लोगों को जागरूक करते हुए आत्महत्या की रोकथाम को सार्थक प्रयास करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2024 के लिए थीम रखी है - चेंजिंग द नरेटिव ऑन सुसाइड। वर्ष 2024 के विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की प्राथमिकताओं में एक समेकित रणनीति विकसित करना शामिल है, जिससे कि आत्महत्या की रोकथाम हो सके। दुनिया में प्रति वर्ष लगभग आठ लाख लोग आत्महत्या करते हैं, जिसमें करीब 1.35 लाख लोग भारतीय होते हैं। इसलिए आत्महत्या रोकने के प्रति भारत में अधिक जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का आयोजन अंतरराष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम संघ (आईएएसपी), विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ (डब्ल्यूएफएमएच) मिल कर करता है। पुरुषों में आत्महत्या की दर महिलाओं से तीन गुना अधिक है। वहीं, आत्महत्या के प्रयास की दर महिलाओं में पुरुषों से करीब ढाई गुणा है। भारत में पुरुषों की आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में दोगुनी है। हालांकि, हाल के वर्षों में आत्महत्या में लिंग का अंतर कम हो रहा है। आइए, हम अपने परिवार, मित्रों, स्वास्थ्यकर्मियों, धार्मिक लोगों, धर्मगुरुओं, समाजसेवियों तथा राजनीतिक नेताओं के साथ मिलकर आत्महत्या रोकने के लिए सक्रिय हो जाएं, क्योंकि हर जीवन अद्वितीय और अमूल्य है। अगर हम अपने बच्चों को भावनात्मक रूप से मजबूत करेंगे, तो भविष्य में आत्महत्या की दर स्वत: न्यूनतम स्तर पर चली जाएगी।




## भारत में किसे आत्महत्या कहते हैं

*भारत में मौत यदि तीन मानदंडों को पूरा करती है, तो इसे आत्महत्या के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।*

1. अप्राकृतिक मृत्यु।
2. व्यक्ति के अंदर मरने का इरादा उत्पन्न हुआ हो।
3. कोई एक कारण हो, जिस कारण व्यक्ति ने जीवन समाप्त किया है। **यह कारण सुसाइड नोट में मिलता है।**

आत्म शक्ति
जीवन शक्ति

## आत्महत्या की रोकथाम के लिए सरकारी एवं सामाजिक स्तर पर आवश्यक रणनीति बने

*आत्महत्या की रोकथाम के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। इसमें केंद्र एवं राज्य सरकार तथा सामाज के स्तर पर रणनीति बनाने की जरूरत है। ये कुछ रणनीतियां काम कर सकती हैं।*

- मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम को व्यापक रूप से लागू किया जाए।
- मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक आमलोगों की पहुंच बढ़ाई जाए।
- आत्महत्या रोकने के लिए सहायता प्रणालियों की सुदृढ़ नेटवर्क बनाया जाए।
- संकट हस्तक्षेप प्रणाली मजबूत किया जाए, जिससे कि तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।
- आत्महत्या की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए।

## परिवार को देना होगा ध्यान, समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण

# बढ़ेगी भावनात्मक बुद्धिमता, तो घटेगी आत्महत्या

त्रिभुवन कुमार सिन्हा

**आत्महत्या** में केवल एक व्यक्ति की ही मौत नहीं होती है, बल्कि उस परिवार की भी होती है, जो सारी उम्र आंसुओं के साथ उसके यादों को अपने सीने से लगाए रखेगा। उस समाज की भी मौत होती है, जिसका वह हिस्सा था, क्योंकि उसकी मौत से वह समाज उसके महत्वपूर्ण सहयोग से वंचित रह गया। यही बात देश पर भी लागू होती है। अगर आत्महत्या करने वाला व्यक्ति किशोर या युवा है, तो पूरे मानव समाज को हानि पहुंचती है। पूरा मानव समाज उसके ज्ञान और कौशल से वंचित हो जाता है। पूरे मानव समाज की प्रगति बाधित हो जाती है। सॉरी पापा या सॉरी मां लिख देना आसान होता है, लेकिन अपनी कहानी का नायक या नायिका वही है, जो जिंदगी की समस्याओं का हल निकालता है। हां, जिंदगी की समस्याओं का हल निकालना बहुत आसान नहीं है, लेकिन यह उतना मुश्किल भी नहीं है, जितना आत्मघाती कदम उठाने वाला व्यक्ति सोचता है। आइए, हम आज इसी पर विचार करते हैं।

आत्महत्या करना इतना आसान नहीं है। क्योंकि, जो व्यक्ति आत्महत्या करता है, वह जानता-समझता है कि ऐसा करने के बाद वह उस परिवार, समाज और दुनिया को हमेशा के लिए खो देगा, जिसका वह हिस्सा है। वह फिर कभी वापस नहीं आ सकेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि इसके बाद भी वह आत्महत्या करता है। यह प्रश्न हमेशा उठता है कि एक व्यक्ति आत्महत्या क्यों करता है, इसके पीछे के कारण क्या हैं। आमलोगों से लेकर विशेषज्ञों और मनोवैज्ञानिकों ने आत्महत्या करने के पीछे के कारण बताए हैं और इसकी व्याख्या की है। वहीं, मनोवैज्ञानिकों द्वारा बताए कारणों पर हम नजर डालें, तो कुछ ऐसी बातें भी नजर आती हैं, जिस पर ध्यान दिया जाए तो आत्महत्या दर को काफी कम किया जा सकता है। इससे न केवल आत्महत्या की दर कम होगी, बल्कि परिवार, समाज और देश भी आंतरिक रूप से मजबूत होगा। साथ ही, प्रगति की रफ्तार भी तूफानी होगी। प्रगति के लिए व्यक्ति, परिवार, समाज, देश या पूरे मानव समाज के अंदर प्रतियोगिता, प्रतिद्वंद्विता या प्रतिस्पर्धा होना आवश्यक है। पर, यह स्वस्थ होना चाहिए, घातक नहीं। प्रतियोगिता, प्रतिद्वंद्विता या प्रतिस्पर्धा में आगे रहने के लिए बुद्धि (इंटैलिजेंस) और उस क्षेत्र का ज्ञान होना आवश्यक है, जिस क्षेत्र में यह प्रतिस्पर्धा यह हो रही है। लेकिन, प्रतियोगिता या प्रतिस्पर्धा को स्वस्थ बनाए रखने के लिए भावनात्मक बुद्धिमता (इमोशनल इंटैलिजेंस) की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भावनात्मक बुद्धिमता (ईआई) ही वह चमत्कारी चीज है, जिससे न केवल प्रतिस्पर्धा स्वस्थ रहती है, बल्कि सफलता की रफ्तार भी अविश्वसनीय रूपसे तेज होती है। और, भावनात्मक बुद्धिमता ही वह कारक है, जिससे आत्महत्या करने की दर काफी नीचे आ सकती है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस वातावरण में बच्चा बड़ा होता है या कोई व्यक्ति रहता है, बुद्धि उससे तो बढ़ती ही है, लेकिन यह आनुवंशकीय रूप से भी प्राप्त होती है। जबकि, भावनात्मक बुद्धिमता मुख्य रूप से वातावरण से ही बढ़ती है। इसमें सबसे बड़ा योगदान परिवार और समाज का होता है।

यहां पर आधुनिक युग के दो तकनीकी शब्दों को जान लेना बेहतर है, पहला बुद्धि लब्धि (इंटैलिजेंस कोशेंट) और दूसरा भावनात्मक लब्धि (इमोशनल कोशेंट)। मनोविज्ञानियों के अनुसार, जिनकी बुद्धि लब्धि (आईक्यू) जितनी ज्यादा होगी, वह उतना ही बुद्धिमान होगा। यह देखा भी गया है, जैसे वैज्ञानिकों, सफल मैनेजरों का आईक्यू औसत से ज्यादा पाया गया है। लेकिन, केवल आईक्यू ज्यादा होना सफलता की गारंटी नहीं है। अध्ययन में पाया गया है कि कई ऐसे लोग थे, जिनका आईक्यू औसत से ज्यादा था, लेकिन वे आम जिंदगी या अपने कार्य में सफल नहीं हुए। यहीं पर भावनात्मक लब्धि (ईक्यू) की बात आ जाती है। अध्ययन में पाया गया कि आईक्यू के साथ जिनका ईक्यू भी ज्यादा था, वे अपने काम में अधिक सफल हुए। जिनका आईक्यू औसत था, लेकिन ईक्यू ज्यादा था, वे भी अपनी जिंदगी में सफल हुए। अब प्रश्न उठता है कि वे अधिक सफल क्यों हुए, जिनका आईक्यू और ईक्यू दोनों ज्यादा था। वास्तव में आईक्यू व्यक्ति की बुद्धि के बारे में बताता है, जबकि ईक्यू उसकी भावनात्मक बुद्धिमता से परिस्थिति के प्रबंधन करने की क्षमता के बारे में। जिनकी भावनात्मक लब्धि (ईक्यू) औसत या औसत से ज्यादा होती है, वे अपनी और सामने वाले की भावनाओं को समझते हुए परिस्थिति का प्रबंधन बेहतर ढंग से करते हैं और प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकल जाते हैं।

औसत भावनात्मक लब्धि वाले की भी बेहतर परिस्थिति प्रबंधन करने की क्षमता ही वह कारक है, जिससे सफलता प्राप्त करने में आईक्यू पर ईक्यू भारी पड़ जाता है। अध्ययन में यह बात सामने आई है कि औसत या औसत से ज्यादा ईक्यू वाले लोग अपने काम और वातावरण से संतुष्ट रहते हुए आगे बढ़ते जाते हैं। वे अपनी व्यक्तिगत समस्याओं का भी बेहतर प्रबंधन कर लेते हैं। इससे उनमें अनावश्यक तनाव कम होता है और इस कारण उनमें आत्महत्या की प्रवृत्ति नहीं के बराबर होती है। सबसे बड़ी बात यह है कि अध्ययन के अनुसार, औसत ईक्यू वाले व्यक्तियों में भी आत्महत्या की दर काफी कम होती है। ऐसा इसलिए होता है कि औसत से उच्च ईक्यू वाले व्यक्तियों में आवेग कम होता है। वे अपने कार्यों में जल्दबाजी नहीं करते। वे कुछ करने से पहले सोचते हैं। और, यही उन्हें आत्महत्या से बचाता है। भावनात्मक बुद्धिमता का वातावरण से विकसित होना और इसमें परिवार एवं समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होना ही वह कुंजी है, जिससे आत्महत्या की दर को काफी नीचे लाया जा सकता है। माता-पिता और परिवार ध्यान दें कि बच्चों का भावनात्मक विकास सही हो। अगर बच्चों में भावनात्मक विकास सही ढंग से होगा, तो उनमें आवेग कम होगा। उनकी सोच तर्कसंगत होगी। वे भावनात्मक रूप से मजबूत होंगे। और, भावनात्मक रूप से मजबूत व्यक्ति आत्महत्या नहीं करता है।

## इस तरह बढ़ा सकते हैं भावनात्मक बुद्धि

भावनात्मक बुद्धिमता जीवन में सफल होने के लिए इसलिए जरूरी है कि इससे व्यक्ति अपनी भावनाओं का प्रबंधन बेहतर ढंग से कर पाता है। इससे वह स्वयं और समाज के लिए उचित निर्णय ले पाता है। जब व्यक्ति अपनी भावनाओं का प्रबंधन बेहतर करेगा, तो निश्चित ही वह आत्महत्या करने जैसा कदम नहीं उठाएगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि भावनात्मक बुद्धि का विकास वातावरण से होता है, यानी यह वातावरण से चेतन या अवचेतन रूप से सीखा जाता है। ऐसे करें भावनात्मक बुद्धि का विकास।

1. विचारों को प्रभावी रूप से व्यक्त करें। इससे स्वयं और दूसरों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है।
2. बदलती परिस्थितियों के अनुसार ढलने में स्वयं का सक्षम बनाएं। इससे कठिन परिस्थितियों से निपटने में मदद मिलती है।
3. जिम्मदारी लेना सीखें। इससे स्वयं द्वारा किए हुए कार्य को स्वीकार करने का साहस बढ़ता है, जो कि सफलता की आवश्यक शर्त है। गलतियों को बेहतर ढंग से स्वीकार करने से आत्मविश्वास बढ़ता है।
4. आत्म जागरुकता विकसित करें। इससे स्वयं की कमजोरियों और ताकत को जानने का मौका मिलता है। यही वह कारक है, जो सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है और भावनाओं पर नियंत्रण प्रदान करता है।
5. दूसरों के प्रति सहानुभूति विकसित करें। इससे दूसरों के भावनाओं को समझने और उसके प्रबंधन में सहायता मिलती है। साथ रहने वाले लोगों से प्रभावी ढंग से संवाद हो पाता है। यह व्यक्ति को भावनात्मक रूप से मजबूत करता है।

## यह व्यवहार हो सकती है चेतावनी


- परिवार और मित्रों से दूर अकेला रहना पसंद करने लगना।
- ज्यादातर समय उदास रहना।
- अपने आप में डूबे रहना।
- नशे की लत लगना। अगर शराब या कोई और नशे की लत है, तो उसकी मात्रा बढ़ा देना।
- हमेशा आत्मगलानि की बातें कहना।
- आत्महत्या के बारे में बात करना।
- मरने या मरने के बाद के जीवन की बातें बार-बार कहना।
- अपना सामाना बेचना और अंतिम व्यवस्था करना।
- अत्यधिक अपराधबोध या शर्म महसूस करना।
- स्वयं का बार-बार खतरे की स्थिति में डालना।

## परिवार या मित्र सक्रिय हो जाएं

- व्यवहार में परिवर्तन को पहचानें और सकारात्मक सक्रिय भूमिका निभाएं।
- व्यक्ति को समझाएं कि उसका जीवन परिवार और बच्चों के लिए बहुत जरूरी है।
- रोगी को समझाएं कि आप उसके लिए हर वक्त उपलब्ध हैं।
- समझाएं कि परेशान होने की कोई बात नहीं, कुछ दिनों में सब ठीक हो जाएगा।
- अगर समस्या बड़ी है, तो दूसरों लोगों की मदद लें। मनोचिकित्सक के पास जाएं।

## बच्चे के लिए वास्तव में रोल मॉडल बनें, भावनात्मक शक्ति दें

बच्चे व्यावहारिक चीजें अपने माता-पिता या कोई भी व्यक्ति, जो उम्र में बड़ा हो, उसे देखकर सीखते हैं। इसे देखकर सीखना या अनुकरणीय अधिगम (रोल मॉडल लर्निंग) कहा जाता है। यहां यह जान लें कि सीखना दो तरह से हो पाता है- 1. कंडीशनिंग लर्निंग और 2. कॉग्निटिव लर्निंग। रोल मॉडल लर्निंग कॉग्निटिव लर्निंग का हिस्सा है। कॉग्निटिव लर्निंग दो तरह से होती है- कांशस लर्निंग और सबकांशस लर्निंग। शैक्षणिक ज्ञान प्राप्त करना, गाड़ी चलाना सीखना आदि कांशस लर्निंग है। वहीं, रोल मॉडल लर्निंग सबकांशस लर्निंग हैं। सबकांशस लर्निंग में सीखने की प्रक्रिया सबकांशस रूप से होती है, व्यक्ति को पता भी नहीं चलता है कि वह कुछ सीख रहा है। सामान्य रूप से देखा गया है कि अगर माता-पिता या किसी भी अभिभावक का विल पावर मजबूत है, तो बच्चे भी भावनात्मक रूप से मजबूत होते हैं। नशे की लत भी बच्चा रोल मॉडलिंग से सीखता है। अगर रोल मॉडल (माता-पिता या अभिभावक) नशा करता है, तो बच्चा भी छिपाकर या खुलआम नशा करेगा। अगर रोल मॉडल भावनात्मक रूप से मजबूत है, तो बच्चा भी भावनात्मक रूप से मजबूत होगा। उसमें बेहतर भावनात्मक बुद्धि होगी और वह परिस्थितियों का प्रबंधन करना जानेगा। वह कभी भी आत्महत्या नहीं करेगा।



## भारत में आत्महत्या के कारण

अवसाद, निराशा, भावनात्मक आघात, शैक्षणिक दबाव, बेरोजगारी, आपाधापी भरी जीवन शैली, सोशल मीडिया का प्रभाव, मोबाइल गेम्स

### इन पर अमल करने से होगा फायदा

- एक व्यक्तिगत डायरी बनाएं, जिसमें तनाव या दबाव की बातें लिखें।
- अपनी सोच को समाधान केंद्रित रखें।
- तनाव या दबाव की स्थिति में अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिताएं।

राज्यों से

## केंद्रीय गृह मंत्री ने किया लालबाग के राजा भगवान गणेश के किए दर्शन

एजेंसी

**मुंबई।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को मुंबई के मशहूर लालबाग के राजा भगवान गणेश का दर्शन लाभ लिया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भगवान गणेश चरणों पर हल्दी, कुंकू और पुष्प भी अर्पित किये। इसके बाद अमित शाह ने बप्पा के चरणों में सिर रखकर आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे सहित कई नेता उपस्थित थे।



## कुमार विश्वास को मिली जान से मारने की धमकी

**गाजियाबाद** । कवि और राम कथा वाचक डॉ. कुमार विश्वास को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। किसी कॉलर ने डॉ. विश्वास को शनिवार को उस समय धमकी दी जब वह सिंगापुर में श्रीराम कथा कर रहे थे। इस सम्बंध में उनके मैनेजर प्रवीण पांडेय ने पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कॉलर के नंबर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई।

## राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास आईसीयू में भर्ती

**लखनऊ** । श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास (86) को लखनऊ के मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। अस्पताल ने सोमवार को एक मेडिकल बुलेटिन जारी कर बताया कि उनकी हालत गंभीर है और डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है। इससे पहले महंत नृत्य गोपाल दास का मूत्र संबंधी समस्याओं के चलते ग्वालियर में इलाज कराया गया था। आध्यात्मिक नेता कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में भाग लेने के लिए 24 अगस्त को मथुरा गए थे। इसके बाद वे श्रद्धालुओं से मिलने ग्वालियर गए, जहां उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत बिगड़ने के कारण उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## मलबे से सुनाई दे रही थीं चीखें, बचाई जानें

एजेंसी

लखनऊ में इमरात गिरने से हुए हादसा के बाद भगदड़ मच गई। धुआं, धुंध कम हुआ तो खौफनाक मंजर दिखा। मलबे में दबे लोगों की चीखें सुनाई दे रही थीं। तभी आसपास मौजूद कई लोग वहां पहुंचे। पुलिस के पहुंचने से पहले ही पांच-छह लोगों को बाहर निकाल उनकी जान बचाई। जान बचाने वाले ये शख्स किसी मसीहा से कम नहीं थे। इसमें कई लोग शामिल थे। हालांकि, रविवार को घटनास्थल पर दो लोग मिले, जिन्होंने हादसे के बारे में बताने के साथ लोगों को बचाने की कहानी बयां की।संतकबीरनगर के रहने वाले कलाम पास के एक गोदाम में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त वह करीब एक किमी की दूरी पर किसी काम से गए थे। इसी बीच उनके स्टाफ ने फोन कर उन्हें सूचना दी तो वह तुरंत मौके पर पहुंचे। अपने एक दो साथियों के साथ मिलकर बिल्डिंग में शुरुआती एरिया में जो लोग फंसे थे, उनको निकालने का प्रयास करने लगे।



## आरजीकर: न्याय की मांग को लेकर पूरी दुनिया में व्यापक विरोध प्रदर्शन

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल की प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के मामले में कोलकाता और बंगाल के विभिन्न हिस्सों के साथ ही पूरी दुनिया में एक और व्यापक विरोध प्रदर्शन देखा गया। पिछले महीने नौ अगस्त को इस घटना के बाद से न्याय की मांग को लेकर लोगों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। रविवार सुबह से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन सारा दिन चला और सारी रात भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर रहे। कोलकाता के साथ-साथ जिले के कई हिस्सों में दोपहर से ही न्याय की मांग को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए। जगह-जगह रैली, धरना प्रदर्शन, काले गुब्बारे उड़ाने से लेकर गीत-संगीत तक विभिन्न रूपों में लोग अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे। कोलकाता के यदवपुर, श्यामबाजार, सिटी से लेकर साल्ट लेक तक लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और न्याय की मांग की। कोलकाता के हेदुआ से कॉलेज स्ट्रीट तक रिक्शा चालकों ने मूक मैनिफेस्टो के साथ मार्च किया। कुम्हारटोली में मिट्टी के कलाकारों ने भी अपनी व्यस्तताओं के बीच विरोध में भाग लिया।





### आरजीकर घोटाला की रकम बांग्लादेश के रियल एस्टेट और सोने के कारोबार में निवेश की गई



कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों को इस घोटाले से अर्जित काले धन के एक हिस्से को हवाला के जरिये पड़ोसी देश बांग्लादेश के रियल एस्टेट व्यवसाय में अवैध रूप से निवेश किए जाने के सुराग मिले हैं। सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान जब्त किए गए विभिन्न दस्तावेजों से जांच अधिकारियों को दो बांग्लादेशी व्यापारियों के नाम मिले हैं, जो रियल एस्टेट के कारोबार में रुचि रखते हैं और हाल के दिनों में अक्सर कोलकाता आ रहे थे। इन व्यापारियों की मुलाकात आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से होती रही है। ईडी के अलावा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी भी आरजी कर में वित्तीय अनियमितताओं के मामले की समानांतर जांच कर रहे हैं।

### गोयल ने कई बार की इस्तीफे की पेशकश



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बलात्कार और हत्या मामले को लेकर उपजे विवाद के बाद कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत कुमार गोयल ने कई बार इस्तीफा देने की पेशकश की जिसे उन्होंने स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

हिमंता पहुंचे रांची, भाजपा नेताओं ने किया स्वागत, कहा

# कांग्रेस के 14 और झामुमो के तीन विधायक मेरे संपर्क में

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा सोमवार को रांची पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश सहित कई भाजपा के नेताओं ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया।

एयरपोर्ट से बाहर आते ही हिमंता बिस्वा सरमा से संवाददाताओं ने पूछा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कह रहे हैं कि विपक्ष उन्हें फांसी पर लटकाना चाहता है। इसपर जवाब देते हुए हिमंता ने कहा कि हेमंत सोरेन दीघार्यु हों क्योंकि देश को उनकी जरूरत है।

भाजपा क्यों उन्हें फांसी पर लटकाना चाहेगी। भाजपा तो सिर्फ हेमंत सोरेन से घुसपैठ रोकने के लिए कह रही है। साथ ही उत्पाद सिपाही में दौड़ने के दौरान जिन युवाओं की मौत हुई है, उनके परिजनों को एक नौकरी और 50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग कर रही है लेकिन हेमंत सोरेन ये नहीं करके कह रहे हैं कोरोना वैक्सीन से इनकी मौत हुई है तो स्टोरॉइड लेने से मौत हुई है। हिमंता ने कहा कि बांग्लादेशी का मुद्दा इसलिए वे हमेशा उठा रहे हैं। क्योंकि, जब वह पाकुड़ गए तब उन्हें पता चला कि पहले वहां हिन्दू विधायक होते थे लेकिन अब मुस्लिम विधायक बनते हैं। उन्होंने पाकुड़ के डीसी से पूछा है कि वह बताएं कि कैसे डेमोग्राफी बदल गई। उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मेरे संपर्क में झारखंड कांग्रेस के हमेशा 12 से 14 विधायक रहते हैं। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के भी 2-3 विधायक संपर्क में हैं।

## उत्पाद सिपाही दौड़ में मृतक युवाओं के परिजनों से मिले हिमंता




**रांची।** भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता विस्व सरमा दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। प्रदेश कर्यालय में अनौपचारिक भेंट मुलाकात के बाद वे सीधे ओरमांझी के जिराबर गांव पहुंचे। साथ ने प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह सहित रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। मीडिया से बात करते हुए श्री विश्व शरमा ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार सरकार है। अबतक किसी परिजन से सरकार के प्रतिनिधि मिलने तक नहीं पहुंचे। कहा कि भाजपा राज्य के 16 नौजवानों के मौत से दुखी है। पार्टी इस दुखद क्षण में परिजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से अबतक न कोई मुवाबज राशि की घोषणा की गई नौकरी की।

## हाईकोर्ट ने पूछा, कब तक भरा जाएगा जेपीएससी अध्यक्ष का पद

**रांची।** सिविल जज जूनियर डिवीजन से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस एके राय की खंडपीठ ने जेपीएससी के अध्यक्ष नहीं होने पर नाराजगी जताई है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने सोमवार को राज्य सरकार से पूछा है कि जेपीएससी में कब तक अध्यक्ष या प्रभारी अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जाएगी? कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है। दरअसल, प्रार्थी श्वेता त्रिपाठी की ओर से सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस के एग्जाम को जल्द कराने को लेकर याचिका दाखिल की गई थी। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि मेंस का एग्जाम अबतक तक क्यों नहीं हुआ है। इस पर जेपीएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अध्यक्ष का पद रिक्त है। इसलिए सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस की परीक्षा की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है। कोर्ट को यह बताया गया कि जेपीएससी के नये अध्यक्ष के रूप में फिलहाल किसी की नियुक्ति नहीं हुई है। ना ही किसी को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। 21 अगस्त को जेपीएससी अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा पद से रिटायर हो गईं।

## युवाओं के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा : युवा आजसू

### झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में शामिल युवाओं का युवा आजसू ने जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में शामिल हुए राज्य के हजारों शिक्षित बेरोजगार युवाओं ने सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। सरकार की वादाखिलाफी से युवा ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। सरकार के असफल कार्यकाल से युवाओं में निराशा है। प्रभात तारा मैदान में हुए ऐतिहासिक आयोजन में शामिल हुए सभी युवाओं के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं। उक्त बातें युवा आजसू के प्रदेश संयोजक अमित कुमार व गौतम कुमार सिंह ने हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में



आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। अमित कुमार ने कहा कि झारखंड के युवाओं ने नवनिर्माण संकल्प सभा में भारी उत्साह के साथ भाग लेकर इसे ऐतिहासिक सफलता दिलाई। लाखों की उपस्थिति ने इस सभा को राज्य में बेरोजगारी के खिलाफ एक सशक्त आंदोलन बना दिया। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि इस सभा में 3 लाख से अधिक युवाओं ने अपना बायोडाटा सौंपा, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि झारखंड के युवा अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संगठित होकर लड़ने के लिए तैयार हैं। इस अभियान ने बेरोजगारी और युवाओं के मुद्दों को राष्ट्रीय चर्चा का विषय बना दिया है। झारखंड में 2.87 लाख से अधिक सरकारी पद खाली होने और बेरोजगारी दर में देशभर में तीसरे स्थान पर होने से राज्य की वर्तमान स्थिति गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है।

## यौन उत्पीड़न मामले में झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई 30 सितंबर को

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के सलाहकार सुनील कुमार तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न से संबंधित एवं गवाहों को धमकाने को लेकर दो अलग-अलग मामले में दायर क्वैशिंग याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को हुई। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार को जवाब के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। सरकार की ओर से चार सप्ताह का समय कोर्ट से मांगी गयी थी। कोर्ट ने दोनों मामले की सुनवाई 30 सितंबर निर्धारित की है। हाई कोर्ट ने सुनील कुमार तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न और जाति सूचक शब्द इस्तेमाल करने मामले में पूर्व में निचली अदालत में चार्ज फ्रेम पर रोक जारी रखा है। वहीं, पीड़िता के जरिये सुनील तिवारी पर गवाहों को धमकाने के आरोप को लेकर अरगोड़ा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई भी हुई। हाई कोर्ट ने गवाहों को धमकाने के मामले में सुनील तिवारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखा है। सुनील तिवारी के खिलाफ अगस्त 2021 में रेप एवं जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल को लेकर खूंटी की एक लड़की ने अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि इस मामले में शिकायतकर्ता ने रांची की अदालत में केस वापसी के लिए याचिका दाखिल की है।

## नए सिरे से खुला इराकिया गर्ल्स स्कूल, सांसद ने किया उद्घाटन

**रांची।** जमीयतुल इराकीन की ओर से नए सिरे से कलालटोली में स्कूल खोला गया है। इराकिया गर्ल्स स्कूल के पुराने भवन का उद्घाटन रविवार को राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने किया। यह भवन 30 साल से बंद था। जमीयतुल इराकीन ने जीर्णोद्धार कराया। मौके पर सांसद से लड़कियों के लिए 50 बेड के छात्रावास, स्कूल में बेंच-टेबल समेत अन्य जरूरत मुहैया कराने की मांग की गई।

## गठबंधन में लड़ेंगे विधानसभा चुनाव, चल रही बात : संजय झा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पुराना विधानसभा स्थित विधायक क्लब परिसर में हुई। बैठक में शामिल होने जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा सोमवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, प्रदेश प्रभारी डॉ अशोक चौधरी, सह प्रभारी मनोज यादव, जदयू नेता मधुकर सिंह, सागर कुमार एवं सुशील सिंह सहित हजारों कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

संजय झा बतौर मुख्य अतिथि कार्यसमिति की बैठक में शामिल



हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने की। संचालन महासचिव श्रवण कुमार ने किया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि जदयू गठबंधन में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। इस निमित बातचीत जारी है। नीतीश कुमार चाहते हैं पार्टी झारखंड में पुनः खड़ी हो। बिहार के बाद पार्टी की सबसे अधिक संभावना झारखंड में है। जदयू का झारखंड में बड़ा आधार था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में नीतीश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को निर्देश दिया कि एक महीना के अंदर विभिन्न विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन करें। जनता से जो रिपोर्ट मिल रहा है उसके अनुसार राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी।

## बेटे की हत्या के मामले में दोषी पिता को आजीवन कारावास की सजा और जुर्माना

**रांची।** बेटे को गुस्से में आकर लाइसेंसी रायफल से गोली मारकर हत्या करने के मामले में दोषी पिता राकेश राउत को अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह ने सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुमार्ना राशि नहीं देने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अदालत ने तीन सितम्बर को राकेश राउत को दोषी करार दिया था। घटना को अंजाम 8 अक्तूबर, 2018 को गोंदा थाना क्षेत्र के टिकली टोला में दिया गया था। मामले में एपीपी सिद्धार्थ सिंह ने अदालत के समक्ष ठोस गवाही प्रस्तुत की है। उन्होंने बताया कि राकेश राउत सीआरपीएफ में हवलदार के पद से 2005 में सेवानिवृत्त हुआ था।

सुप्रियो भट्टाचार्य का आजसू पर तंज, कहा

## पांच सीटों पर आगामी चुनाव लड़ने वाली पार्टी, नई सरकार का खाका खींच रही है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने आज आजसू का नाम लिये बिना कहा कि पिछले चुनाव में एक पार्टी मात्र दो सीटों पर सिमटकर रह गयी थी। क्योंकि ये पार्टी जिस बैसाखी के सहारे चुनाव में उतरी थी, उसने इनके साथ गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। कहा कि इस पार्टी ने कल 8 सितंबर को युवा वर्ग को मूल मुद्दे से हटाने के लिए युवाओं का जुटान किया। कहा कि इस सभा में जो बातें हुई, उसे उन्होंने यानी सुप्रियो ने ध्यान से सुना। इसमें देश की विकास दर की बात की



गयी। कहा गया कि विकास दर रोजगार से जुड़ा है। जेएमएम नेता ने कहा, इसी तरह की बातें की गयी, जिनका आज की स्थिति से कोई मतलब नहीं है। सुप्रियो ने कहा कि गांव की पार्टी कही जाने वाली ये पार्टी यानी आजसू बीजेपी से सीटें मांग रही हैं। उन्होंने कहा कि ये बातें उनको बीजेपी के ही एक नेता ने बताईं। कहा कि इनके जो चुनाव प्रभारी हैं, असम के मुख्यमंत्री, वे आजकल असम में कम और झारखंड में अधिक रहते हैं।

उन्होंने कहा कि वे आजसू के साथ चुनाव लड़ेंगे, तो जो 4 या पांच सीट पर चुनाव लड़ेगा, वो पार्टी आगामी राज्य सरकार का खाका तैयार कर रही है। कहा इस पार्टी की हकीकत भी लोग जान चुके हैं। इसलिए 15 सितंबर को पीएम मोदी आ रहे हैं।

## पृष्ठ एक का शेष

**चार कंटेनरों में 149 भैंस...**

तरह-तरह की बात कर गुमराह किया जाता रहा। पुलिस चारों वाहनों को जब्त कर थाने में ले गई। वहां कागजी प्रक्रिया पूरा करते हुए वाहन चालकों सहित तस्करों को पुलिस न्यायिक हिरासत में भेजा दिया। सभी भैंसों को सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। इन भैंसों में एक मृत पाया गया, जिसे पोस्टमार्टम कराते हुए दफना दिया गया। नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि लगातार अभियान चलाकर अवैध रूप से लेजाए जा रहे पशु तस्करों को पकड़ा जा रहा है। आगे भी यह क्रम बना रहेगा।

**टांगी से वार कर पत्नी की ...**

होकर साजिश की तहत टांगी गले पर वार कर हत्या कर दी। घटना में ऐसा प्रतीत होता है कि मृतका के गाल तथा गर्दन पर कई बार हमला किया गया है। सोमवाार की सुबह 7 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पूर्व में भी महिला को जान से मारने की धमकी दे चुके थे। मृतका के परिजनों को आशंका है कि यह घटना रात 12:30 से 5 बजे के बीच हुई होगी।

**दुष्कर्म कर बीटेक छात्रा को...**

वह कॉलेज से लौटी थी। राहुल ने उसका दिनभर पीछा किया था। छात्रा को इसका अहसास भी नहीं था। 16 दिसंबर की सुबह करीब 4 बजे राहुल उसके घर में घुस आया। राहुल ने उसके साथ दुष्कर्म किया जब छात्रा अचेत हो गई तो आयरन के तार से गला घोंट दिया था। उसके कपड़े उतारे और बगल वाले कमरे में फेंक कर आग लगा दी थी। हत्या करने के बाद बगल के कमरे से मोटर में डालने के लिए रखा मोबिल उसके शरीर पर डाल दिया और आग लगा दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह दरवाजा बंद कर भाग निकला।

## रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक यात्रा पर संजय सेठ ऑस्ट्रेलिया रवाना



- वॉर मेमोरियल में शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि, डिफेंस एक्सपो में लेंगे भाग
- भारतीय रक्षा उद्योग के विकास, विज्ञान और तकनीकी के विकास पर होगी चर्चा
- भारत ऑस्ट्रेलिया संसदीय मैत्रीय की बैठक में भी भाग लेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया रवाना हुए। रक्षा राज्य मंत्री चार दिनों तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अपने दौरे में श्री सेठ मेलबर्न शहर जायेंगे, जहां युद्ध स्मारक में बलिदान हुए लोगों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों के साथ रक्षा राज्य मंत्री का संवाद कार्यक्रम भी होगा।

वहीं रक्षा राज्य मंत्री मेलबर्न शहर में ही आयोजित डिफेंस एक्सपो में भाग लेंगे और भारतीय रक्षा उद्योग के पवेलियन का भ्रमण भी करेंगे। इस दौरान रक्षा विज्ञान और तकनीकी से जुड़े एक कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

इसी दिन संजय सेठ कैनबरा शहर के दौरे पर होंगे, जहां वे भारतीय उच्चायुक्त के साथ मुलाकात करेंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे में श्री सेठ वहां के संसद भवन का भी अवलोकन करेंगे और सहायक मंत्रियों के साथ उनकी महत्वपूर्ण बैठक होगी। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग के साथ ही विभिन्न विभागों के मंत्रियों के साथ भी उनकी एक बैठक तय की गई है। इसके अलावे भारत ऑस्ट्रेलिया संसदीय समिति की एक बैठक में भी हिस्सा लेंगे।

इस यात्रा में रक्षा राज्य मंत्री दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर विचार विमर्श भी करेंगे। श्री सेठ ने कहा कि उनका यह आधिकारिक दौरा है, जहां रक्षा उद्योग सहित कई विषयों पर बातचीत होगी। रक्षा क्षेत्र में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में हो रहे कार्यों को अब दुनिया देख रही है। दुनिया को भारत से बड़ी उम्मीदें हैं। श्री सेठ ने उम्मीद जताई है कि उनका यह दौरा दोनों देशों के लिए कई मायने में लाभदायक होगा।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना– N.I.T. No.-13/2024-25

पत्रांक:– 628 दिनांक :– 09.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 18.09.2024 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 19.09.2024 के अपराहृन 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 19.09.2024 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग । |
| 6. | निविदा प्राप्तिका स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| कम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Watch Tower in Court Campus at Chatra. | 10,25,550.00 | 20600.00 | 2500.00 | 03 Months |

PR 335207 Building (24-25)_D कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, चतरा

## जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय लातेहार
### (सामान्य शाखा)

विज्ञापन संख्या–01 / 2024

आवश्यक सूचना

एतद द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01 / 2024 के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–03.09.2024 को आहूत चौकीदारी नियुक्ति जिला चयन समिति की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार लिखित परीक्षा हेतु दिनांक–19.09.2024 को पूर्वा0 10:00 बजे से 11:30 बजे तक तिथि एवं समय का निर्धारण किया गया है। साथ ही लिखित परीक्षा में 1:3 के अनुपात में सफल अभ्यर्थियों का दिनांक– 28.09.2024 को पुलिस लाईन लातेहार में शारीरिक जांच हेतु तिथि एवं स्थान का निर्धारण किया गया है। प्रवेश पत्र निर्गत किये जाने एवं वितरण किये जाने वाले स्थान की सूचना अलग से दी जायगी।

PR.NO.335107 District(24-25):D उपायुक्त लातेहार।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं०–02,गढ़वा

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/12/2024-25, दिनांक–09.09.2024

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लम्बाई (मी0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के काण्डी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–चटनिया में पण्डी नदी पर पुल निर्माण। | 1,57,79,700.00 | 3,15,600.00 | 10000.00 | 15 माह | 23 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–11.09.2024 से दिनांक–20.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–22.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा।

PR.NO.335195 Rural Development(24-25):D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार

जन शिकायत सामाधान

कार्यक्रम

| क्र0सं0 | स्थान | दिनांक | समय | अनुमण्डल | थाना क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | लातेहार थाना परिसर | 10.09.2024 | 11.00 बजे पूर्वाह्न | लातेहार पुलिस अनुमण्डल | लातेहार, चंदवा |
| 02 | बालूमाथ थाना परिसर | | | बालूमाथ पुलिस अनुमण्डल | बालूमाथ, हेरहंज एवं बारियातु |
| 03 | बरवाडीह थाना परिसर | | | बरवाडीह पुलिस अनुमण्डल | बरवाडीह, मनिका एवं छिपादोहर |
| 04 | महुआडांड थाना परिसर | | | महुआडांड पुलिस अनुमण्डल | महुआडांड, नेतरहाट, गारू एवं बारेसांढ |

पुलिस अधीक्षक, लातेहार

PR 335184 (Police)24-25*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना

अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 18/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 09.09.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/49/2024-25 | एन0एच0–75 से खजुरी तक पथ निर्माण कार्य। (10.525 कि0मी0) | 1221.665 | बारह करोड़ इक्कीस लाख छियासठ हजार पाँच सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 2 | मेराल | RWD/GARHWA/50/2024-25 | अधौरी मोड़ आर0ई0ओ0 रोड से गरनाहा महाड़ भाया गड़ही टोला तक पथ निर्माण कार्य। (1.500 कि0मी0) | 123.022 | एक करोड़ तेईस लाख दो हजार दो सौ रूपये। | 09 (नौ) महीना |
| 3 | रंका | RWD/GARHWA/51/2024-25 | मोमीनपुर–नरसिंह ठाकुर के घर से यसीन के घर होते हुए गोरखुटिया नाला तक पथ निर्माण कार्य। (2.800 कि0मी0) | 305.162 | तीन करोड़ पाँच लाख सोलह हजार दो सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 13.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 21.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 335159 Rural Work Department (24-25)_D

